सेंसेक्स	73,502.64
निफ्टी	22,332.65
सोना	60,750
चांदी	75,600
डॉलर	82.76

बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
मंगलवार 12 मार्च 2024
फाल्गुन शुक्ल 02 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 171
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

खास खबर

सेवानिवृत न्यायाधीश खानविलकर बने लोकपाल अध्यक्ष

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को राष्ट्रपति भवन में लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खानविलकर (66) ने 13 मई, 2016 से 29 जुलाई, 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में सेवा दी।

राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने समारोह के दौरान खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खानविलकर को पिछले माह लोकपाल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। 27 मई, 2022 को पिनाकी चंद्र घोष की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद रिक्त था।

गुरमीत राम रहीम को बड़ी राहत

फरीदकोट। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट से डेरा सच्चा सौदा प्रमुख बाबा गुरमीत सिंह राम रहीम को बड़ी राहत मिली है। यह राहत 2015 में फरीदकोट जिले में घटित हुए बेअदबी मामले में आरोपी ठहराए गए। गुरमीत सिंह के खिलाफ अदालत में चल रही प्रिसिडिंग पर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाने के रूप में मिली है। बाबा गुरमीत सिंह द्वारा बेअदबी मामले में दर्ज तीनों मामलों की जांच पंजाब सरकार की एसआईटी की जगह सीबीआई से ही जांच करवाए जाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी, हाईकोर्ट द्वारा विगत दिनों सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था।

भोपाल में बनेगा 'वंदे भारत एक्सप्रेस' का मैंटेनेंस हब

भोपाल। बीते कुछ साल में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन ने भारतीय रेलवे के क्षेत्र में एक नया इतिहास दर्ज कराया है। ऐसे में अब राजधानी भोपाल में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के मैंटेनेंस के लिए बैरागढ़ में एक बड़ा मैंटेनेंस कोचिंग कंपलेक्स तैयार किया जाएगा। इस मैंटेनेंस कोचिंग परिसर में एक साथ 10 ट्रेनों का मैंटेनेंस का काम किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मार्च को दिल्ली से इस मैंटेनेंस कोचिंग परिसर का चर्चुअल भूमि पूजन और शिलान्यास करेंगे। भोपाल डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने इस प्रोजेक्ट की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की है। केंद्र से मंजूरी के बाद परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम 12 मार्च को किया जाएगा।

पीएम की अगुवाई वाली कमेटी करेगी चुनाव आयुक्त के नामों की सिफारिश

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद दो नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की चर्चा जोरों पर है। सूत्रों के अनुसार 15 मार्च को दो नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होगी। दरअसल चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए सबसे पहले केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में सर्च कमेटी पहले 5-5 नामों के दो पैनल तैयार करेगी। उसके बाद प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली समिति सर्च कमेटी की तरफ से सुझाए गए नामों पर चर्चा कर चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति को सिफारिश करेगी। बता दें कि पीएम की अगुवाई वाली कमिटी में केंद्रीय मंत्री के साथ ही लोकसभा में विपक्ष के सबसे बड़े नेता शामिल होते हैं। उसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु चुनाव आयोग की नियुक्ति पर मोहर लगाएगी।

देश में लागू हुआ नागरिकता संशोधन कानून

केंद्र सरकार ने जारी किया सीएए की अधिसूचना... शरणार्थियों को मिल सकेगी नागरिकता...देशभर में बढ़ाई गई सुरक्षा

नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही देशभर में सीएए लागू हो गया है। इसके तहत शरणार्थियों को देश की नागरिकता मिल सकेगी। इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से यह निर्णय लेकर बड़ा फैसला किया है। इधर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को उनके कानूनों से वंचित किया जाता है, तो विरोध करते हैं। वहीं केरल सरकार ने राज्य में सीएए लागू करने से मना कर दिया है। उधर, केंद्र द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

सीएए के ऑनलाइन पोर्टल को रजिस्ट्रेशन के लिए तैयार कर लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसका ड्राइ रन भी कर लिया है। सूत्रों ने कहा कि सीएए इन पड़ोसी देशों के उन शरणार्थियों की मदद करेगा जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं। मंत्रालय को लंबी अवधि के वीजा के लिए सबसे ज्यादा आवेदन पाकिस्तान से मिले हैं। गृह मंत्री अमित शाह दो महीने में दो बार कह चुके थे कि सीएए लोकसभा चुनाव से पहले लागू किया जाएगा। यह देश का कानून है। इसे कोई रोक नहीं सकता। संसद ने सीएए पर 11 दिसंबर 2019 को मुहर लगाई थी। हालांकि, सरकार इस कानून को लागू करने के लिए नियम-कायदे बनाने की समय सीमा 8 बार बढ़ा चुकी है।

संसद से पास होने के 51 महीने बाद लागू हुआ सीएए

9 दिसंबर 2019	11 दिसंबर 2019	12 दिसंबर 2019	11 मार्च 2024
नागरिकता संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित।	नागरिकता संशोधन विधेयक राज्यसभा से पारित।	राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद विधेयक कानून बना।	नागरिकता संशोधन कानून के नियम अधिसूचित हुए।

किन लोगों को मिलेगी नागरिकता

नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास है। पड़ोसी देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदू, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध और ईसाई समुदायों से आने वाले प्रवासियों को भारतीय नागरिकता देने के लिए 1955 के नागरिकता अधिनियम में संशोधन किया गया है। ऐसे प्रवासी नागरिक, जो अपने देशों में धार्मिक उत्पीड़न से तंग आकर 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर शरण ले चुके हैं। इस कानून के तहत उन लोगों को अवैध प्रवासी माना गया है, जो भारत में वैध यात्रा दस्तावेज (पासपोर्ट और वीजा) के बगैर घुस आए हैं या फिर वैध दस्तावेज के साथ तो भारत में आए हैं, लेकिन तय अवधि से ज्यादा समय तक यहां रुक गए हैं।

नागरिकता के लिए करना होगा ये काम

सरकार ने पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन बनाया है। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया गया है। आवेदक अपने मोबाइल फोन से भी एप्लाई कर सकता है। आवेदकों को वह साल बताना होगा, जब उन्होंने दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। नागरिकता से जुड़े जितने भी ऐसे मामले पेंडिंग हैं वे सब ऑनलाइन कन्वर्ट किए जाएंगे। पात्र विस्थापितों को सिर्फ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उसके बाद गृह मंत्रालय जांच करेगा और नागरिकता जारी कर देगा।

अखिलेश यादव ने कही ये बात

वहीं, अखिलेश यादव ने भी केंद्र की मोदी सरकार पर सीएए के साथ ही बेरोजगारी को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जब देश के नागरिक रोजी-रोटी के लिए बाहर जाने पर मजबूर हैं तो दूसरों के लिए 'नागरिकता कानून' लाने से क्या होगा? जनता अब भटकावे की राजनीति का भाजपाई खेल समझ चुकी है। भाजपा सरकार ये बताए कि उनके 10 सालों के राज में लाखों नागरिक देश की नागरिकता छोड़ कर क्यों चले गये। आगे अखिलेश यादव ने चुनावी बांड को लेकर भी केंद्र पर तंज कसा। उन्होंने लिखा कि चाहे कुछ हो जाए कल 'इलेक्टोरल बांड' का हिसाब तो देना ही पड़ेगा और फिर 'केयर फंड' का भी।

शाह ने किया ये पोस्ट

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीएए को लेकर ट्वीट किया। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया। ये नियम अब पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को हमारे देश में नागरिकता प्राप्त करने में सक्षम बनाएंगे। इस अधिसूचना के साथ पीएम मोदी ने एक और प्रतिबद्धता पूरी की है और उन देशों में रहने वाले हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों के लिए हमारे संविधान निर्माताओं के वादे को साकार किया है।

ममता ने किया सीएए का विरोध

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि पहले मुझे नियमों को देखने दीजिए। इसमें लोगों को नियमों के तहत उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है, तो हम इसके खिलाफ लड़ेंगे। यह चुनाव के लिए बीजेपी का प्रचार है, यह और कुछ नहीं है।

ध्रुवीकरण की कोशिश- कांग्रेस

वहीं, कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले इसके माध्यम से देश में खासकर पश्चिम बंगाल व असम में ध्रुवीकरण का प्रयास किया गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनावी बॉण्ड पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद सरकार ने हेडलाइन मैनेज करने की कोशिश भी की है।

सुप्रीम कोर्ट ने नहीं मानी एसबीआई की दलील...

एसबीआई 24 घंटें में दे जानकारी, 15 तक चुनाव आयोग सार्वजनिक करे

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड मामले पर सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई को राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एसबीआई मंगलवार तक ही जानकारी दे और 15 मार्च तक चुनाव आयोग उस जानकारी को सार्वजनिक करे। एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने के समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी। एसबीआई की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे पेश हुए। साल्वे ने कोर्ट को बताया कि सर्वोच्च अदालत के आदेश के बाद एसबीआई ने नए इलेक्टोरल बॉन्ड्स जारी करने पर रोक लगा दी है, लेकिन समस्या ये है कि जो इलेक्टोरल बॉन्ड जारी हुए हैं उस पूरी प्रक्रिया को पलटना होगा और इसमें समय लगेगा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई की दलील मानने से इनकार कर दिया और कल तक ही जानकारी देने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आप (एसबीआई) कह रहे हैं कि दानदाताओं और राजनीतिक पार्टियों की जानकारी सील कवर के साथ एसबीआई की मुंबई स्थित मुख्य शाखा में है। मैचिंग प्रक्रिया में समय लगेगा, लेकिन हमने आपको मैचिंग करने के लिए कहा ही नहीं था और हमने सिर्फ स्पष्ट डिस्कलोजर मांगा था। मामले पर सुनवाई कर रही संविधान पीठ के सदस्य जस्टिस खन्ना ने एसबीआई के वकील हरीश साल्वे से कहा कि आपने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी

जानकारी एक सील कवर लिफाफे में रखी गई है तो ऐसे में आपको सिर्फ सील कवर खोलकर जानकारी देनी है। सीजेआई ने एसबीआई को फटकार लगाते हुए कहा कि हमने 15 फरवरी को आदेश दिया था और आज 11 मार्च है। ऐसे में बीते 26 दिनों में आपने क्या किया? यह बताया जाना चाहिए कि यह काम हुआ है और अब हमें और समय चाहिए...हम एसबीआई से स्पष्टवादिता की उम्मीद करते हैं। इस पर एसबीआई के वकील हरीश साल्वे ने कहा कि अगर आप मैचिंग नहीं चाहते हैं तो हम तीन हफ्ते में पूरी जानकारी दे सकते हैं। हालांकि कोर्ट ने एसबीआई की दलील मानने से इनकार कर दिया और एसबीआई को कल यानी कि 12 मार्च तक जानकारी देने का आदेश दिया। साथ ही चुनाव आयोग से 15 मार्च तक इस जानकारी को सार्वजनिक करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई की याचिका खारिज कर दी। साथ ही कहा कि आदेश के पालन के लिए एसबीआई चेयरमैन और एमडी हलफनामा दायर करें।

13 मार्च को केंद्रीय कैबिनेट की अंतिम बैठक, 14 से लग सकती है चुनाव आचार संहिता

नई दिल्ली। अठारहवीं लोकसभा के आम चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा 14 मार्च को हो सकती है। पिछली बार 30 मई, 2019 को नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, तब चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च, 2019 को हुई थी। 14 अप्रैल से 19 मई के बीच 7 चरणों में मतदान हुआ था। 23 मई को वोटों की गिनती की गई थी। जबकि 2014 में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 7 अप्रैल से 12 मई के बीच कुल 7 चरणों में हुआ था। 26 मई, 2014 को उन्होंने देश के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

मतदान की तारीखें 15 अप्रैल से 25 मई के बीच संभावित हैं। सूत्रों के मुताबिक 13 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदा कैबिनेट की अंतिम बैठक होगी। बैठक के बाद कई अहम घोषणाएं हो सकती हैं। इसके पहले 12 मार्च को प्रधानमंत्री का बिहार में एक साथ 3 वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम है। इसी दिन पीएम मोदी को राजस्थान के जैसलमेर में जनसभा को संबोधित करना है।

गुजरात में 1200 करोड़ रुपए से राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित गांधी आश्रम स्मारक और परिसर विकास परियोजना की आधारशिला भी प्रधानमंत्री द्वारा रखी जानी है। वह 12 मार्च को ही ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर (ई.डी.एफ.सी.) का वर्चुअल उद्घाटन होना है। पहले इसका उद्घाटन 2 मार्च को होना था मगर किसी कारण से यह टल गया। 11 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन कर एक बड़ा तोहफा देने वाले है। सूत्रों के मुताबिक 12-13 मार्च को चुनाव आयोग का जम्मू-कश्मीर दौरा भी हो जाएगा।

पाकिस्तान की नई शाहबाज सरकार पर लगा मेड इन चाइना का ठप्पा

नई दिल्ली। पाकिस्तान के चुनाव में चालबाजी होने की खबरें हैं। धांधली की खबरों से पूरी दुनिया में पाकिस्तान की किरकिरी हुई है। पाकिस्तान में सरकार बनाने की पैंतरेबाज़ी से अब चीन को भी चक्कर आ रहे हैं। लेकिन आखिरकार चीन इस मेड इन चाइना का ठप्पा सरकार में लगाने में कामयाब हुआ है। इसके पहले खबरें आ रही थी कि भारत विरोधी मुहिम चलाने के लिए चीन को पाकिस्तान जैसे चेहरे की जरूरत पड़ती रहती है। इस कड़ी में मिस्टर 10 प्रतिशत आसिफ अली जरदारी भी अब राष्ट्रपति बन गए हैं। वे चीन के पुराने चाटुकार रहे हैं और इससे पहले पाकिस्तान के नए पीएम शाहबाज शरीफ ने फिर तिकड़मबाजी से गद्दी हासिल कर ली है। वहीं पाकिस्तान के पिद्दू जनरल आसिम मुनीर भी पहले से ही चीन के मोहरे बन हुए हैं। पाकिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव में जरदारी की जीत के बाद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बाछें खिल गई।

पीएम मोदी ने दी 10 हजार करोड़ की सौगात, कहा पूर्व की सरकारों में महिलाओं को उनके नसीब पर छोड़ दिया गया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सशक्त नारी विकसित भारत कार्यक्रम में शिरकत की। यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित हो रहा है। पीएम मोदी ने सशक्त नारी विकसित भारत कार्यक्रम के तहत नमो दीदियों को 1000 ड्रोन्स आवंटित किए। देशभर के 10 विभिन्न स्थानों से नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम में कृषि ड्रोन के संचालन के बारे में भी सिखाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने उन लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया, जिन्होंने दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से सफलता प्राप्त की है और वे अन्य स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों के उत्थान के लिए मददगार बन रही हैं तथा उन्हें प्रेरित कर रही हैं।

सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान

पीएम मोदी ने कहा कि नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को एक हजार ड्रोन आवंटित किए गए हैं। देश में 1 करोड़ से ज्यादा बहनें पिछले दिनों अलग अलग योजनाओं और प्रयासों के कारण लखपति दीदी बन चुकी हैं। ये आंकड़ा छोटा नहीं है। मैंने अब इस आंकड़े को तीन करोड़ के पार ले जाने का फैसला किया है। इसी उद्देश्य से आज 10 हजार करोड़ रुपये की राशि इन दीदियों के खाते में ट्रांसफर की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी देश, समाज नारीशक्ति की गरिमा बढ़ाकर और उन्हें नए अवसर देकर ही आगे बढ़ सकता है,लेकिन पहले की सरकारों की प्राथमिकता में महिलाएं नहीं रहीं और उन्हें उनके नसीब पर छोड़ दिया गया।

सांसद प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ मालेगांव ब्लास्ट में वारंट जारी

भोपाल। भोपाल से सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की मुश्किलें बढ़ते जा रही है। उनके खिलाफ मालेगांव ब्लास्ट मामले में स्पेशल कोर्ट ने 10 हजार रुपए का जमानती वारंट जारी किया है। दरअसल मालगांव ब्लास्ट मामले में सांसद को संबंधित सवालों का जवाब देने पेश होना था, लेकिन वह नहीं पहुंची। जिसके बाद कोर्ट ने सांसद के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया। सांसद प्रज्ञा सिंह के वकील ने उनको राहत देने के लिए कोर्ट में एक आवेदन दायर किया था, जिसमें उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं होने का जिक्र किया था। साथ ही चिकित्सा प्रमाण पत्र की कॉपी भी संलग्न की। लेकिन कोर्ट ने संलग्न चिकित्सा प्रमाण पत्र को ना मंजूर कर दिया। जानकारी के अनुसार वह मूल प्रमाण पत्र ना होकर उसकी फोटो कॉपी थी। इसके बाद कोर्ट ने सांसद के खिलाफ 10 हजार रुपए जमानती वारंट जारी कर उनको कोर्ट में पेश होकर जवाब देने को कहा है।

अयोग्य ठहराने के फैसले पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

हिमाचल के 6 बागी विधायकों ने लगाई है याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 'अयोग्य ठहराने के फैसले के खिलाफ दायर 6 बागी कांग्रेस विधायकों की याचिका पर सुनवाई करेगा है। इन विधायकों ने हिमाचल में हाल के राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग कर भाजपा के उम्मीदवार को वोट दिया था। हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पार्टी व्हिप की 'अवहेलना करने के लिए कांग्रेस की याचिका पर छह विधायकों को अयोग्य घोषित किया था। कांग्रेस पार्टी व्हिप के मुताबिक उन्हें सदन में उपस्थित रहने और बजट के लिए मतदान करने की आवश्यकता थी।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ विधानसभा अध्यक्ष के 29 फरवरी के फैसले के खिलाफ याचिका पर 12 मार्च को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपनी याचिका में बागी विधायकों ने पठानिया के साथ राज्य के संसदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान को पक्षकार बनाया है। कांग्रेसी के बागी विधायकों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था, इसके बाद में बजट पर मतदान के दौरान भी अनुपस्थित रहे थे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंघवी क्रॉस वोटिंग के कारण राज्यसभा चुनाव हार गए थे। अयोग्य ठहराए गए विधायकों में राजिंदर राणा, सुधीर शर्मा, इंदर दत्त लखनपाल, देविंदर कुमार भुट्टू, रवि ठाकुर और चेतन्य शर्मा शामिल हैं। इन विधायकों की अयोग्यता के बाद सदन की प्रभावी सदस्य संख्या 68 से घटकर 62 हो गई है, जबकि कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

सुप्रीम कोर्ट से ममता सरकार से पूछा....शाहजहां को गिरफ्तार क्यों नहीं किया

नई दिल्ली। संदेशखाली मामला में पश्चिम बंगाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को बड़ा झटका लगा है। शीर्ष कोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश में दखल देने से इंकार किया। बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई कर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 7 फरवरी को एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश में पुलिस और राज्य सरकार के खिलाफ टिप्पणियों को हटा दिया है।

ममता सरकार की ओर से पेश वकील ने कहा कि जांच पर स्टे लगा हुआ था, जैसे ही हमें कोर्ट से स्पष्टीकरण मिली और तथ्य साफ हुए, आरोपी को एक दिन में गिरफ्तार किया गया। ये कहना गलत होगा कि पुलिस ठीक से जांच नहीं कर रही थी। वहीं ममता सरकार ने आरोप लगाया कि मीडिया के दबाव में हाईकोर्ट ने फैसला लिया तथ्यों की जांच नहीं की। वहीं, प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने शुरू से ही जांच सही से नहीं की। आरोपी 29 फरवरी को गिरफ्तार हुआ तबसे जांच में तेजी आई है।

भाजपा के बागी सांसद राहुल कस्वां कांग्रेस में शामिल

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के सांसद राहुल कस्वां सोमवार कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के दिग्गज नेताओं से कस्वां की बात हो चुकी है। कांग्रेस नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ब्रेक देकर महाराष्ट्र से दिल्ली पहुंच गए हैं। सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होनी है। भाजपा नेता कस्वां चूरू से लोकसभा सांसद है। 2014 और 2019 में लगातार कस्वां ने जीत दर्ज की। लेकिन इस बार भाजपा ने कस्वां का टिकट काट कर पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझड़िया को प्रत्याशी बना दिया है। टिकट कटने से राहुल कस्वां खासे नाराज हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़ास निकालकर अपनी ही पार्टी के नेताओं पर सवाल उठाए थे। उन्होंने लिखा था कि आखिर उनका दोष क्या है।

दो दिन पहले कस्वां ने चूरू जिले के

सादुलपुर में बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान हजारों समर्थकों की भीड़ एकत्रित हुई थी। इस शक्ति प्रदर्शन में राहुल कस्वां ने बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा।

पवित्र माह रमजान का पहला रोजा आज

चाँद की तस्दीक कर माहे रमजान का किया गया एलान, 1 माह बाद मनाई जाएगी ईद

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। इस्लाम धर्म के लोगों पर 5 फर्जों की अदायगी अनिवार्य की गई है.इसमें रमजान के रोजे रखना भी एक अहम फर्ज है.अपनी इसी फर्ज की अदायगी के लिए प्रतिवर्ष मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के महीने में पूरे 1 माह तक रोजा रख एक अल्लाह की विशेष इबादतें किया करते हैं तमाम महीनों में अफजल,अजीम नेमतों व बरकतों वाले इस माहे रमजान की आमद का एलान सोमवार शाम को चाँद की तस्दीक के साथ किया गया .जिसके बाद से मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में रौनक छा गई. जहा लोग एक दूसरे को रमजान की मुबारकबाद पेश करते हुए नजर आए, वही जिले भर के मुस्लिमो ने रमजान मे तरावि की विशेष नमाज अदा की.आज मंगलवार को सूर्योदय के पूर्व अलसुबहा मुस्लिम बंधुओं द्वारा सहरी कर, रमजान का पहला रोजा रखा जाएगा। जहां पूरे दिन भूखे प्यासे रहकर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा एक अल्लह की इबादत की जाएगी। वहीं शाम को रोजा इफ्तार कर पहला रोजा मुकम्मल किया जाएगा। इसी तरह लगातार तीस रोजे मुकम्मल कर एक महा बाद ईद का पर्व मनाया जाएगा।

देर रात तक चलता रहा मुबारकबाद का दौर

सोमवार शाम को चाद के दीदार के साथ ही माहे रमजान की शुरुवात हो गई. जहां माहे रमजान की आमद का ऐलान होते ही सभी तरफ मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया। जहां मुस्लिम बंधुओं ने अपने परिजनों, रिश्तेदारों सामाजिक बंधुओं, दोस्तों से मिलकर उन्हें माहे रमजान की मुबारकबाद पेश की। वहीं मुबारकबाद का यह सिलसिला सोशल मीडिया पर देर रात तक चलता रहा। जहां मुस्लिम बंधुओं ने अपने दूर के रिश्तेदारों दोस्तों को व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ,जी मेल, ई मेल, ट्विटर सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से माहे रमजान आमद की बधाइयां दी। वहीं माहे रमजान से जुड़े फोटो, वीडियो, हदीस सहित रमजान के बारे में अन्य जानकारियां एक दूसरे से शेयर की।

बाजार रहा गुलजार

माहे रमजान की आमद से पूर्व ही मुस्लिम बंधुओं ने माहे रमजान की तैयारी पूरी कर ली थी.वही रमजान की आमद का ऐलान होते ही शेष तैयारियों को लेकर लोग बाजार की तरफ जाते दिखाई दिए। जहां देर रात तक नगर का बाजार गुलजार रहा। जहां से मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा सहरी में लगने वाली आवश्यक सामग्रियों की जमकर खरीदारी की गई ।

शहरी व रोजा इफ्तार पार्टी का होगा आयोजन

माहे रमजान का आगाज होते ही एक बार फिर जिला मुख्यालय सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न मस्जिदों, मदरसों व अन्य इबादतगाहो में सामूहिक सहरी व रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाएगा। जहां इन तमाम जगहों में रोजा इफ्तार पार्टी का रोजेदार लुत्फ उठाते हुए नजर आएंगे।

मस्जिदो मे अदा की गई तरावि की पहली नमाज

चांद के दीदार के बाद मुस्लिम समुदाय के पुरुषों ने जहां ईशा की नमाज अदा कर रमजान शरीफ में पढ़ी जाने वाली विशेष तरावीह की 20 रकात नमाज मस्जिदों में अदा की, तो वही महिलाओं द्वारा घरों में तरावीह की नमाज अदा कर एक अल्लाह की इबादत की . इसके अलावा प्रत्येक घर में सुबह सहेरी के इंतजाम किए गए।

माहे रमजान का ऐलान कर दिया गया है-शेख सुभान मंसूरी

माहे रमजान की आमद को लेकर की गई चर्चा के दौरान अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर शेख सुभान मंसूरी ने बताया कि आज शाम से माहे रमजान की शुरुवात हो चुकी है मगरिब की नमाज के बाद चांद का दीदार कर तमाम मस्जिदों मदरसों व अन्य इबादतगाहो से रमजान की आमद का ऐलान कराया गया है। जहां जिले सहित पूरे मुल्क में मंगलवार को रमजान शरीफ का पहला रोजा रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि एक माह तक तरावीह की नमाज पढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश से हाफीज आ चुके हैं वही अंजुमन इस्लामिया कमेटी की जानिब से आवाम के ताऊन से एक महीने तक पूरे रमजान भर रोजा इफ्तार की व्यवस्था की गई है। हमारी नगर पालिका से अपील है कि वह पानी का इंतजाम और साफ सफाई की व्यवस्था बनाएं।वहीं यातायात प्रशासन से अपील है कि भी यातायात की सुचारू व्यवस्था बनाने में मदद करें उन्होंने आगे बताया कि माहे रमजान में इफ्तार पार्टी सहित पूर्व वर्षों की भाँति होने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जहां एक महा रोजा रख इस माह में विशेष इबादतें की जाएंगी और एक महा बाद ईद का पर्व मनाया जाएगा।

यूरिया के लिए परेशान हो रहे किसान

पॉस मशीन में नहीं दिखा रहा स्टॉक यूरिया के लिए भटक रहा किसान

कटंगी(पदमेश न्यूज)। कटंगी क्षेत्र में इन दिनों रबी की फसल में दूसरी बार सिंचाई की जा रही है. इस दौरान किसानों को यूरिया की आवश्यकता है. लेकिन कटंगी क्षेत्र की अधिकांश सहकारी समितियों में यूरिया की आपूर्ति नहीं हो पा रही है. जिससे किसानों को भटकना पड़ रहा है. वहीं दूसरी ओर बाजार में कई दुकानों पर समय पर आपूर्ति नहीं होने, अधिक दर की शिकायतें कृषि विभाग को पहुंच रही है. बीते चार दिनों से किसान बड़ी संख्या में चिकमारा स्थित म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के गोदाम में यूरिया के लिए पहुंच रहे है लेकिन पॉस मशीन में स्टॉक दर्ज नहीं होने के कारण किसानों को यूरिया नहीं बांटा जा रहा है. सोमवार को भी बड़ी संख्या में किसान गोदाम पहुंचे किंतु कई घंटों तक किसानों को तकनीकी कारणों को हवाला देते हुए परेशान किया जाता रहा. वहीं पूरे मामले में मीडिया के दखल के बाद वैकल्पिक तौर पर किसानों की पावती जमा करवाकर यूरिया वितरण किया गया।

फसल हो रही प्रभावित-

किसानों ने बताया कि रबी की फसल पर अगर सहीं समय पर यूरिया का छिड़काव नहीं किया गया तो उत्पादन प्रभावित होगा और किसानों ने फसल तैयार करने में जो लागत लगाई है. वह लागत भी किसानों को नहीं मिल पाएगी. बीते चार दिनों से किसान यूरिया के लिए चिकमारा के गोदाम पहुंच रहे थे लेकिन कर्मचारी पॉस मशीन में स्टॉक दर्ज नहीं होने का हवाला देते किसानों को उल्टे पांव ही वापस भेज रहे थे. ज्ञात रहे कि पीओएस मशीन कृषि विभाग से उपलब्ध कराई गई है और इसका मकसद खाद बिक्री की जानकारी और खाद की तस्करी पर अंकुश लगाना था लेकिन अब यहीं पॉस मशीन किसानों के लिए मुसीबत बन चुकी है. विभागीय अधिकारी समय पर पॉस मशीन में स्टॉक दर्ज नहीं कर रहे और परेशान किसानों को होना पड़ता है. किसानों के मुताबिक हर साल रोपाई के बाद यूरिया के लिए वह मारा-मारा फिरता है. लेकिन खाद आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती है. मौजूदा समय में सहकारी समितियों व किसान सेवा केंद्रों पर भी किसानों को यूरिया नहीं मिल रही है।

आर्थिक रुप से परेशान हो रहा किसान-

गांव की सहकारी समितियों में यूरिया का स्टॉक नहीं होने के कारण गांव-गांव से किसान 15 से 20 किमी. का सफर करते हुए चिकमारा के गोदाम पहुंच रहे है. मगर, गोदाम पहुंचने पर भी किसानों को यूरिया नहीं मिल रहा है. जिस कारण परेशान होकर किसानों को वापस लौटना पड़ रहा है. इस आने और जाने में किसानों को आर्थिक और मानसिक रुप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. किसानों का कहना है कि एक तरफ तो नेता और अफसर बड़े-बड़े दावे करते है कि यूरिया की कहीं भी कमी नहीं है. मगर, कटंगी क्षेत्र के किसानों को यूरिया के लिए परेशान होना पड़ रहा है. गत दिनों ही रबी की फसल में दूसरी बार सिंचाई शुरू हो चुकी है. लेकिन समय पर और पर्याप्त मात्रा में यूरिया की आपूर्ति नहीं हो पा रही है. जिससे किसानों में रोष है।

खेतों में नहीं पहुंच रहा पानी, विभाग किसानों को भेज रहा वसूली नोटिस

किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कटंगी(पदमेश न्यूज)। शहरी क्षेत्र अर्जुनाला के किसानों ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को एक ज्ञापन सौंपा है. इस ज्ञापन के जरिए किसानों ने नहलेसरा जलाशय के रिकॉर्ड से करीब 400 किसानों के नाम काटने का अनुरोध किया है. दरअसल, मामला नहलेसरा जलाशय की केनाल से किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंचने के बावजूद

भी जल संसाधन विभाग की ओर से वसूली के नोटिस जारी करने से जुड़ा हुआ है. किसानों की माने तो जब से खजरी-खमरिया बाईपास का निर्माण हुआ तभी से मानेगांव की तरफ जाने वाले रास्ते में जिन किसानों के खेत है वहां तक की केनाल बंद हो गई. वहीं कटंगी-तिरोड़ी नई रेलवे लाईन का विस्तार हुआ तो रेलवे ओवर ब्रिज के बगल की कृषि भूमि तक जाने वाली केनाल भी बंद हो गई. जिस कारण नहलेसरा जलाशय का पानी केनाल से खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है. जिसकी सूचना कई बार जल संसाधन विभाग को दी गई लेकिन फिर भी विभाग किसानों को वसूली के नोटिस भेज रहा है जिस कारण किसान मानसिक रूप से परेशान हो रहे है।

जल संसाधन विभाग की लापरवाही-

किसानों की माने तो जब खजरी-खमरिया बाईपास का निर्माण करवाया जा रहा था और निर्माण कार्य से केनाल बंद हो रही थी तब जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई थी और भविष्य में इससे होने वाली परेशानियों से भी अवगत कराया था. किसानों ने कुछ ही शिकायत तब भी की थी जब कटंगी-तिरोड़ी रेल परियोजना के विस्तार के दौरान रेलवे ओवर ब्रिज के पास की केनाल बंद हो रही थी परंतु जल संसाधन विभाग ने किसानों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया. आज करीब 5 से 06 साल से किसानों के खेतों में केनाल के जरिए पानी नहीं पहुंच पा रहा है. किसान अन्य साधनों और बारिश से ही फसल उत्पादन कर रहे है. मगर, विभाग लगातार किसानों को वसूली को नोटिस भेज रहा है. किसानों ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कई बार पत्र लिखकर नाम काटने के लिए कहा गया ताकी उन्हें इस तरह के नोटिस ना मिले किन्तु विभाग किसानों के नाम भी नहीं विलोपित कर रहा है. बता दें कि आसान सा समझ आने वाले यह मामला बेहद गंभीर है. केनाल बंद होने से जहां किसानों के खेतों में पानी नहीं मिल पा रही है. वहीं जल संसाधन विभाग को मिलने वाला राजस्व भी नहीं मिल पा रहा है. किसानों ने साफ कर दिया है कि जब पानी ही नहीं मिल रहा है तो टैक्स किस लिए जमा किया जाए. इधर, जल संसाधन विभाग के एसडीओ मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 146 के अधीन मांग की सूचना के आधार पर किसानों पर राजस्व बकाया होने का नोटिस किसानों को थमाए जा रहे है. जिससे किसान मानसिक रूप से परेशान हो रहे है।

नाम काटने कई बार दी जानकारी-

किसानों ने अपना नाम रिकॉर्ड से विलोपित करने के लिए कई बार जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को अलग-अलग आवेदन किया. विभाग के अधिकारियों ने किसानों के आवेदनों पर आज तक अमल नहीं किया. जिस कारण अब अर्जुनाला के किसानों ने एसडीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपकर सामूहिक रूप से जिन किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है उनके नाम विलोपित करने की मांग की है. ज्ञापन सौंपते वक्त योगराज ठाकरे, अमरसिंह टेम्भरे, धनसिंह ठाकरे, राजेन्द्र टेम्भरे, भोजराज मेश्राम, शंकुतला ठाकरे, तोरनदास गेड़ाम, नरेन्द्र पटले, ओमकार पटले, हेमंचद पटले, चन्दुलाल पटले, सुनील ठाकरे, वीरसिंह ठाकरे, जितेन्द्र गौतम, रोशनलाल गौतम, योगेन्द्र राहंगडाले, पतिराम नागेश्वर, मिश्रीलाल पटले, भोजसिंह ठाकरे, सूर्यकांत जैन सहित अन्य किसान मौजूद रहे.

इनका कहना है-

किसानों ने रिकॉर्ड से नाम विलोपित करने के लिए कई बार अलग-अलग आवेदन किए लेकिन विभाग ने इस आवेदनों पर आज तक विचार नहीं किया. अर्जुनालाके किसानों ने आज एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नाम विलोपित करने की मांग रखी है. पानी नहीं मिल रहा है तो किसान टैक्स जमा कराने का जिम्मेदार नहीं है।

योगराज ठाकरे किसान

किसानों ने आज ज्ञापन सौंपा है जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी. केनाल बंद पड़ी है किसानों से जानकारी मिली है।

मधुवंत राव धुर्वे एसडीएम

लोकसभा चुनाव को लेकर दो अनुविभाग के अफसरों की हुई बैठक

कटंगी(पदमेश न्यूज)। आगामी समय में होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए रविवार को कटंगी के विश्राम गृह में अंतर अनुविभाग

राजस्व और पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई. बैठक में कटंगी एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी माणिक मणि कुमावत, तहसीलदार तिरोड़ी गीता राहंगडाले, कटंगी थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले, तिरोड़ी थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया, वहीं सिवनी जिले के बरघाट एसडीओपी, अरी थाना प्रभारी मौजूद रहे. इन अधिकारियों के बीच चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया. वहीं सूचनाओं के अदान-प्रदान आपसी तालमेल और अपराधियों के धर-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया. चुनाव के मद्देनजर दोनों ही अनुविभाग के सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाएगी. सीमा पर चेक पोस्ट बनाए जाएंगे. वहीं हथियार और शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए खुफिया जानकारी आपस में साझा की गई है. अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए वांछित अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ कटंगी और अरी पुलिस अभियान चलाएगी। अगर अरी का कोई अपराधी कटंगी रह रहा है या कटंगी का अपराधी अरी थाना में छुपा बैठा है तो उसकी गिरफ्तारी के लिए दोनों थानों की पुलिस मिलकर सहयोग करेंगी।

लोधी क्षत्रिय समाज की बैठक 14 को

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 20 मार्च को लोधी क्षत्रिय समाज द्वारा समाज की आराध्य वीरांगना रानी अवंतीबाई का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। जिसको लेकर लोधी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक लिल्हारे के निज-निवास स्थान पर दोपहर 03 बजे से सामाजिक बैठक आहूत की गई है। उक्ताशय की जानकारी कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सुकदेवमुनी कुतराहे ने देते हुए बताया कि बैठक में बलिदान दिवस को मनाए जाने को लेकर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं से बैठक में शामिल होने की अपील युवा अध्यक्ष अमित लिल्हारे, जितेन्द्र मोहारे, यशवंत लिल्हारे, शंकर लिल्हारे, राजेन्द्र बघेले, सहेजलाल उपवंशी सहित अन्य लोगों ने की हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत मोहगांव (बोरी)

जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट

क्रमांक /क्यू दिनांक 10.03.2024

निविदा

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत मोहगांव (बोरी) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा, पंच परमेश्वर, पांचवां, 14 वां व 15 वां वित्त आयोग, स्वकराधान मद, स्वच्छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेंस ग्रांट फंड, गौण खनिज मद, स्टेशनरी क्रय एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए दिनांक 08/03/2024 से 15/03/2024 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत मोहगांव (बोरी) में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, थर्माकॉल, रोलर, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गट्टू (पेपर ब्लॉक), नल जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री, वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री, एसीसी एस्बेस्टस चादर (छत), पी.वी.सी पाइप 10 फीट, एंगल नट बोल्ट सहित, सेंट्रिंग, तार, खीला, आईल, पेंट, दरी, आलमारी, कूलर, लैपटाप, कम्प्युटर सामग्री, टंकी, स्टेशनरी क्रय, नल-जल संधारण की सामग्री, पौधा क्रय, पंडाल व्यवस्था, मिष्ठान, जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

श्रीमती दुर्गा अभिनव सिंहमारे
सरपंच

विनोद पटले
उपसरपंच

कोमल यादव
सचिव

योगेश मेश्राम
सहायक सचिव

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मोहगांव बोरी (लालबर्रा)।

जन जागृति के लिए मानव धर्म का नांदी में आयोजित हुआ विशाल सेवक सम्मेलन

हजारों की संख्या में सेवक और सेविकाओं का उमड़ा जन सैलाब

नांदी(पदमेश न्यूज)। कटंगी तहसील मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर ग्राम नांदी में रविवार को विकासखंड स्तरीय जन जागृति के लिए मानव धर्म का भाव सेवक सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस सेवक सम्मेलन में परमात्मा एक सेवक मंडल से जुड़े हजारों सेवक सेविकाओं ने शिरकत की। सम्मेलन की अध्यक्षता राजू मदनकर अध्यक्ष परम पूज्य परमात्मा एक नागपुर मंडल ने की.वही सम्मेलन का उद्घाटन मोरेश्वर गभने ने किया.चर्चा सत्र में दीनदयाल कोलते और फुलेंद्र बनकर मार्गदर्शक रहे. इस सम्मेलन में सामूहिक हवन कार्य नांदी परिसर के मार्गदर्शक संतोष चौधरी के निवास स्थान पर किया गया उसके बाद मार्गदर्शक के घर से बाबा जुमदेवजी की शोभा यात्रा गांव भ्रमण के लिए बैंड बाजो के साथ निकाली गई. इस शोभायात्रा में बाबा जुमदेवजी के गीतों पर सेवक सेविकाएं झूमते नजर आए. चर्चा सत्र के दौरान बाबा जुमदेव द्वारा दिए गए आदेश अंध श्रद्धा, बुरे विचार,बुरे व्यसन को नाश करने और भगवत प्राप्ति करने के लिए चार तत्व परमात्मा एक, सेवा या जिए भगवत नाम पर, इच्छा अनुसार भोजन और दुखदायी दूर करते हुए उद्धार,3 शब्द सत्य,मर्यादा और प्रेम 5 नियम ध्येय से एक भगवान मानना,सत्य मर्यादा और प्रेम परिवार एवं सेवकों में स्थापित करना, अनेक बुरे व्यसन बंद करना, परिवार और सेवकों में एकता

कायम करना,अपना परिवार मर्यादित रखना बाबा के आदेशों का समय-समय पर पालन करना। नांदी परिसर के मार्गदर्शक संतोष चौधरी ने बताया कि परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के तत्वाधान और सेवकों की ओर से मानव धर्म का भव्य सेवक सम्मेलन का आयोजन नांदी में किया गया। जहां शारीरिक, मानसिक व आर्थिक दुखों से पीड़ित व अज्ञानी मानव का निष्काम भाव से भगवत कृपा का परिचय कराकर उन्हें अंधश्रद्धा बुरे व्यसन एवं सामाजिक बुराईयों से मुक्त कर सुखमय जीवन जीने की प्रेरणा देने वाले मानव धर्म के संस्थापक बाबा जुमदेव के आदेशानुसार जन जागृति के लिए नांदी में सामूहिक जनरल एवं शोभायात्रा व सेवक सम्मेलन हाई स्कूल ग्राउंड नांदी में रविवार को रखा गया था। मार्गदर्शकों ने मार्गदर्शन में बताया की जो व्यक्ति अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित कर दे वही सच्चा सेवक है आज ज्यादातर लोग भौतिक वस्तुओं को पाने के लिए अपना पूरा जीवन व्यतीत कर देते हैं लेकिन जब वह इस दुनिया से विदा होते हैं तो वह अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा पाते उनकी सारी कमाई यही रह जाती है.अगर वह कोई चीज अपने साथ ले जाते हैं तो वह है उनके अच्छे कर्म और लोगों की दुआएं. आयोजक समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के अध्यक्ष राजू मदनकर, कार्यक्रम का उद्घाटक मोरेश्वर गभने, कार्यक्रम के संचालक दीनदयाल कोलते व फुलेंद्र बनकर व वरिष्ठ मार्गदर्शक चितरंजन कावड़े, जियालाल टांडेकर, भुवनलाल कुर्वेती,रमेश भोंडे,राजेंद्र सहारे,लालचंद भोंडे,गजानंद राउत,सुरेंद्र तुमसरे,सवानलाल दशमेर,गोपीचंद डायरे,खुमेश मात्रे,छोटेलाल ठाकरे,गणेशराव बावने और सभी सेवक गण उपस्थित थे। वहीं इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी,शैलेंद्र चौकसे(भू.पु.जनपद अध्यक्ष कटंगी),करण बिसेन,महेश अग्रवाल,भूपेंद्र चौकसे,नेगेंद्र चौहान,मनोज बोपचे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

मार्गदर्शकों की मेहनत का नतीजा है कि परमात्मा एक सेवक मंडल बड़े सेवा स्वरूप के रूप में सामने उभर रहा है-गौरवसिंह पारधी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंहुचे क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी ने अपने उद्बोधन में कहा की मार्गदर्शकों की मेहनत का नतीजा है की परमात्मा एक सेवक मंडल एक बड़े सेवा स्वरूप के रूप में सामने उभर रहा है.वही सभी के सेवको के सहयोग से बुरे व्यसनों,अंधश्रद्धा और सामाजिक बुराइयों से मुक्त कर सुखमय जीवन की प्रेरणा देने वाले इस मानव धर्म को लोगो ने अपनाया है.सेवक मंडल के द्वारा जो सदाचार का मार्ग दिखाया जा रहा है और सभी प्रकार के व्यसनों से हीनता बनाने का मार्ग दिखाया जा रहा है यह बहुत अच्छी बात है। सदाचार के इस आचरण का पालन सभी मनुष्यो को करना चाहिए।

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

सड़क नहीं तो वोट नही!

अब सुषमा लेआउट वार्ड नं 4 निवासियों ने किया चुनाव बहिष्कार का एलान, वार्ड में चुनाव बहिष्कार का लगाया बैनर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एक ओर बालाघाट नगर पालिका को केंद्र से स्टार थ्री का दर्जा मिला हुआ है तो वहीं दूसरी ओर नगर पालिका का नगर के विभिन्न वार्डों पर कोई ध्यान नही है। वही कई वार्डों के हालात बद से ज्यादा बत्तर बने हुए हैं जिन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो नगर को 3 स्टार का दर्जा मिलना तो दूर, नगर तो स्टार रेटिंग की लाइन में खड़े होने लायक तक नहीं है। शायद यही वजह है कि मूलभूत सुविधाओं से वंचित नगर के विभिन्न वार्डों से लगातार चुनाव बहिष्कार की आवाज उठ रही है इसी बीच नगर के। बैहर चौकी, सविधान चौक समीप सुषमा लेआउट वार्ड नं 4 निवासियों ने वार्ड में जगह जगह बैनर लगाकर चुनाव बहिष्कार किए जाने की चेतावनी है जिन्होंने सड़क ,नाली, पानी निकासी और साफ सफाई की मांग अब तक पूरी ना होने पर अपना आक्रोश जताते हुए सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की वही हर चुनाव में सड़क ,नाली, पानी निकासी सहित अन्य सुविधाओ के नाम पर सिर्फ और सिर्फ आश्वासन देने, और चुनाव के बाद आश्वासन पूरा ना करने का आरोप लगाते हुए इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किए जाने तो वही उन्होंने इस बार की होली पर जनप्रतिनिधियों के पुतले जलाने की चेतावनी दी है। इस दौरान श्रीमती अनीता तुरकर ,भारती कनसरे ,ममता पटले, कुसुम राय, इंदु गोयल, पुष्पांजलि मरकाम,शंकर कनसरे, दशरथ हिरवाने, कृष्णा नगपुरे, आयुष बिसेन, ज्योति बिसेन, राज राय, अनीता गराडे, रघुवीर नगपुरे, राकेश परिहार और आकाश नगपुरे सहित अन्य कॉलोनीवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नालियों में बजबजा रही गंदगी, मच्छरो के प्रकोप से वार्डवासी परेशान

नगर के वार्ड नंबर 4 सुषमा लेआउट में जहा अब तक पक्की सड़क व नाली नही बनाई गई है तो वही दूसरी ओर नपा द्वारा अब तक पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके चलते बरसात के पूर्व ही वार्डवासियों को जलजमाव का डर सताने लगा है। बताया जा रहा है कि वार्ड में भीषण गर्मी के दौर में खाली पड़े प्लाटों में भी जगह जगह पानी भरा हुआ है। वही नालियों की साफ सफाई ना होने के चलते जगह जगह गन्दगी का अंबार है ऐसे में यदि बरसात शुरू हो जाए तो वार्ड का आलम क्या होगा, इसी बात की चिंता अब वार्डवासियों को सता रही है। वही महीनों से पानी भरा होने के कारण गंदगी और मच्छर का प्रकोप पूरे वार्ड में है जिस पर नगरपालिका का अब तक कोई ध्यान नहीं है। वही शिकायत करने पर सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा, वही हर चुनाव में जनप्रतिनिधियों ने वार्डवासियों की मांग पूरी करने का भरोसा दिलाया लेकिन चुनाव जीतने के बाद सब अपने वादे भूल गए जिससे नाराज वार्डवासियों ने अब लोकसभा चुनाव में वोट नही डालने का फैसला लिया है।तो वही होली के रूप में जनप्रतिनिधियों के पुतले जलाने की चेतावनी दी है।

कई बार सौंप चुके हैं ज्ञापन,नही हो रही सुनवाई

वार्डवासियों ने बताया कि मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर वार्डवासियों द्वारा अब तक के सभी स्थानीय पार्षदो से लेकर जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के अधिकारियों कर्मचारियों यहां तक कि कलेक्टर तक को ज्ञापन सौंप चुके है लेकिन वार्डवासियों के इस आवेदन निवेदन का जिम्मेदारों पर अब तक कोई असर नहीं पड़ा है जहां जिम्मेदारों ने अब तक वार्ड की समस्या पर ध्यान नहीं दिया है जिसका खामियाजा वार्डवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

समस्त कॉलोनीवासी करेंगे चुनाव का बहिष्कार- अनीता

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान वार्ड नंबर 04 सुषमा ले आउट निवासी श्रीमती अनीता तुरकर ने बताया कि उनके वार्ड में समस्याओं का अंबार है यहां हमेशा पानी भरा रहता है। पक्की सड़क न होने के चलते हमें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में सबसे अधिक परेशानी होती है कॉलोनी के बच्चे घर से बाहर नहीं निकाल पाते तो वही कॉलोनी वासियों को भी आने-जाने में परेशानी होती है। इसीलिए हमने यह फैसला लिया है कि अब जब तक यहां सड़क नहीं बनेगी तब तक कॉलोनी का कोई भी मेंबर चुनाव में वोट नहीं करेगा। पिछली बार भी हमने रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर टँगाकर चुनाव बहिष्कार का एलान किया था ,लेकिन उस समय जनप्रतिनिधि अधिकारी लोग आए थे उन्होंने हमें आश्वासन दिया था कि उनकी समस्या का तुरंत निराकरण कर दिया जाएगा जिनके आश्वासन पर कॉलोनी वासियों ने वोट दिया था लेकिन अब हम किसी के बहकावे में नहीं आएंगे किसी के आश्वासन को नहीं मानेंगे जब तक सड़क नहीं बनेगी तब तक हम वोट नहीं करेंगे समस्त कॉलोनीवासी आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

होली में जलाएंगे जनप्रतिनिधियों के पुतले- शंकर

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान अधिवक्ता शंकर कनसरे ने बताया कि वे करीब 15 वर्षों से इसी कालोनी में निवास कर रहे हैं जब भी चुनाव होते हैं तब पार्षद से लेकर अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधि उनके वार्ड में वोट मांगने के लिए आते हैं समस्या बताने पर हर बार आश्वासन दिया जाता है की पक्की सड़क नाली बना देंगे गार्डन का निर्माण कर देंगे लेकिन आज तक जनप्रतिनिधियों का आश्वासन पूरा नहीं हुआ है यहां से वोट लेकर जनप्रतिनिधि हमारी समस्या भूल जाते हैं इसीलिए इस चुनाव में जनप्रतिनिधियों का भी बहिष्कार किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में चुनाव का बहिष्कार कर कॉलोनीवासी किसी भी पार्टी या प्रत्याशी को वोट नहीं करेंगे। जब तक यहां सड़क नाली गार्डन नहीं बन जाता तब तक हमारा यह विरोध जारी रहेगा। इस साल हम जहां लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे तो वही इस बार होली पर्व पर सभी जनप्रतिनिधियों के पुतले जलाकर होली मनाई जाएगी ।

महिला बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता ताजबी खान को कारण बताओं नोटिस जारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में जनसामान्य को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभांवित करने तथा आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा-स्वच्छता के संबंध में जागरूकता लाने के उद्देश्य से महिला बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती ताजबी खान की परसवाड़ा विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र बिठली में पदस्थापना की गई थी। सीएमएचओ डॉ. मनोज पाण्डेय ने जानकारी देते हुये बताया कि घने जंगलों से घिरे एवं मुख्य मार्ग से दूरस्थ क्षेत्र में अत्यंत पिछड़े ग्रामीण अंचल में स्थापित होने के कारण यहा पर जनसामान्य को 24म7 स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता होती है। 06 मार्च 2024 को दोपहर लगभग 3:30 बजे जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. रित्विक पटेल एवं दल द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र सह आयुष्मान आरोग्यम मंदिर मोहनपुर का आकस्मिक निरीक्षण करने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती ताजबी खान अनुपस्थित पायी गई। अवलोकन करने पर पाया गया कि माह मार्च 2024 के एक दिन भी उपस्थिति पंजी में आपके हस्ताक्षर नहीं है, पदस्थापना मुख्यालय मोहनपुर में निवास नहीं कर ग्राम चिखलाझोड़ी से आना-जाना करती हैं एवं सीएचओ स्वयं भी ग्राम उकवा में निवास कर आना जाना करती है, संस्था में कहीं भी आपका दौरा कार्यक्रम उपलब्ध नहीं पाया गया, संस्था में उपलब्ध एएनसी रजिस्टर राज्य शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं पाया गया, संस्था में उपलब्ध औषधियों का स्टॉक रजिस्टर संधारित नही पाया गया, संस्था में टीकाकरण पंजी उपलब्ध नही पायी गई। शासकीय सेवा से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति प्रमाणित पाये जाने के कारण 01 मार्च से 06 मार्च 2024 तक कुल 06 दिवस की शासकीय सेवा को अवैतनिक घोषित किया गया है । वहीं श्रीमती ताज बी खान को अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसवाड़ा के स्पष्ट अभिमत सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही पदस्थापना स्थान मोहनपुर में निवास करने के संबंध में पर्याप्त प्रमाणित साक्ष्य प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने को कहा गया।

अरुण लोधी के बड़े भाई का आकस्मिक निधन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट दैनिक अखबार बालाघाट एक्सप्रेस और

पद्मेश के रिपोर्टर अरुण कुमार लोधी के चचेरे बड़े भाई बंशीलाल पिता स्व प्रेमलाल मसखरे ग्राम कायदी निवासी का 11 मार्च की शाम 6 बजे दुखद निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे।स्व.बंसीलाल मसखरे मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे और वे कांग्रेस पार्टी के सक्रिय सदस्य भी रहे।साथ ही वे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमो में बढ़चढ़ के हिस्सा लेते थे। वे पिछले वर्ष से पैरालिसिस की बीमारी से पीड़ित थे। इसी बीच सोमवार 11 मार्च की शाम 6 बजे श्री मसखरे ने अपने गृह निवास ग्राम कायदी में अंतिम सांसे ली। जिनका अंतिम संस्कार 12 मार्च को सुबह ग्राम कायदी के मोक्ष धाम में किया जाएगा। स्व. श्री मसखरे अपने पीछे दो बेटे और दो बेटी का भरापूरा परिवार छोड़ गए।

काली मिट्टी की खदान धसकने से एक महिला घायल

(पद्मेश न्यूज)। जिले की पाथरी पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले खुरगीटोला काली मिट्टीकी खदान धसकने से एक महिला मिट्टी में दबने से घायल हो गई घायल महिला अनितकुंवर पति शगुन मरावी 30 वर्ष ग्राम बड़टोला पाथरी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनितकुंवर मरावी अपने पति के साथ खेती किसानी करती है। जिसके परिवार में दो बच्चे हैं।

बताया गया है कि 10 मार्च को सुबह अनित कुंवर बाई अपने गांव की अन्य महिलाओं के साथ काली मिट्टी लाने के लिए खुगरी टोला मिट्टी खदान गई थी। मिट्टी खदान गहरी थी सबल से मिट्टी की खुदाई करते समय अचानक मिट्टी खदान धसक गई और अनित कुंवर मिट्टी के मलबा में दब गई। खबर मिलते ही गांव के लोग पहुंचे और मिट्टी का मलबा हटाकर अनित कुंवर को बाहर निकाले जो घायल और बेहोश हो चुकी थी। जिसे तुरंत ही बिरसा के अस्पताल में भर्ती किए थे जहां से उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।

सी एम राइज विद्यालय बालाघाट में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2024- 25 में सी एम राइज विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश संबंधी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके अनुसार सी एम राइज शासकीय वीरांगना रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में प्रारंभिक कक्षा अंग्रेजी माध्यम केजी-1 तथा हिंदी माध्यम में कक्षा पहली के लिये 16 मार्च 2024 से आवेदन पत्र प्रदान किए जाएंगे। आवेदन 23 मार्च तक कार्यालय समय में विद्यालय में 5 बजे तक जमा किए जा सकते हैं निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन आने पर लॉटरी द्वारा दिनांक 27 मार्च 2024 को दोपहर 2 बजे प्रवेश के लिये चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी साथ ही 28 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे प्रवेश सूची जारी की जाएगी चयनित विद्यार्थियों का अभिलेख प्राप्त करना एवं शुल्क यदि लागू हो तो प्राप्त करना 6 अप्रैल 2024 तक किया जाएगा वहीं 1 अप्रैल 2024 से नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ की जाएगी ।

2024-25 में यह है रिक्तियॉ

अंग्रेजी माध्यम में केजी-1 के लिये 30 सीट एवं पहली के लिये 03 तथा हिंदी माध्यम में कक्षा पहली के लिये 30 , दूसरी-08, तीसरी-04, चौथी-09, पांचवी-01 तथा छठवीं के लिये 3 सीट हेतु आवेदन पत्र 16 मार्च से वितरित किये जा रहे हैं। जो 23 मार्च तक जमा किए जा सकेंगे कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं में प्रवेश प्रक्रिया पूर्व वर्षानुसार बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षाफल घोषित होने के दूसरे दिन से प्रारम्भ की जाएगी ।

अलग-अलग घटनाओं में दो घायल

बाड़ी में घुसी बकरी को भगाने पर वृद्धा को डंडा मारकर किया घायल

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम भुरसाडोंगरी निवासी चमारीन बाई भुमके पति डोमा भूमके जाति ढीमर उम्र 65 वर्ष को गांव के ही नेतराम रणदिवे उम्र 50 वर्ष ने सिर पर डंडे से मारकर बूरी तरह से घायल कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि 11 मार्च को दोपहर 12 बजे चमारीन बाई अपने घर पर अकेली थी क्योंकि उसका परिवार बाहर रहता है कि नेतराम अपनी बकरियों को जंगल से चराकर ला रहा था कि बकरियां मेहतरीन बाई के बाड़ी में जा घुसी, जिसे उसने भगाया तो पीछे से आ रहे नेतराम माना मेरी बकरियों को क्यों भगाती है कहकर गाली गलौच करने लगा, मेरे मना करने पर पास में रखे डंडे से जोर जोर से मारने लगा। चिल्लाने पर आस पड़ोस के लोग आए और बीच बचाव किया। सिर एवं नाक में गंभीर चोटें लगने के कारण 108 एम्बुलेंस को बुलाकर सिविल अस्पताल

पहुंचाया। जहां डॉ सुजाता गेडाम द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। अस्पताल तहरीर पर लांजी पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर संबंधित थाने को भेजें जाने की बात कही।

पीछे से आ रही मोटरसाइकिल ने मारी टक्कर

शिवरात्रि मेला देखकर मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव जा रहे मरकाम दम्पति को पीछे से आ रही मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटना के संबंध में देवरबेली निवासी अमरसिंह मरकाम ने बताया कि वह 11 मार्च को अपनी पत्नी ईशाइन मरकाम उम्र 23 वर्ष व दो वर्ष की बच्ची के साथ लांजी कोटेश्वर मंदिर व मेला घूमने आए थे एवं वापस अपने घर देवरबेली जा रहे थे कि शाम लगभग 4.30 बजे सालेटेकरी मार्ग पर बीएसएनएल टावर के समीप पीछे से आ रही मोटरसाइकिल के चालक दिनेश नागेश्वर पल्हेरा निवासी अपनी ससुराल घोटी जा रहा था जो कि पीछे से टकराने के चलते दोनों मोटरसाइकिल चालक गिर पड़े। जिसे 108 एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया एवं प्राथमिक उपचार किया गया।

निर्वाचन में नियुक्त किये नोडल अधिकारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिये नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी सौंपी है। आदेशानुसार अनुसार मेनपावर मेनेजमेंट के लिये जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त पीएन चतुर्वेदी, ट्रेनिंग मेनेजमेंट जिला शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय, मटेरियल मेनेजमेंट पीएमजीएसवाय महाप्रबंधक गजेंद्र लारिया, ट्रांसपोर्ट मेनेजमेंट भू-अभिलेख अधीक्षक श्रीमती स्मिता देशमुख, सायबर सिक्योरिटी एंड आईटी जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सुभाष चंद्र ठाकरे, स्वीप के सीईओ डीएस रणदा, लॉ एंड आर्डर वीएम एंड सिक्योरिटी प्लॉन पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ तथा ईवीएम मेनेजमेंट के लिये ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री मनोज धुर्वे को नियुक्त किया गया है। वहीं एमसीसी के लिये अपर कलेक्टर ओपी सनोडिया, एक्सपेंडेचर मॉनिटरिंग जिला कोषालय अधिकारी अमित मेरावी, बैलेट पेपर पोस्टल बेलेट और ईटीपीबीएस डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक, मीडिया जनसम्पर्क अधिकारी पुष्पेंद्र वास्कले, कम्प्युनिकेशन प्लॉन सीईओ जिला सहकारी बैंक मर्यादित आरसी पटले, इलेक्टोरल रोल्स पीआईयू कार्यपालन यंत्री उदल सिंह उईके, कम्प्लेंट रिड्रेसल एंड वोटर हेल्पलाईन उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालन क्षितिज कराड़े तथा आब्जर्वर के लिये खनिज अधिकारी आरके खातरकर को नियुक्त किया गया है।

पोस्टल बैलेट में लगने वाले अमले को किया प्रशिक्षित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को जिला पंचायत सभागृह में आयोजित हुए पोस्टल बैलेट के प्रशिक्षण में कहा कि इस बार पोस्टल बैलेट के लिए नई रूपरेखा के तहत मतदान कराया जाएगा। इसके लिए जिन्हें पोस्टल बैलेट जारी किए जाने है उन्हें संदेश और कॉल के द्वारा बताया जाएगा। साथ ही इस कार्य मे लगने वाले अमले को डेटा कलेक्शन की पूरी रूपरेखा तैयार करने को कहा है। ज्ञात हो कि निर्वाचन के दौरान लगने वाले शासकीय सेवकों सहित 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग व दिव्यांगजन को भी मतदान कराने का जिम्मा है। साथ ही निर्वाचन कार्यालय द्वारा एकत्रित किये गए डेटा के अनुसार कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा, नोडल अधिकारी श्री राजेश कुमार खोबरागड़े व सहायक नोडल अधिकारी ठाकरे मौजूद रहे। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर शरद खंडेलवाल द्वारा दिया गया।

निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी महाराज जी ससंघ का लामता नगर में हुआ भव्य मंगल आगमन

लामता(पद्मेश न्यूज)। परम पूज्य युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महा मुनिराज जी के परम शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री समय सागर जी महाराज,मुनि श्री मल्लीसागर जी महाराज,मुनि श्री प्रशस्त सागर जी महाराज एवं 8 छुल्लक मुनि सहित कुम्हारी (लामता)से विहार करके सुबह 8 बजे लामता नगर में बैंड बाजे और जयकारों के साथ भव्य अगवानी हुई,जिसमे जैन समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए।लगभग 9 बजे श्रमण मुनि श्री समय सागर जी ने आमजन को प्रवचन के माध्यम से राग,द्वेष,मोह,माया,से कैसे बचा जाए,पर अमृतदेशना दी, तत्पश्चात मुनि संघ आहार चर्या के लिए निकले ,जिसमे प्रथम निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी को आज पडगाहन कर आहार दान देने का सौभाग्य धर्म प्रेमी श्री कपूरचंद ,दिलीप कुमार जैन परिवार लामता को प्राप्त हुआ,आहार चर्या के पश्चात परसवाड़ा,चंगोटोला,बालाघाट, लालबर्रा ,केवलारी,मंडला एवं बाहर से आए सभी लोगो ने मुनि श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया,मुनि श्री संघ ने लगभग दोपहर 3.30 बजे चंगोटोला के लिए विहार किया है।

भरवेली में राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय कैम्प का किया गया आगाज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ग्राम भरवेली में शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नाकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के राष्ट्रीय सेवा योजना बालक एवं बालिका इकाई द्वारा आज सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मौसम हरिनखेड़े, प्राचार्य गोविंद सिरसाटे, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर पी. एस. कातुलकर द्वारा ग्राम भरवेली सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन, उप सरपंच राजेश बाहेश्वर तथा पंचों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें आरडीसी 2024 श्रद्धा नागपुरे का सम्मान तथा बालाघाट बालाघाट का नेतृत्व मध्य प्रदेश राज्य स्तर कैंप में करके दो स्वयंसेवक धर्मेंद्र पारधी और प्रगति शिंदे का सम्मान किया गया वही ओपन यूनिट कैंप रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में सहभागिता निभाने वाले सभी स्वयंसेवक को प्रशस्ति पत्र दिया गया ।इस शिविर के बालक इकाई के शिविर नायक धर्मेंद्र पारधी उप शिविर नायक पुलकित राहंगडाले ,बालिका इकाई की शिविर नायिका रागिनी लक्षिणे और उप शिविर नायिका श्रद्धा नागपुरे रहे।वही कार्यक्रम अधिकारी बालक इकाई डॉ दुर्गेश अगासे तथा कार्यक्रम अधिकारी बालिका इकाई डॉ रानू राहंगडाले द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस तरह कैंप का पहला दिन बहुत ही ऊर्जा तथा उत्साह से भरा।

चुनावी योजना बनकर रह गई मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना

युवाओं को नहीं आ रहे कंपनियों से अनुबंध लेटर, रोजगार के लिए भटक रहे युवा, सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सरकार के द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलवाने और कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार की आवश्यकता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना प्रारंभ की गई थी। जिसमें प्रदेश के लाखों युवाओं के द्वारा पंजीयन करवाया गया था और उन्हें उम्मीद थी कि इस योजना के माध्यम से उन्हें एक अच्छा हुनर मिलेगा। किसी अच्छी प्रतिष्ठान में उन्हें नौकरी मिल सकेगी या फिर कौशल प्रशिक्षण के आधार पर सरकार से लोन लेकर स्वयं का अच्छा व्यवसाय खोलकर अपनी जीविका चला सकेंगे। लेकिन शासन की मुख्यमंत्री सीखों, कमाओं योजना वर्तमान में सफल होती नजर नही आ रही है क्योंकि जैसे ही मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव खत्म हुए वैसे ही प्रदेश सरकार की बहुप्रचारित मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना बंद होती दिखाई दे रही है और युवाओं के इंटर्नशिप की प्रक्रिया ठप्प हो गई है। वहीं प्रदेश में इंटर्नशिप के लिए पोर्टल पर लाखों युवाओं ने पंजीयन करवाया है जिसमें से अब तक सिर्फ कुछ ही युवाओं का अनुबंध स्वीकृत हुआ है लेकिन उन्हें भी बेहतर ढंग से प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है, न ही उन्हें स्टाइपेंड का भुगतान हो पा रहा है। जिससे युवाओं का मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना से मोह भंग हो रहा है। साथ ही सरकार के द्वारा भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे यह योजना पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। लालबर्रा विकासखण्ड के जिन युवाओं ने मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना में रोजगार एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदन किये थे उनमें से अधिकांश लोगों को रोजगार तक नही मिल पाया है जिससे वे अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है और प्रदेश सरकार ने जिन युवाओं से मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना के लिए पंजीयन करवाये है सभी को रोजगार एवं प्रशिक्षण प्रदान करने की मांग की है।

युवाओं ने सरकार पर योजना के नाम पर ठगने का लगाया आरोप

आपको बता दें कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के द्वारा प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलवाने और कौशल प्रशिक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री सीखों, कमाओं योजना प्रारंभ की गई थी और इस योजना में शासन से चयनित होने वाले युवाओं को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कक्षा १२ वीं वाले युवाओं को ८ हजार रूपये, आईटीआई उत्तीर्ण को ८५०० रूपये, डिप्लोमा उत्तीर्ण को ९ हजार रूपये एवं उच्च स्नातक उत्तीर्ण को १० हजार रूपये स्टाइपेंड प्रदान करना भी निर्धारित किया गया था। साथ ही इस योजना का लाभ लेने के लिए शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने पंजीयन भी करवाया था परन्तु ऑनलाईन फार्म जमा करने के बाद भी सभी को रोजगार नही मिल पाया है और आज भी हजारों युवा कंपनी का अनुबंध पत्र आने का इंतेजार कर रहे है परन्तु वर्तमान सरकार के द्वारा इस योजना के प्रति कोई रूझान नही दिखाया जा रहा है। जिससे शिक्षित बेरोजगार युवाओं में सरकार के प्रति नाराजगी देखी जा रही है और इस योजनाओं को सुचारू रूप से प्रारंभ कर कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की मांग कर रहे है। वहीं युवाओं का कहना है कि सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना युवाओं को रोजगार एवं उन्हें कुशल प्रदान व रोजगार के शुभ अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रारंभ की गई थी। लेकिन जैसे ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए और प्रदेश में डॉ. मोहन यादव की भाजपा की सरकार बनी उनके द्वारा इस योजना पर किसी तरह का कोई भी काम नहीं किया जा रहा, न ही उनके द्वारा उनके अनुबंध किये जा रहे हैं, न ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे युवाओं में आक्रोश व्याप्त है और यह योजना एक तरह से चुनावी योजना प्रतीत हो रही। युवाओं ने आगे कहा कि इस योजना के माध्यम से सिर्फ चुनावी माहौल को देखते हुए युवाओं को लुभावने के लिए पंजीयन करवाया गया, उनके अनुबंध करवाये गये लेकिन उसका लाभ जमीनी स्तर पर युवाओं को नहीं मिल पाया है जिससे यह योजना युवाओं को एक तरह की ठगने वाली योजना साबित हो रही है।

रोजगार के लिये भटक रहे है युवा - शुभम

शुभम यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार के द्वारा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हे रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना लाई गई थी जिसमें प्रदेश के लाखों युवाओं के द्वारा पंजीयन भी करवाया गया था और हमारे द्वारा भी बेहतर कौशल प्रशिक्षण व रोजगार के लिये इस योजना में पंजीयन करवाया गया था। साथ ही यह भी बताया कि इस योजना के माध्यम से १२ वीं पास युवाओं को ८००० रूपये, आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को ८५०० रूपये व स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को १०,००० रूपये स्टाइपेंड इंटर्नशिप के दौरान दिया जाना था लेकिन मेरे द्वारा पंजीयन करवाने के बाद भी अब तक मुझे किसी भी कंपनी से इंटर्नशिप के लिए अनुबंध पत्र या किसी तरह का फोन कॉल या मैसेज नहीं आया जिसके कारण रोजगार के लिए भटक रहे है। श्री यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना से हमें बहुत उम्मीदें थी कि हमें कौशल प्रशिक्षण मिलेगा, रोजगार मिलेगा, हम कुछ रूपये कमायेगें परंतु इस योजना के माध्यम से भी सरकार हमें रोजगार उपलब्ध नहीं करवा पा रही है एवं मेरे साथ में जिन युवाओं ने पंजीयन करवाया था उन्हें अब तक रोजगार नहीं मिल पाया इससे शिक्षित युवा अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है।

सरकार नहीं दे रही है योजना पर ध्यान - रविंद्र

रविंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना में पंजीकृत युवाओं को व्यवस्थित रूप से प्रशिक्षण उपलब्ध करवाकर उन्हें रोजगार प्रदान करना था जिससे प्रदेश में बढ़ रही युवाओं की बेरोजगारी दूर हो सके उन्हें रोजगार उपलब्ध हो सकेंगरन्तु ऐसा कुछ नही हुआ है और हमें इस योजना से उम्मीद भी थी कि हमें सरकार प्रशिक्षित करने के बाद किसी अच्छे संस्थान में नौकरी या फिर बैंक से ऋण उपलब्ध करवाकर स्वयं का व्यवसाय खोलने के अवसर उपलब्ध करवायेगी। लेकिन सरकार इस योजना को बेहतर ढंग से नहीं चला पा रही है, न ही योजना पर विशेष ध्यान नहीं दे रही है जिसके कारण पंजीकृत युवाओं में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सीखों, कमाओं योजना तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के द्वारा प्रारंभ की गई थी जिसे वर्तमान सरकार के द्वारा बेहतर तरीके से संचालित करना चाहिए था परन्तु ऐसा कुछ नही किया जा रहा है जिसके कारण कई युवा बेरोजगार है इसलिए सरकार से मांग है कि मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना के माध्यम से युवाओं को इंटर्नशिप एवं प्रशिक्षण देना चाहिए जिससे वह स्वयं का व्यवसाय खोल सके या अच्छी नौकरी प्राप्त कर सके।

अब तक नहीं मिला है अनुबंध पत्र - दीपक

दीपक राहंगडाले ने बताया कि मुख्यमंत्री सीखों, कमाओं योजना के तहत हमारे द्वारा पंजीयन करवाया गया था और इस योजना के माध्यम से पढ़ाई के आधार पर स्टाइपेंड के रूप में मानदेय मिलने वाला था लेकिन अब तक हमें कंपनी की ओर से किसी भी तरह के कोई भी कॉल या अनुबंध लेटर नहीं मिला है और यह योजना प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सरकार के द्वारा प्रारंभ की गई थी। लेकिन वर्तमान सरकार इस योजना पर कोई ध्यान नहीं दे रही है जिसके कारण कई शिक्षित बेरोजगार युवा कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए भटक रहे है पंजीयन करवाने के बाद भी। श्री रहांगडाले ने बताया कि प्रदेश में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ते जा रही है क्योंकि सरकार योजना तो प्रारंभ कर देती है लेकिन उसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से नही कर पाती है जिसके कारण युवा वर्ग परेशान है। साथ ही शैक्षणिक योग्यता के आधार पर जॉब व नौकरी नही मिल पा रही है इसलिए सरकार से मांग है कि जो भी योजना प्रारंभ करती है तो उसका संचालन सुचारू रूप से करना चाहिए एवं युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना चाहिए।

बसपा ने साइकिल रैली निकालकर संविधान बचाने का दिया संदेश

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। बहुजन समाज पार्टी विधानसभा बालाघाट के तत्वाधान में बसपा के संस्थापक माननीय काशीराम की जयंती के अवसर एवं संविधान के सम्मान में १० मार्च को ग्राम पंचायत कंजई को संविधान के सम्मान में संविधान को कैसे बचाना है उसके बारे में जागरूक किया गया। चर्चा में बसपा विधानसभा अध्यक्ष पूनाराम हुमनेकर ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र बालाघाट के तत्वाधान में बसपा के संस्थापक मान्यवर साहब काशीराम की आगामी १५ मार्च को जयंती है जिनकी जयंती के उपलक्ष्य में एवं संविधान के सम्मान में १० मार्च को कंजई से साइकिल रैली निकाली गई और यह रैली विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए जाम पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस साइकिल रैली के माध्यम से क्षेत्रीयजनों को संविधान को कैसे बचाना है उसके प्रति जागरूक किया गया है। इस अवसर पर बसपा विधानसभा अध्यक्ष पूनाराम हुमनेकर, रंजित जुगनाके, कोषाध्यक्ष विनोद मेश्राम, संयोजक नंदकिशोर भगत, नरेश मासूरकर, सुनिल आमाडारे, अमरसिंह कंगाली, मोटू नेवारे, महेन्द्र गजभिये, शिवम, संतोष क्षीरसागर, राहुल यादव, ज्ञानदास चौरे, अनिल डोंगरे, अमन मेश्राम सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

हुई। जिसमें कंजई में हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया गया। यह साइकिल रैली विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए जाम पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस साइकिल रैली के माध्यम से क्षेत्रीयजनों से संविधान को कैसे बचाना है उसके बारे में जागरूक किया गया। चर्चा में बसपा विधानसभा अध्यक्ष पूनाराम हुमनेकर ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र बालाघाट के तत्वाधान में बसपा के संस्थापक मान्यवर साहब काशीराम की आगामी १५ मार्च को जयंती है जिनकी जयंती के उपलक्ष्य में एवं संविधान के सम्मान में १० मार्च को कंजई से साइकिल रैली निकाली गई और यह रैली विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए जाम पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस साइकिल रैली के माध्यम से क्षेत्रीयजनों से संविधान को कैसे बचाना है उसके प्रति जागरूक किया गया है। इस अवसर पर बसपा विधानसभा अध्यक्ष पूनाराम हुमनेकर, रंजित जुगनाके, कोषाध्यक्ष विनोद मेश्राम, संयोजक नंदकिशोर भगत, नरेश मासूरकर, सुनिल आमाडारे, अमरसिंह कंगाली, मोटू नेवारे, महेन्द्र गजभिये, शिवम, संतोष क्षीरसागर, राहुल यादव, ज्ञानदास चौरे, अनिल डोंगरे, अमन मेश्राम सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

सदगुरू संत शिरोमणि लहरी बाबा का मनाया जायेगा पुण्य स्मरण दिवस 17 को

बेलगांव के श्री लहरी पावन संस्थान में हुई बैठक, कार्यक्रमों की बनाई गई रूपरेखा

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ३ किमी. दूर ग्राम पंचायत बेलगांव स्थित श्री लहरी पावन संस्थान (मंदिर) परिसर में रविवार को समस्त लहरी बाबा के भक्तजनों की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक श्री लहरी पावन संस्थान बेलगांव के पदाधिकारियों एवं भक्तजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने सदगुरू संत शिरोमणि लहरी बाबा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। आयोजित बैठक में मानव कल्याणार्थ अवतरित परम पूज्यनीय परमहंस, निष्काम, कर्मयोगी, संत शिरोमणि सदगुरू श्री जैरामदास उर्फ लहरी बाबा का स्मृति दिवस समारोह मनाये जाने, कौन-कौन से कार्यक्रम करना है सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर १७ मार्च को सद्गुरू संत शिरोमणि लहरी बाबा का पुण्य स्मरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। चर्चा में ग्राम पंचायत बेलगांव सरपंच अरविंद पंचेश्वर ने बताया कि श्री लहरी पावन संस्थान बेलगांव में संस्थान के पदाधिकारी एवं संत लहरी बाबा के भक्तजनों की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सद्गुरू संत शिरोमणि लहरी बाबा का पुण्य स्मरण दिवस मनाने सहित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और आगामी १७ मार्च को मानव कल्याणार्थ अवतरित परम पूज्यनीय परमहंस, निष्काम, कर्मयोगी, संत शिरोमणि सद्गुरू श्री जैरामदास उर्फ लहरी बाबा का स्मृति दिवस समारोह (पुण्य स्मरण दिवस) हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा और यह कार्यक्रम परम पूज्यनीय गोपाल बाबा अध्यक्ष लहरी आश्रम एवं डॉ. खिलेश्वरनाथ उर्फ तुकडया बाबा लहरी आश्रम कामठा की पावन उपस्थिति में संपन्न होगा। जिसमें १७ मार्च को प्रातः ७ बजे पं. पूज्यनीय बाबाजी का आगमन, प्रातः ११ बजे से संकल्प महामृत्युंजय यज्ञ, दोपहर १ बजे से भजन प्रवचन, सत्संग एवं महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर संत लहरी बाबा के भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील देवीराम माने, दुर्जनलालजी पांचे, नान्हूराम मानेश्वर, मदन माने, विजय नागफासे, वेदप्रकाश नागफासे, बेलगांव सरपंच अरविंद पंचेश्वर, सुरेश देव्हारे, तुलसी पंचेश्वर, मोतीलाल हटेवार, सुनील गौतम, मनोज पारधी, मोतीलाल माने, गिरधारी तितरमारे, जैराम कावरे, बीएस पुरंम, रामरतन खैरवार, सेवकराम नागेश्वर एवं नित्यानंद माने सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।

धार्मिक स्थलों की पैदल यात्रा में निकले युवाओं का किया गया स्वागत

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कनकी निवासी रामभक्त शैलेष कावड़े अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन करने व पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सारंग निवासी अमित लोधी, यशवंत लोधी भगवान श्रीकृष्ण की नगरी वृंदावन जाने के लिए पैदल रवाना हुए है। जिनका विश्व हिन्दु परिषद के पदाधिकारियों के द्वारा ११ मार्च को लालबर्रा विश्राम गृह के सामने आतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत करते हुए ईश्वर से सफल यात्रा की कामना की गई। इस तरह से तीन युवक पदयात्रा करते हुए धार्मिक स्थल के लिए रवाना हुए है जहां उनके द्वारा भगवान श्रीकृष्ण, भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की जायेगी। चर्चा में विश्व हिन्दु परिषद पदाधिकारी निलेश चौधरी ने बताया कि कनकी से शैलेष कावड़े अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के दर्शन करने के लिए पैदल यात्रा कर रहे है। इन्ही के साथ २९ फरवरी से निकले रायपुर के सारंग निवासी अमित लोधी, यशवंत लोधी भी पैदल यात्रा करते हुए वृंदावन जा रहे है और इनकी ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था है, यह आस्था सभी देशवासियों के दिलों में बनी रहे यही संदेश देना चाहते है। इस अवसर पर निलेश चौधरी, पंकज बिसेन, प्रकाश रहांगडाले, प्रवीण बिसेन, डॉ. अरूण गौतम, जितेश चौहान, विक्रम बोपचे, मिथलेश राणा, पिंटु बिसेन, कपिल बघेल, मोनू जैन, रूपचंद मानेश्वर, राहुल गोयल, सुनिल भोयर, कैलाश नोन्हारकर, पंकज रहांगडाले, पार्थ, अमन रहांगडाले, संजय भद्रवंशी, राज पटले, हर्षल बघेल, शुभम तुरकर, हिमांशु रहांगडाले सहित अन्य विश्व हिन्दु परिषद के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

आदिवासी बिंझवार समाज की हुई बैठक

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गर्रा स्थित आदिवासी सामुदायिक भवन में १० मार्च को आदिवासी बिंझवार समाज की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक आदिवासी बिंझवार समाज के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में कार्यकारिणी को मजबूती प्रदान करने, समाजोत्थान सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही उपस्थितजनों को अपने-अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने पर भी जोर दिया गया। चर्चा में आदिवासी बिंझवार समाज जिला उपाध्यक्ष कमलेश हट्टेवार ने बताया कि गर्रा स्थित आदिवासी सामुदायिक भवन में आदिवासी बिंझवार समाज की बैठक संपन्न हुई जिसमें जिलेभर के पदाधिकारी उपस्थित हुए और समाजोत्थान सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही यह भी बताया कि जिस भी ग्राम समिति से जिला कार्यकारिणी को सपोर्ट प्रदान नहीं होता है या अपने-अपने ग्राम समिति में बैठक संपन्न नहीं करते हैं और उसकी जानकारी नहीं देते हैं, उन ग्राम समितियों के जो भी सामाजिक मुद्दे होंगे। उस पर जिला कार्यकारिणी कोई विचार नहीं करेगी इसलिए सभी ग्राम समितियां समय-समय पर बैठक आयोजित कर जिला कार्यकारिणी को अवगत करवाने कहा गया है। साथ ही सभी को संगठित होकर समाजोत्थान के क्षेत्र में काम करने एवं अपने-अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने कहा गया है और आगामी समय में समाजहित में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगें। इस अवसर पर आदिवासी बिंझवार समाज के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

विधायक अनुभा मुंजारे सर्राटी जलाशय माइनर नहर के निर्माण कार्यों का करेगी निरीक्षण आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। किसान कांग्रेस संगठन जिलाध्यक्ष सुमेन्द्रसिंह पटले ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि १२ मार्च को दोपहर १ बजे बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं क्षेत्रीय किसानों की उपस्थिति में सर्राटी जलाशय टेकाड़ी ला. के अंतर्गत निर्माणाधीन माइनर नहर के सीमेन्टीकरण कार्य का निरीक्षण किया जायेगा। श्री पटले ने बताया कि करोड़ों रूपयों की लागत से सर्राटी जलाशय टेकाड़ी ला. से निकली माइनर नहर का सीमेन्टीकरण का कार्य वर्तमान में जारी है परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने की शिकायत बार-बार किसानों से मिल रही है। जबकि नहर का सीमेन्टीकरण का कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए परन्तु ऐसा नही हो रहा है एवं बार-बार किसानों की शिकायत मिलने पर १२ मार्च को दोपहर १ बजे बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे बकोड़ा पहुंचेगी और विभागीय अधिकारी एवं किसानों के साथ निर्माणाधीन सीमेन्टीकरण नहर का निरीक्षण कर कमियां पाये जाने पर उसमें सुधार करने विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार को निर्देशित किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किसान कांग्रेस संगठन के जिलाध्यक्ष सुमेन्द्रसिंह पटले ने की है।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

लापता युवक का शव कुएं से पुलिस ने किया बरामद

मामला थाना रामपायली के ग्राम गर्रा ब्राह्मणटोली का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना रामपायली अंतर्गत ग्राम पंचायत गर्रा के ब्राह्मणटोली स्थित सरकारी कुएं से रामपायली पुलिस के द्वारा अज्ञात व्यक्ति का शव ११ मार्च को बरामद किया गया। जिसकी शिनाख्त लापता व्यक्ति प्रदीप पिता बिपत दमाहे उम्र २५ वर्ष निवासी झाड़गांव के रूप में की गई। जिसमें पुलिस के द्वारा आवश्यक पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है जिसमें मौत का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक प्रदीप पिता बिपत दमाहे उम्र २५ वर्ष निवासी झाड़गांव थाना रामपायली तीन भाई है । जिसमें बड़े भाई का विवाह हुआ है जो घर में तीन भाई एक भाभी, माता पिता और दादी के साथ सामूहिक रूप से रहते थे। इस दौरान ९ मार्च की सुबह प्रदीप दमाहे घर से अचानक कहीं किसी को बिना बताए चला गया था। जिसकी परिवार के लोगों के द्वारा आस पड़ोस में पतासाजी की गई परंतु वह कहीं नहीं समझ आने पर ग्राम के सरपंच और अन्य लोगों को मामले में जानकारी दी गयी। जिसके बाद पूरे ग्राम आसपास के ग्राम रिश्तेदार में पता किया गया। परंतु कहीं भी पता ना चलने पर पुलिस थाना रामपायली में गुम इंसान दर्ज करवाई गई थी। जिसके बाद परिवार के लोगों के द्वारा वारासिवनी ,कटंगी और बालाघाट सहित विभिन्न क्षेत्र में भ्रमण कर पतासाजी की जा रही थी। वहीं गर्रा के ब्राह्मणटोली निवासी कुछ लोगों के द्वारा मकान के सामने बने सरकारी कुएं में पानी की मोटर लगाकर अपने अपने उपयोग के लिए पानी लिया जाता है ।जहां पर प्रतिदिन की तरह ११ मार्च को भी मोटर चालू कर पानी घर में लिए परंतु उक्त पानी में कुछ बदबू आ रही थी। जिस पर उस पानी का उपयोग घर में नहीं किया गया और कुएं में पतासाजी की गई तो देखा कि अंदर एक व्यक्ति पानी में डूबा हुआ है । जिसकी मौत हो गई है वह बॉडी पानी की ऊपरी सतह पर तैर रही थी। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल ग्राम के लोगों सहित पुलिस थाना रामपायली को सूचना दी गयी। जिसमें पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर मौका निरीक्षण कर आस पड़ोस से जानकारी लेकर शव को कुएं से बाहर निकाल कर बरामद किया गया। जिसकी पहचान पुलिस थाना रामपायली में १० मार्च को दर्ज गुम इंसान प्रदीप पिता बिपत दमाहे उम्र २५ वर्ष के रूप में की गई। और घटना की जानकारी तत्काल मृतक के परिवार के लोगों को दी गई जिन्होंने आकर स्पष्ट शिनाख्त की। जिसमें पुलिस के द्वारा मौका निरीक्षण कर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही करने के उपरांत शव को वारासिवनी पोस्टमार्टम गृह में लाया गया। जहां पर उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया । वहीं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

मृतक मेरा मंझला भाई है ९ मार्च से घर से लापता था- धर्मेन्द्र दमाहे

मृतक के बड़े भाई धर्मेंद्र दमाहे ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि मृतक उनका मंझला भाई है जो ९ मार्च से घर से लापता था जिसे ढूंढे तो कहीं पर पता नहीं चला। फिर आज ब्राम्हणटोली में एक व्यक्ति का शव मिला है । कुएं में डूबा हुआ है यह जानकारी मोबाइल पर दी गई जिसमें मृत्यु का कारण अज्ञात है। मैं बालाघाट में था तब मुझे फोन आया था कुएं में कोई बॉडी मिली है। आकर देखा तो वह हमारे भाई की थी वह गांव का सरकारी कुंआ है इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं है।

प्रदीप दमाहे ९ मार्च की सुबह अचानक लापता हो गया था-मोहेन्द्र नगपुरे

पूर्व सरपंच मोहेंद्र नगपुरे ने बताया कि हमारे गांव का लड़का प्रदीप दमाहे ९ मार्च की सुबह अचानक लापता हो गया था जिसकी जानकारी लगने पर मैं उनके घर गया। दोपहर १२ बजे तक वह नहीं मिला तो पुलिस थाना रामपायली में सूचना दी। २४ घंटे बाद रिपोर्ट होगी कहां तो हमने १० मार्च को गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज करवाई। उसके बाद अलग अलग स्थान पर उसे ढूंढ रहे थे फिर सूचना लगी कि गर्रा के कुएं में एक शव है। यह जानकारी उक्त स्थान पर निवास लोगों को उस समय पता चला जब कुएं का पानी उन्होंने घर में लिया । जिसमें बदबू आई इसके बाद उन्होंने कुएं में देखा तो एक शव था। उन्होंने कुएं में मोटर लगा दी है जिसकी बटन वह चालू करते हैं कुएं में देखने नहीं जाते हैं । घर से करीब २५ मीटर दूरी पर वह कुआं है वारासिवनी से गर्रा जाओ तो लेफ्ट साइड में पड़ता है।

मृतक प्रदीप दमाहे के मामले में विवेचना की जा रही है-राजीव जाचक

सहायक उपनिरीक्षक राजीव जाचक ने बताया कि पुलिस थाना रामपायली में सूचना मिली थी कि गर्रा के कुएं में किसी व्यक्ति का शव मिला है। उक्त सूचना पर मौके पर जाकर देख तो एक सरकारी कुआं है उसमें एक शव था। जिसे बाहर निकाला गया तो वह लापता युवक प्रदीप दमाहे झाड़गांव निवासी था। जिसकी सूचना उसके परिवार को देकर मामले में मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करने के उपरांत शव परिजनों को दे दिया गया है मामले में विवेचना की जा रही है।

शास्त्री वार्ड नं.१ के वासी करेंगे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

मामला - नजूल की भूमि पर पट्टा नही दिये जाने का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नं.१ शास्त्री वार्ड के लोग लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार। यह बहिष्कार उन्हे जमीन के पट्टे नही मिलने के कारण किया जा रहा है। इस वार्ड में रहने वाले लोगों का साफ तौर पर कहना है कि हम लोग १० से १५ वर्ष से इस हिस्से में रह रहे है। हमारा एक बार मकान प्रशासन ने तुड़वा भी दिया है। जिसके बाद हम लोग झोपड़े में रहकर अपना जीवन निर्वाह कर रहे है। हमारी फाईल कभी एसडीएम कार्यालय तो कभी जिलाधीश के पास तो कभी नगर पालिका के पास जाती है। मगर पट्टा नही मिलता। हम लोग चक्कर काट काटकर थक गये है इसलिये हम ४० घरों के लोगों ने यह निर्णय लिया है कि हम लोकसभा चुनाव में मतदान नही करेंगे।

पद्मेश को बताया कि हम लोगो की चप्पल घिस गई है।

हमें पट्टे के नाम पर झूला रहा प्रशासन - अनीशा खान

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये अनीशा खान ने बताया कि हम लोग इस मर्तबा लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय ले चुके है। हमे बताया गया था कि हमे शीघ्र ही पट्टा दिया जायेगा। मगर ऐसा नही हुआ हमारी फाईल आज भी इस ऑफिस से उस ऑफिस तक झूल रही है। हम लोगो को बोला गया था कि विधानसभा चुनाव के बाद पट्टे की कार्यवाही कर दी जायेगी। मगर ऐसा हो नही पा रहा है। अब लोकसभा चुनाव आ गये है २ से ३ दिन में फिर एक बार आचार सहिंता लग जायेगी। उसके बाद जब चुनाव समाप्त होंगे तो पानी का मौसम आ जायेगा। इसलिये हम इस चुनाव का विरोध करेंगे।

कभी यह कार्यालय तो कभी वो कार्यालय के चक्कर काट रहे हम लोग - किरण टेम्भुर्णे

इसी तरह पट्टे की आस में बैठी किरण टेम्भुर्णे ने हम लोग कभी यह कार्यालय तो कभी वो कार्यालय जाकर थक चुके है। हम लोग करीब ४० परिवार शास्त्री वार्ड में निवास करते है जिनके द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान नही किया जायेगा। हम लोग एक एक पट्टे भी अपने घर के सामने लगायेंगे की हम मतदान नही करेंगे।

इनका कहना है

इस संबंध में राजस्व नजूल अधिकारी किशोर उईके ने पद्मेश को बताया कि पट्टे की कार्यवाही लगभग पूरी होने की कगार पर है। जिलाधीश महोदय के पास फाईल पहुँच चुकी है। हम भी चाहते है कि गरीबों को जल्द से जल्द पट्टा मिल जाये जिसके लिये हम प्रयास कर रहे है। वही रही बात लोकसभा चुनाव में मतदान नही करने की तो इस मामले को हमारे वरिष्ठ अधिकारी सुलझायेंगे।

किशोर उईके
नजूल अधिकारी राजस्व वारासिवनी

नही थम रहा खेतों से पानी की मोटर चोरी होने का सिलसिला

तुमाड़ी में हुई फिर मोटर चोरी होने की वारदात

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत तुमाड़ी में नही थम रहा पानी की मोटर चोरी होने का सिलसिला.....।

लगातार इस ग्राम पंचायत में खेत में लगी मोटर अज्ञात चोर चोरी कर रहे है। जिसकी वजह से खेत में लगी रबी की फसल सिंचित नही हो पा रही है। किसान वर्ग काफी चिंता में डूबा हुआ है। किसानों का साफ तौर पर कहना है कि हम गरीब किसान है अगर इस तरह पानी की मोटर चोरी होगी तो हम लोगों को कितना नुकसान होगा। हमारे द्वारा बकायदा मोटर चोरी की लिखित रिपोर्ट वारासिवनी थाना में दर्ज कराई गई है। मगर पुलिस इस ओर ध्यान नही दे रही है। ९ व १० मार्च को हमारे ग्राम से पानी की ३ मोटर चोरी हुई है। इस तरह कुल १५ से १६ मोटर चोरी हो गई है। हम यही चाहते है कि हमारे ग्राम में पुलिस की गस्त की जाये।

अभी तक हुई १ दर्जन से अधिक मोटर चोरी - नीलकंठ पटेल

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये किसान नीलकंठ पटेल ने बताया कि हमारे ग्राम से १० से १२ मोटर चोरी हुई है। अभी बीते दिवस भी मोटर चोरी हुई है। हम नही जानते की कौन पानी की मोटर हमारे खेतो से चुरा रहा है। हम लोग गरीब किसान है जो बार बार पानी की मोटर खेत में नही लगा सकते ऐसे में हम यही चाहते है कि पुलिस इस मामलें की गंभीरता से जॉच करे।

बीते दिवस हुई ३ से ४ मोटर चोरी - सूरजलाल बिसेन

किसान सूरजलाल बिसेन ने पद्मेश को बताया कि लगातार हमारे ग्राम के खेतों से पानी की मोटर चोरी हो रही है। जिसकी शिकायत भी हमारे द्वारा पुलिस में की गई है। मगर मोटर चोरी पर अंकुश नही लग रहा है। बीते दिवस ३ से ४ मोटर चोरी हुई है। हमारे ग्राम के कुछ उत्पादी तत्व इसमें शामिल हो सकते है। हम यही चाहते है कि पुलिस इस विषय को गंभीरता से ले ओर ग्राम में गस्त बढ़ाये। ताकि यह वारदातों पर अंकुश लगे।

हम लोग खेती किसानी के बल पर ही अपना जीवन करते है निर्वाह - मुलायम पटले

वही किसान मुलायम सिंह पटले ने पद्मेश को बताया कि उनकी मोटर दो दिन पूर्व चोरी हुई है। इस दौरान कई किसानों की मोटर भी चोरी हुई है। बीच में कुछ लोग पकड़े गये थे जिन्हे पुलिस ने पुछताछ करने के बाद छोड़ दिया। हम किसान सिर्फ खेती के बल पर ही अपना जीवन निर्वाह करते है। पुलिस इस बात को गंभीरता से नही ले रही है न तो हमारे ग्राम पंचायत तुमाड़ी में कोई गस्त होती है। पुलिस कहती है कि तुम्ही उन लोगों को पकड़कर लाओ।

इनका कहना है

इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव तुमाड़ी ने दूरभाष पर जानकारी देते हुये बताया कि हम पंचायत की तरफ से इस मामले में एक पत्र थाना प्रभारी को लिखेंगे। साथ ही उस पत्र के माध्यम से रात्री गस्त किये जाने की पुलिस से मांग करेंगे।

भोजराज पारधी
सचिव ग्राम पंचायत तुमाड़ी

हम ऐसी चोरी की वारदात पर करेंगे कार्यवाही - टीआई

वही इस मामले में दूरभाष पर चर्चा करते हुये थाना प्रभारी बीवी टांडिया ने पद्मेश को बताया कि उन्होने हॉल में वारासिवनी थाना का प्रभार संभाला है। मेरे थाना अंर्तगत अगर ऐसी चोरी की कोई वारदात हो रही है तो उस पर बकायदा कार्यवाही की जायेगी।

नगर पालिका वारासिवनी का वर्ष 2024-25 का बजट तैयार

४४१३६१०७३ आय ४३८८६१०७३ व्यय का लगाया गया अनुमान

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका वारासिवनी के द्वारा वित्तीय वर्ष २०२४-२५ का बजट तैयार कर शासन को भेजने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें वित्तीय वर्ष में नगर पालिका के समस्त साधनों से होने वाली आय का अनुमान लगाया गया है कि ४४ करोड़ १३ लाख ६१ हजार ७३ रुपए की वर्ष भर में समस्त साधनों से की जाएगी। जिसके लिए नगर के नागरिकों को विभिन्न प्रकार की जैसे कार्यालय स्थापना, कर्मचारियों को भत्ता ,मानदेय ,जल शाखा, विधुत शाखा ,पालिका की परिवहन व्यवस्था ,जलाशयों का निर्माण ,मरम्मत नाली निर्माण एवं मरम्मत मुख्यमंत्री अधोसंरचना साफ सफाई व्यवस्था सहित अन्य प्रकार की मदों में व्यय को लेकर अनुमानित राशि ४३ करोड़ ८८ लाख ६१ हजार ७३ रुपए है। जिसमें नगर पालिका को इस वित्तीय वर्ष में २५ लाख रुपए की वार्षिक बचत के साथ बजट तैयार किया गया हैं ताकि नगर के लोगों को अच्छी सुविधा दे सके। परंतु यह जो बजट तैयार किया गया है उसमें पूर्व की तरह ही बजट तैयार करने का आरोप नागरिकों के द्वारा लगाया जाता रहा है। की संबंधित मद में पूरी तरह खर्च नहीं किया गया। जिसका परिणाम रहा कि नगर में चारों तरफ शासन की राशि से बहेतर कार्य किया गया परंतु नगर पालिका के कार्यों में देरी रही।

कायाकल्प २.० को दी गई स्वीकृति

नगर पालिका परिषद वारासिवनी में परिषद की विशेष बैठक में वित्तीय वर्ष २०२४-२५ हेतु अनुमानित आय-व्यय बजट की स्वीकृति विचार एवं निर्णय करने के उपरांत विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें परिषद की महत्वाकांक्षी स्किम के रूप में कायाकल्प २.० के निर्णय पर सामूहिक स्वीकृति दी गई। जिसके माध्यम से नगर के विभिन्न वार्डों में ऐसे कार्य जो मरम्मत की राह देख रहे हैं या उनकी कायाकल्प की जानी है। उन्हें इस कार्य में लेकर नया स्वरूप देने का कार्य किया जाएगा। जिसमें पिछली मर्तबा सड़कों का कायाकल्प किया गया था अब और इस कायाकल्प योजना में नया कार्य किए जाने की बात कही जा रही है।

कलेक्टर दर पर दुकानों से लिया जायेगा टैक्स

नगर पालिका क्षेत्र में लीज एवं स्वयं के द्वारा अनेको दुकाने व्यापारी वर्ग के द्वारा संचालित की जा रही है । जिनके द्वारा नगर पालिका को वार्षिक रूप से किराया एवं संपत्ति पर दिया जा रहा है। जिसमें नगर पालिका के द्वारा इस वर्ष बजट प्रस्तुत करने के साथ ही नया निर्णय लिया गया है । कि नगर पालिका क्षेत्र में संचालित समस्त दुकानों का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा। जिसमें नया एसेसमेंट कर डिमांड जारी किया जाएगा और समस्त दुकानदारों से कलेक्टर दर की गाइडलाइन के तहत कर की वसूली की जाएगी। जिसमें वित्तीय वर्ष २०२४ अप्रैल माह से निश्चित बड़ी हुई दरों में दुकान संचालकों से वसूली की जाएगी।

वित्तीय वर्ष अप्रैल २०२४ से नई दर के माध्यम से टैक्स लिया जाएगा-दिशा डहेरिया

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिशा डहेरिया ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि इस वर्ष बजट में कायाकल्प २.० स्वीकृत कराया गया है । यह एक नया स्कीम लागू हुआ है और इसके साथ ही मुख्यमंत्री अधो संरचना फेस ४ में भी कार्य किया जाना है। वहीं बजट जो पेश किया गया है वह ४४१३६१०७३ की आय बताई गई है । वहीं ४३८८६१०७३ का व्यय है ,जिसमें अनुमानित २५ लख रुपए की बचत हमें करना है। इसके पूर्व के बजट में हमारे द्वारा १७ लाख १७ हजार रुपए की बचत की गई है उसी के आधार पर इस वर्ष भी बजट तैयार हुआ है। जिसमें वार्षिक मुद्दों में टैक्स बढ़ाने का कार्य लिया गया है । क्योंकि शहर क्षेत्र में नगर पालिका की दुकानों का करवृद्धि करने पर परिषद ने जोर दिया है। वित्तीय वर्ष अप्रैल से नई दर के माध्यम से टैक्स लिया जाएगा । यह कलेक्टर दर की गाइडलाइन के हिसाब से लिया जाएगा। जिसमें सभी दुकानों का पुनः मूल्यांकन होगा नया एसेसमेंट कर डिमांड जारी होगा इस पर सभी की वसूली होगी।

बलात्कार के आरोपी इमरान को न्यायालय ने भेजा जेल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत निवासी महिला के द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में वार्ड नंबर २ निवासी इमरान खान पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। जिसमें पुलिस ने इमरान खान को गिरफ्तार कर वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी महिला अपने बच्चों के साथ अपना जीवन व्यापन करती है । जो १५ नवंबर २०२३ को अपने मकान में अकेली थी उसी दौरान वार्ड नंबर २ सम्राट नगर निवासी उमरान उर्फ इमरान पिता जहीर खान महिला के घर में आकर जबरदस्ती शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार करने लगा। इसके बाद लगातार दुराचार करता रहा महिला के द्वारा १३ फरवरी २०२४ को विवाह करने के लिए कहा गया तो वह सीधे मुकर गया। जिस पर महिला के द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने प्रार्थी महिला की रिपोर्ट पर इमरान खान के खिलाफ भादवि की धारा ३७६ २ एन एसीएससी एक्ट की धारा ३ २ ५ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। वहीं इमरान खान को गिरफ्तार कर ११ मार्च को वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

3500 कीमत की दूषित और एक्सपायरी डेट वाली खाद्य सामग्री नष्ट की

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में रविवार को मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी कार्रवाई किरनापुर बाजार में की गई। इस कार्रवाई में दूषित और एक्सपायरी डेट वाले चिली सॉस, विनेगर, अचार, टोस्ट, बिस्किट, सोन पापड़ी और श्रीखंड नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री योगेश डोंगरे ने बताया कि ये सामग्री किसी का 100 ग्राम का पैकेट तो कोई 250 ग्राम में रखी गई थी। ऐसे पैकेट्स की जांच में पाया गया कि लगभग 5 किलो. के विभिन्न खाद्य पदार्थ जिनकी बाजार कीमत लगभग 3500 रुपये है। दल द्वारा मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके अलावा किरनापुर बाजार स्थित होटल यश कुमार, होटल तारन एवं बीकानेर स्वीट्स पर कार्यवाही करते हुए पनीर ,खोवा मिठाई, दही, लस्सी, नमकीन आदि के कुल 18 नमूने जांच हेतु लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजें गए। दूषित व एक्सपायरी डेट वाली खाद्य सामग्री बीकानेर स्वीट्स के निरीक्षण के दौरान पायी गई। वहीं होटल यश कुमार को साफ स्वच्छता एवं पानी निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए नोटिस दिया गया।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

न कानून, ना ही फर्ज

रूस-यूक्रेन संघर्ष में दूसरे भारतीय की मौत, जिसकी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है, यह बताती है कि रूसी सेना के लिए काम करने के वास्ते लुभाये गये भारतीयों को क्या कुछ भुगतना पड़ रहा है। युद्ध के मोर्चों पर फंसे दर्जनों भारतीयों की कहानी ने ङ्क जिसका खुलासा 'द हिंदू' की रिपोर्टों की एक शृंखला में किया गया था ङ्क इस हफ्ते सरकारी एजेंसियों को भारत में भर्ती करनेवालों पर कार्रवाई के लिए बाध्य किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने देश भर में वीजा रिक्रूटरों [विदेश में नौकरी का वीजा दिलाने वालों] पर छापामारी की तथा उनके खिलाफ मानव तस्करी और रूस की यात्रा के सिलसिले में लोगों (जिन्हें रूस में जबरन खतरनाक नौकरियों में धकेला गया) को झांसा देने के लिए मामले दर्ज किये। इनमें से कई लोगों को उन ऑनलाइन वीडियो विज्ञापनों के जरिए झांसा दिया गया जिनमें मोर्चे से दूर, सेना में 'जोखिमरहित नौकरियों' का वादा किया गया था, यहां तक कि पड़ोसी यूरोपीय शेंगेन राष्ट्रों में ज्यादा फायदेमंद नौकरियों का संकेत भी दिया गया था। अब विदेश मंत्रालय ने ऐसी पेशकश के जाल में नहीं फंसने के लिए, परामर्श व बयान जारी किये हैं। ताजा कब्जे वाले क्षेत्रों में रूस और यूक्रेन के बीच मोर्चे पर सीधी लड़ाई के गवाह बने इलाकों में तैनात भारतीयों के वीडियो सामने आने के बाद, सरकार और साथ ही मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि वे भारतीयों को घर लाने की खातिर उनकी समय-पूर्व कार्यमुक्ति के लिए रूसी सेना से बात कर रहे हैं।

सरकार की कार्रवाई में काफी देर हुई है। यह सूरत और हैदराबाद के उन दोनों युवकों के परिवार को ज्यादा ढांढस नहीं बंधाती जिनके शव अभी तक स्वदेश नहीं भेजे गये हैं। कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सबसे आश्चर्यजनक है कि सरकार ने सेना की नौकरियों के लिए रूसी पेशकश के खतरों के बारे में अब मुंह खोला है, जबकि यह साफ है कि ये ऑनलाइन विज्ञापन व भर्तियां महीनों से चल रहे हैं। ऐसा लगता है कि सरकार इस मसले से तब बाखबर हुई है जब हैदराबाद के एक सांसद ने जनवरी में विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के कुछ व्यक्तियों को वापस लाने में मदद मांगी। तब से, अधिकारियों ने पहले ही खतरनाक क्षेत्रों तक पहुंच चुके भारतीयों की संख्या ('लगभग 20') को लेकर अस्पष्ट विवरण दिये हैं। अब, सीबीआई छापों के बाद, उन्होंने कम से कम 35 व्यक्तियों की पहचान की है। रूस में मौजूद लोगों के वृत्तांतों के मुताबिक यह संख्या 100 से ऊपर है। सरकार को यह समझाना चाहिए कि मॉस्को से अच्छे संबंधों के बावजूद, वह सभी व्यक्तियों को वापस लाने के लिए मामले को रूसी प्राधिकारियों के सामने और मजबूती से क्यों नहीं रख पा रही है। वह इस सवाल से भी कतरा कर निकल गयी है कि उसने इसी दौरान एक अन्य संघर्ष क्षेत्र इजराइल के लिए बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान को मंजूरी क्यों दी है। भारतीय जिंदगियां मायने रखती हैं - यह बात घरेलू स्तर पर, और अपने विदेशी सहयोगियों के सामने साफ करने के लिए, एक ज्यादा व्यवस्थित, पारदर्शी और मानवीय दृष्टिकोण की जरूरत होगी। प्राथमिकता उन्हें सुरक्षित घर लाना है, लेकिन यह भी सुनिश्चित करना है कि घर में कठिन आर्थिक स्थिति के चलते दूसरे लोग इस खतरनाक स्थिति में न फंसें।

देश में चुनावों से पहले विकास की बरसात....

7 लोकसभा चुनाव से पहले देश में विकास की ऐसी बरसात हो रही है कि पिछड़ापन लगता है कहीं बचेगा ही नहीं। हम कल की ही बात करें तो एक ही दिन में सरकार ने 6 नए हवाई अड्डे , छह नए टर्मिनल का लोकार्पण करने के साथ ही हजारों करोड़ रूपये की नयी योजनाओं की आधारशिलाएं रख दीं। देश में ये विकास राजनीति के पश्चिमी विक्षोभ का नतीजा है। न चुनाव होते और न देश में विकास की झड़ी लगती । लगता है कि सरकार विकास की मेघमाला को चुनावों के लिए ही रोककर रखती है। इस हवा-हवाई विकास की हकीकत क्या है ये समझना जरूरी है।

चुनावों से पहले देश में विकास की बरसात हमेशा से होती आई है किन्तु भाजपा की सिंगल और डबल इंजन की सरकारों ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए गठबंधन के लिए 400 सीटें जीतने के आसमानी लक्ष्य को पाने के लिए विकास की बरसातों के सभी पुराने कीर्तिमान भंग कर दिए हैं। मौजूदा सरकार को कीर्तिमान भंग करने में महारत हासिल है । सरजू तट पर दीपक जलाने से लेकर ,सरकारें खरीदने,गिराने और विकास की बरसातें करने तक के सभी पुराने कीर्तिमान हमारी इसी लोकप्रिय सरकार ने भंग किये हैं। कांग्रेस की अव्वल तो सरकारें कम हैं और जो भी हैं वे भी नए कीर्तिमान गढ़ने में भाजपा से कोसों पीछे हैं।

देश की जनता को हैरानी होती है की 74 साल के प्रधानमंत्री में इतनी ऊर्जा कहाँ से आती है जो वे उत्तर -पूर्व से लेकर पूरे देश में चुनावी दौरे ऐसे कर रहे हैं जैसे की कोई तूफान खड़ा करना कहते हों। प्रधानमंत्री ने 10 मार्च को ही 15 हवाई ईंफ्रा स्ट्रक्चर का लोकार्पण किया। इनमें छह नए हवाई अड्डे शामिल हैं। प्रधानमंत्री जी भले ही मणिपुर नहीं गए हों लेकिन वे उन सभी हिस्सों में गए जहाँ से सीटें मिल सकती है। वे बिहार गए,बंगाल गए,यूपी तो जाते ही रहते हैं। एमपी गए ,महाराष्ट्र गए और जहाँ नहीं जा पाए वहां उन्होंने अपनी आभासी उपस्थिति [वर्चुअल] से लोगों को नवाजा। अतीत में ये क्षमता सुर और असुर दोनों पक्षों के पास थी। अब कलिकाल में ये मायावी शक्ति केवल सत्ता पक्ष के पास बची है।

दो-दो इंजन लगाकर सरकारें चलाने वाली भाजपा ने जान और मान लिया है कि जुमलेबाजी में विकास का छोंक लगाए बिना बात बनने वाली नहीं है । देश को आप चाहे हिन्दू राष्ट्र बनाइये , चाहे अहिन्दू राष्ट्र बिना विकास के बात बनने वाली नहीं है। किसी भी देश में विकास पहली जरूरत होती है । जहाँ विकास को तरजीह नहीं दी जाती वहां बारूद ही बारूद बिछी दिखाई देती है। आसपास नजरें उठाकर देख लीजिये ,हकीकत समझ में आ जाएगी।

राष्ट्र को राष्ट्र बनाये रखने के लिए सबसे पहले खुद को उदार बनाना जरूरी है। आप जुमलों से खुद को बिजूका बनाकर लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। और यदि कर रहे हैं तो ये आपका सौभाग्य है।

देश का विपक्ष और एक बड़ा वर्ग प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को खलनायक मानता है ,किन्तु मै ऐसा नहीं मानता,क्योंकि खुद मोदी जी ऐसा नहीं मानते । वे भले ही देश की 31 फीसदी जनता द्वारा चुनी गयी भाजपा के नेता हैं लेकिन हैं तो देश के प्रधानमंत्री ,इसलिए मै उन्हें खलनायक नहीं मान सकता भले ही वे खलनायकों की तरह व्यवहार करते नजर आते हों। खलनायक के भीतर भी तो एक नायक छिपा है। नायक,खलनायक और अधिनायक में जो गैर जरूरी शब्द हैं उन्हें यदि अलग कर दिया जाये तो शेष नायक ही बचता है। देश पर विकास की बरसात आखिर मोदी जी से ,भाजपा से कोई अंतर्निहित नायक ही करा रहा है।

समस्या ये है कि हम या हमारी राजनीति कभी ये सवाल नहीं करती कि सरकारें विकास को एक सतत प्रक्रिया बनाये रखने के बजाय उसका इस्तेमाल एक चारे के रूप में क्यों करतीं है। सरकारों को विकास की याद न चुनावों के समय ही क्यों आती है ? क्या वे चुनावों के लिए विकास को अवरुद्ध करने का अपराध नहीं करतीं ? विकास को एक जरूरत के बजाय राजनीतिक हथियार क्यों बना दिया गया है ? क्या इससे मुक्ति आवश्यक नहीं है ,या सभी राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर कोई दुरभि संधि कर ली है ?

परिश्रमी,दृढ प्रतिज्ञ और तपोनिष्ठ प्रधानमंत्री जी का दुर्भाग्य ये है कि अब उनके द्वारा एक दशक में बनाये गए हवामहल की ईंटे खिसकने लगीं है। अभी तक उनके द्वारा खोले गए शरणार्थी शिविरों में कांग्रेस और दीगर दलों के शरणार्थी नेता शरण ले रहे थे किन्तु अब उनकी पार्टी से भी लोग पलायन कर उनकी प्रतिद्वंदी कांग्रेस के शरणार्थी शिविरों में जाते दिखाई देने लगे हैं। हरियाणा से पहले मध्यप्रदेश में इसकी शुरुवात हुई थी । अब पूरे देश के अलग-अलग हिस्सों से प्रधानमंत्री के अधिनायकत्व से खिन्न लोग भाग रहे है। या बगावत कर रहे हैं। चूंकि कानून होने के बाद भी अब दल-बदल कोई अपराध या अनैतिक कृत्य नहीं है इसलिए सभी के लिए ये क्षम्य है। भाजपा में जिस तरह से कांग्रेस का काठ-कबाड़ भरा गया है उससे भाजपा के आम कार्यकर्ता में भारी असंतोष है ,जो विकास की बेमौसम बरसात पर भारी पड़ सकता है।

चूंकि हम भाजपा के भाग्यविधाताओं की मजबूरी को समझते हैं इसलिए हमारी उनके प्रति सहानुभूति है। हमारी सहानुभूति को आप अन्यथा मत लीजिये। देश को तोड़ना और जोड़ना दो अलगअलग काम हैं जो राजनीतिक दल अपनी-अपनी समझ और सामर्थ्य से कर रहे हैं जनता धर्म के नशे में है लेकिन धीरे-धीरे धर्म का नशा उतर रहा है। उम्मीद की जाना चाहिए कि नशामुक्त अवाम अपने भविष्य का फैसला समझदारी से करेगी और नहीं करेगी तो खुद ही भुगतेगी। इसमने हमारा आपका कोई कसूर नहीं होगा। हम और आप मिलाकर अपनी क्षमता से नशे की गिरफ्त में आयु अवाम को झकझोरने का यत्न,प्रयत्न लगातार कर रहे हैं। ये जोखिम का काम है फिर भी हमने इसे छोड़ा नहीं है । कहते हैं कि जब कोई खलनायक अपनी खलवृत्ति को नहीं छोड़ता तो किसी सज्जन व्यक्ति को भी अपनी सज्जनता का त्याग नहीं करना चाहिए।

कुल जमा बात ये है कि आप विकास की बेमौसम बरसात के आनंद लीजिये लेकिन ठीक वैसे ही जैसे एक पर्यटक लेता है । हकीकत समझिये कि ये विकास बरसाती ही है ,टिकाऊ नहीं। ये एक चारा है जो मतदाता नाम की मछली को फंसाने के लिए काटेनुमा वंशी के नुकीले सिरे पर लगाई जाती है। चारे के लालच में यदि आपने बरसाती विकास के लिए अपना मुंह खोला तो आपका शिकार होना बहुत स्वाभाविक है। बरसाती विकास उस मांजे की तरह है जो किसी भी मछली के लिए घातक होता है।

- राकेश अचल

(कहो तो कह दूं)

कांग्रेस में पतझड़ तो भाजपा में बहार का मौसम

ऊपर वाले ने तीन प्रमुख मौसम बनाए ठंड, गर्मी, बरसात तीनों मौसम हर व्यक्ति के लिए एक से होते हैं अगर गर्मी है तो सबको गर्मी लगती है अगर ठंड है तो हर व्यक्ति रजाई ढूंढता है और अगर बरसात है तो सारे लोग भीग जाते हैं इन मौसमों के बीच में कुछ और छोटे-मोटे मौसम होते हैंजैसे बसंत, शरद, शिशिर, बहार, पतझड़ लेकिन आजकल का दो प्रमुख राजनीतिक दलों में एक साथ दो अलग-अलग मौसम चल रहे हैं हम बात कर रहे हैं कांग्रेस और भाजपा की कांग्रेस में इन दिनों पतझड़ का मौसम है रोजाना कांग्रेस के बट वृक्ष से एक न एक पुराना पत्ता गिरता है और जाकर भाजपा की बहार में शामिल हो जाता है जिस गति से कांग्रेस के नेता रुपी पत्ते रोजाना गिरते जा रहे हैं उस हिसाब से बहुत जल्द वह ठूंठ बनकर रह जाएगा ।अब दिक्कत ये है कि बट वृक्ष को ना तो खाद मिल रही है और ना ही पानी, इधर भाजपा में चौतरफा बहार ही बहार है सारे पत्ते फल फूल रहे हैं बाहर से आए पत्तों को भी पेड़ की ऊंची ऊंची डगालों में सुशोभित किया जा रहा है लेकिन इन सब के बीच अपने भाजपा के पुराने पत्ते बेचारे बड़े दुखी हैं जिंदगी भर जिस पेड़ को हरा भरा रखा उस पेड़ पर उनकी कोई औकात ही नहीं बची उनके सर के ऊपर कांग्रेस के पतझड़ के पत्तों को सजाया जा रहा है। दरअसल ये राजनीति है ही ऐसी चीज सत्ता के लिए तमाम राजनीतिक दल साम ,दाम दंड भेद तमाम तरह की चीजों को अपना लेते हैं कल तक जो बड़े-बड़े नेता कांग्रेस के बड़े-बड़े पदों पर रहे मंत्री रहे, सांसद रहे उन्हें अचानक कांग्रेस की नीतियों से नफरत हो गई उनका कहना है कि आज की कांग्रेस वो कांग्रेस नहीं रह गई है तो भैया आप भी तो वो कांग्रेसी अब वो कांग्रेसी नहीं रहे यह भी तो सोचो और फिर परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है जमाना वो भी था जब कांग्रेस पूर्ण बहुमत में हुआ करती थी अब उसको एक सैकड़ा तक पहुंचने में सांस फूली जा रही है कहते हैं ना कभी नाव पानी के ऊपर तो कभी पानी नाव के भीतर यही हाल कांग्रेस और भाजपा का है लेकिन जिस तेज गति से पतझड़ की हवाएं कांग्रेस रूपी पेड़ के खिलाफ चल रही है वो कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के लिए चुनौती तो है उसको देखना होगा कि कहीं ऐसा ना हो कि पत्तों के साथ-साथ पूरा पेड़ ही जड़ से उखड़ जाए लेकिन यह भी कहा जाता है कि जब पतझड़ आता है तो पुरानी पत्तियां टूट कर बिखर जाती हैं लेकिन उसके बाद नई कोपलें आना शुरू होती है जो बाद में बड़ी पत्ती का रूप धारण कर लेती अपने को तो लगता है कांग्रेस यही सोचकर पुरानी पत्तियों को समेटना नहीं चाहता ,लेकिन जिस तरह से कांग्रेस से उसके नेता नाता तोड़ रहे हैं उस पर किसी शायर की ये पंक्तियां बिल्कुल सटीक बैठती हैं पतझड़ भी हिस्सा है जिंदगी के मौसम का, फर्क इतना है कुदरतमें पत्ते टूटते हैं और हकीकत में रिश्ते

मानते हैं उनकी हिम्मत को

अखबारों में एक खबर बड़ी सुर्खियों में है कि मीडिया टायकून अरबपति रूपर्ट माडोक जिनकी उम्र 92 वर्ष की हो चुकी है वे आप पांचवी शादी करने की तैयारी में हैं और उनकी जो प्रेमिका है ना है वो भी कोई कमसिन हसीना नहीं बल्कि बल्कि 67 साल की डुकरिया है मानते हैं अपन उनकी हिम्मत को दाददेने की इच्छा होती है उनके पौरुष पर, यहां तो ईसान एक बीवी से परेशान है और उसे संभालने में जिंदगी व्यतीत हो जाती है लेकिन भाई साहब को तो देखो एक नहीं, दो नहीं, तीन नहीं, चार नहीं अब पांचवी शादी की तैयारी में लेकिन कहते हैं ना मोहब्बत की कोई उम्र नहीं होती, कब किस से आंख लड़ जाए यह कहना बड़ा मुश्किल है भाई साहब की उम्र भले ही 92 साल की हो गई हो लेकिन उनका जो दिल है वो अभी भी 16 साल जैसा धड़कता है यही कारण है कि पांचवीं बार हल्दी लगवाने तैयार हैं अपनी तरफ से साहब को पांचवी शादी की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं भगवान उन्हें और भी लंबी उम्र दे ताकि वे छठवीं और सातवीं शादी भी कर सकें क्योंकि जिसकी चार बीवियां अनसेरुखसात हो गई हों पांचवी उसके साथ कब तक रहती है यह कहना बड़ा मुश्किल है बहरहाल उनकी जिंदा दिल्ली को तो सलाम करना ही पड़ेगा लोग बाग 92 साल में खटिया से नहीं उठ पाए लेकिन उनकी हिम्मत तो देखो सात फेरे लेने तैयार हैं।

उमाजी करें तो क्या करें

एक जमाने में फायर ब्रांड नेता कहीं जाने वाली प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रही उमा भारती इन दिनों भारी परेशान हैं उन्हें समझ में नहीं आ रहा कि करें तो क्या करें भाजपा ने तो उन्हें दूध से मक्खी जैसा निकाल कर बाहर कर दिया है अब अपने वजूद को बचाने के लिए तरह तरह के जतन करती हैं कभी शराब की दुकान में ईंट मारती हैं तो कभी कहती हैं कि मैं लोकसभा का चुनाव लड़ूंगी और फिर जब टिकट नहीं मिलती तो कहती है कि मैं लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ूंगी। उनके चाहने वाले भी भारी पशोपेश में है कि उनकी कौन सी बात पर भरोसा करें और कौन सी बात पर भरोसा ना करें लेकिन कहते हैं ना राजनीति में कब किसका सूरज उदय हो जाए और कब अस्त की ओर चल पड़ेयह भी कहना बड़ा मुश्किल और नामुमकिन होता है उमा जी को भी पहले अपने हाई कमान से यह कंफर्म कर लेना चाहिए था कि उन्हें चुनाव लड़वाया जाएगा या नहीं उसके बाद यह बयान देना था कि मैं चुनाव लड़ूंगी अब जब टिकट नहीं मिल रही है तो मजबूरी में कहना पड़ रहा है कि मेरा मन चुनाव लड़ने का नहीं है बीच में बता रही थी कि मैं हिमालय चली जाऊंगी फिर बाद में पता लगा कि नहीं हिमालय नहीं जा रही हैं दिक्कत ऊमा जी के साथ ये है कि जिस उमा भारती की एक जमाने में तूती बोला करती थी उन्हें पार्टी ने हासिए पर रख दिया है और जब कोई राजनीतिक व्यक्ति को हासिये पर रख दिया जाता है तो उसकी मनो दशा कैसी होती है ये उमा भारती से ज्यादा बेहतर और कोई नहीं जान सकता लेकिन उमा जी को इस बात से संतोष कर लेना चाहिए कि जब उनके गुरु आडवाणी और मुरली मनोहर जैसे नेता किनारे कर दिए गए हैं तो फिर उनको किनारे कर भी दिया तो बुरा मानने वाली कोई बात नहीं है अब उमा भारती को यही गीत गुनगुनाना चाहिए।

सुख भरे दिन बीते रे भैया अब दुख आयो रे.
सुपर हिट ऑफ द चीक
श्रीमान जी का ज्ञान

काफी लंबी खोज केबाद पता चला है कि पति पत्नी के बीच होने वाले झगड़ों की मुख्य वजह है पंडित क्योंकि उसी ने ही फेरों के वक्त आग में घी डाल था।

-चैतन्य भट्ट

दक्षिण एशिया का सर्वश्रेष्ठ नेत्र अस्पताल लहान का सागरमाथा चौधरी आंखा अस्पताल

नेपाल के लहान में स्थित में सागरमाथा चौधरी नेत्र अस्पताल पूर्वी नेपाल और भारत के पड़ोसी जिलों के निवासियों के लिए एक गैर-लाभकारी नेत्र अस्पताल है। सागरमाथा चौधरी आई हॉस्पिटल (एसचीईएच) पूर्वी नेपाल में भारत की सीमा के पास तराई (तराई) क्षेत्र में 450 बिस्तरों वाला अस्पताल है। यह अस्पताल नेत्र मरीजों के लिए वरदान है। यहां भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के साथ -साथ नेपाल के लोग आते हैं। नेत्र रोगों की इलाज के लिए कम खर्च का बेहतरीन अस्पताल है। यहाँ का अस्पताल बहुत लोगों की रोजी रोटी का आधार है। सोजून के दौरान, सप्ताह में छह से सात दिन, हर दिन 300-400 मोतियाबिंद ऑपरेशन होते हैं। औसतन, सर्जन प्रतिदिन 60-70 मोतियाबिंद ऑपरेशन करते हैं, या पीक सीजून के दौरान 12 घंटे की शिफ्ट में 100 ऑपरेशन तक करते हैं।

गुणवत्ता में सुधार और मानकों में सुधार के लिए अस्पताल नियमित रूप से सर्जरी के परिणामों की निगरानी करता है, जिससे यह एक उत्कृष्ट प्रतिष्ठा विकसित करने में सक्षम हुआ है। अधिकांश मरीज मानते हैं कि दी जाने वाली सर्जरी सस्ती है। मैनुअल छोटे चीरे वाली मोतियाबिंद सर्जरी की लागत प्रति आंख 1,200 नेपाली रुपये से कम है, जो नेपाल और पड़ोसी भारतीय राज्य बिहार दोनों में मासिक न्यूनतम वेतन का लगभग 10वां है। परिणामस्वरूप,अब नेपाल में अपनी मोतियाबिंद सर्जरी सेवाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा नहीं देता है, क्योंकि ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हालाँकि, भारत में, समुदाय में मोतियाबिंद प्रेरक हैं जो रोगियों को भर्ती करते हैं और अस्पताल तक बस यात्रा की व्यवस्था करके उनकी मदद करते हैं।

1978 के अंत में रोगियों के परेशानी मुक्त और सुविधाजनक नेत्र उपचार के लिए महासचिव डॉ.राम प्रसाद पोखरेल के नेतृत्व और जनरल रवि शमशेरजी की अध्यक्षता में नेपाल नेत्र ज्योति संघ की स्थापना की गयी थी। नेपाल नेत्र ज्योति संघ ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघों और संगठनों से नेपाल में अंधापन खत्म करने के लिए समर्थन देने

की अपील की। क्रिस्टोफ़ेल ब्लाइंडन मिशन, सीबीएम ने दिसंबर 1982 में एक समझौते के बाद समाज कल्याण परिषद और नेपाल नेत्र ज्योति संघ के साथ सहयोग शुरू किया। सीबीएम के डॉ. अल्ब्रेक्ट हेनिंग ने 1983 में लहान में राम कुमार सारदा उमा प्रसाद मुरारका के सार्वजनिक जिला अस्पताल में नेत्र रोगियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही थी, डॉ. हेनिंग को नेत्र अस्पताल के लिए एक अलग भवन की आवश्यकता महसूस हुई। इसके लिए उन्होंने पशुपति हाई स्कूल के प्राचार्य श्री कामेश्वर चौधरी के माध्यम से लहान के विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क करना और अपील करना शुरू किया। चूंकि अपील मानवीय उद्देश्य के लिए थी, इसलिए लहन में चौधरी परिवार ने रुचि दिखाई और भूमि दान पर चर्चा और अंतिम रूप देने के लिए श्री पद्मा एन. चौधरी को जिम्मेदारी सौंपी। अंत में, दाता चौधरी परिवार की ओर से एनएनजेएस महासचिव, डॉ. राम प्रसाद पोखरेल और श्री पी.एन. चौधरी द्वारा एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के अनुसार, लहान के सामाजिक कार्यकर्ताओं श्री छवि लाल चौधरी, श्री सरोवर लाल चौधरी और श्री रवीन्द्र लाल चौधरी ने इस नेक काम के लिए लहान और हरदिया में जमीन दान की है।अस्पताल से 12 बिस्तरों वाला नेत्र देखभाल केंद्र शुरू किया।

सीबीएम ने इस दान की गई भूमि पर 50 बिस्तरों वाले नेत्र अस्पताल का निर्माण करके अपना वित्तीय समर्थन बढ़ाया। समाज सेवा से प्रेरित समर्पण और निःस्वार्थता के साथ, डॉ. हेनिंग और उनकी टीम ने सागरमाथा चौधरी आई हॉस्पिटल के माध्यम से सबसे जरूरतमंद लोगों की सेवा की। सेवाओं में बढ़ते विश्वास और नेत्र देखभाल में बढ़ती मांग ने कम समय में उच्च प्रौद्योगिकियों के साथ 450 बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित करने में मदद की। इस नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 1986 में वर्तमान राजा बीरेंद्र बीर विक्रम शाह ने किया था।

डॉ. अल्ब्रेक्ट हेनिंग ने 1981 में पाकिस्तान में सीबीएम (क्रिस्टोफेल ब्लाइंडनमिशन) के लिए काम करना शुरू किया और 1983 से लाहान/नेपाल में रह रहकर और काम करना आरंभ किया। जहां उन्होंने सागरमाथा चौधरी नेत्र अस्पताल को दक्षिण एशिया के सर्वश्रेष्ठ नेत्र अस्पताल में से एक बनाने में मदद की है। अकेले 2004 में, उन्होंने और उनकी टीम ने 48,000 से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन किए। बहुत ही मामूली शुरुआत से, उन्होंने सागरमाथा चौधरी आई हॉस्पिटल (एससीईएच) के विकास की देखरेख की, और अपने पीछे एक सफल विरासत छोड़ गए।

वर्ष 1983 में लहान में 12 बिस्तरों वाले अस्पताल के रूप में शुरू हुआ अस्पताल अब दो उच्च क्षमता वाले अस्पतालों और आठ प्राथमिक देखभाल केंद्रों के नेटवर्क में विकसित हो गया है। और सागरमाथा चौधरी नेत्र अस्पताल (एससीईएच) के शीर्ष पर एक प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अल्ब्रेक्ट हेनिंग हैं। सीबीएम और नेपाल नेत्र ज्योति संघ के बीच एक सहयोग, इसे अब पूर्वी क्षेत्रीय नेत्र देखभाल कार्यक्रम (ईआरईसी-पी) कहा जाता है। और डॉ. हेनिंग के 30 वर्षों से अधिक के समर्पण और प्रतिबद्धता ने, उनके उत्कृष्ट शल्य चिकित्सा कौशल और शिक्षण के साथ मिलकर, अंतर पैदा किया है। हज़ारों जिंदगियों में देख पाने या न देख पाने का,कई मायनों में ये परिणाम डॉ. हेनिंग के परिणाम हैं।

डॉ. हेनिंग ने नेपाल और भारत के कुछ पड़ोसी राज्यों में लक्षित आबादी पर ईआरईसी-पी के विकास और प्रभाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1983 से 2011 तक, कार्यक्रम ने 3,876,939 रोगियों को नेत्र उपचार प्रदान किया है और 874,270 सर्जरी की हैं। डॉ. हेनिंग के नेतृत्व में प्रेरित टीम 700 बाह्य रोगियों की जांच करती है, और व्यस्त मौसम के दौरान प्रति दिन 300-400 सर्जरी करती है - वास्तव में एक प्रशंसनीय उपलब्धि।

डॉ. हेनिंग के प्रतिबद्ध और पेशेवर नेतृत्व ने सभी रोगियों के लिए समर्पित, उच्च गुणवत्ता, निष्पक्ष और प्रभावी सेवा की एक संगठनात्मक संस्कृति का निर्माण किया है। उन्होंने 1,20,000 से अधिक मोतियाबिंद सर्जरी और बच्चों की बड़ी संख्या में मोतियाबिंद सर्जरी की हैं।

उन्हें एक विशेष टांके रहित मोतियाबिंद सर्जिकल ऑपरेशन विकसित करने के लिए भी जाना जाता है, जिसे फिग्ग हुक तकनीक के नाम से जाना जाता है, जिसका अब दुनिया भर में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

डॉ. हेनिंग की गर्मजोशी और विशेषज्ञ देखभाल के तहत, शर्मीले और संकोची बच्चे धीरे-धीरे खिलते हैं क्योंकि उनकी दृष्टि में सुधार होता है, और जब वे घर जाने के लिए तैयार होते हैं तो वे सक्रिय और बातूनी हो जाते हैं।

डॉ. हेनिंग कहते हैं, बच्चों में इस सकारात्मक बदलाव को देखना और यह जानना कि उनकी दृष्टि में सुधार के साथ उन्हें जीवन में बेहतर अवसर मिलेंगे, यह मेरा सबसे बड़ा पुरस्कार है।

- -कुमार कृष्णन

इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर। सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही, किन्तु दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे :-

चाँदी (9999) 73400, चाँदी (99) 73300, टंच 72600, सिक्का 800, सोना 10 ग्राम 65000,

इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर। लेवाली अच्छी रहने से सोमवार को खाद्य तेलों में बाजार तेजी के रहे। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। दलहनों में मसूर घटाकर बोली गयी। किराना जिंसों में शक्कर व खोपरा गोला मजबूती पर रहा।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा कम ही रही, किन्तु बाजार तेजी के रहे। सोया तेल रिफाइंड मालों में 970-972 रू. प्रति 10 किलो पर मजबूत देखा गया। तिलहनों में सरसो व रायडा टिका रहा। दलहनों में मसूर 25-50 रू. प्रति क्विंटल घटाकर बोली गयी। उधर, किराना जिंसों में शक्कर व खोपरा गोला मजबूत बना रहा। भाव इस प्रकार रहे :-

किराना :- शक्कर 3770-3820, खोपरा गोला 115-128, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 260-270, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारिक 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-650, बेस्ट 700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2100-2300, बोल्ड 2400-2500, एक्ट्रा बोल्ड 2550-2600, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1400-1450, (160) 1400-1500, (200) 1400-1500, (250) 1650-1750

तेल :- सींगदाना 1480-1500, मुम्बई 1490, राजकोट तेलिया 2320, सोया साल्वेंट 920-925, सोया रिफाइंड 970-972, कपास्या 920, धूलिया 925, कड़ी 930,

रात की धारणा :- गुजरात लुज 1450, मुम्बई पाम 920, मुम्बई सोया 970,

खली :- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1825, देवास-उज्जैन 1825, खंडवा-बुरहानपुर 1800, अकोला 2850 (प्रति क्विंटल)

तिलहन :- सरसो 6100-6300, रायडा 4100-4400, सोयाबीन 4350-4400, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

दलहन :- चना कांटेवाला बेस्ट 5850-5900, एवरेज 5650-5750, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5850-5875, एवरेज 5650-5675, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9600-9700, एवरेज 9400-9500, हल्की 8800-8900, तुअर महाराष्ट्र 10200-10300, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

दाल :- चना दाल एवरेज 7600-7700, मीडियम 7800-7900, बेस्ट 8000-8100, तुअर दाल सवा नं. 13100-13200, तुअर दाल फूल 13900-14000, तुअर दाल बोल्ड 14700-15000, मसूर दाल एवरेज 7100-7200, बेस्ट 7300-7400, मूंग दाल 10400-10500, बोल्ड 10600-10700, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 10700-10800, बोल्ड 10900-11000, मोगर 10800-10900, बोल्ड 11000-11100,

अनाज :- गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

चावल :- चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

मावा - इन्दौर 300, उज्जैन 260, रतलाम 260 रू. प्रति किलो।

सोना पहली बार 65,500 के पार

नई दिल्ली । सोना सोमवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 680 रुपए बढकर 65,635 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 7 मार्च को सोना पहली बार 65 हजार के पार निकला था। वहीं, चांदी में भी तेजी है। ये 274 रुपए महंगी होकर 72,539 रुपए प्रति किलो ग्राम के भाव पर बंद हुई। इससे पहले बीते दिन चांदी का भाव 72,265 रुपए था। चांदी ने बीते साल यानी 2023 में 4 दिसंबर को 77,073 का ऑल टाइम हाई बनाया था। मार्च में अब तक सोने-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली है। महीने की शुरुआत यानी 1 मार्च को सोना 62,592 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 11 मार्च को 65,635 रुपए पर आ गया है। यानी सिर्फ 11 दिनों में ही इसकी कीमत में 3,043 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। जो जातक नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे थे, तो उन्हें किसी दूसरी नौकरी के ऑफर आ सकता है। आपको पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल नहीं करनी है, नहीं तो इसमें आपको कोई नुकसान हो सकता है। आपके विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी।

वृषभ राशि- आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। जो जातक नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे थे, तो उन्हें किसी दूसरी नौकरी के ऑफर आ सकता है। आपको पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल नहीं करनी है, नहीं तो इसमें आपको कोई नुकसान हो सकता है। आपके विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके परिवार में किसी सदस्य को रिटायरमेंट मिलने से सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों के बॉस आज उनके कामों से प्रसन्न रहेंगे, जिस कारण उनके वेतन में भी वृद्धि हो सकती है।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी आय को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे, जिनमें आप सफल रहेंगे। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई लिखाई से हटकर इधर-उधर के कामों में लग सकता है, जिससे उनकी परीक्षा में समस्या होगी। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं, जिसे आप पूरी अवश्य करेंगे। जीवनसाथी के मनमाने व्यवहार के कारण आप परेशान रहेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपका अपने पिताजी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है और आपको कोई बड़ा निवेश करने से बचना होगा। संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरी उतरेगी। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे और आपको किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने की कोशिश करनी होगी।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर लगाम लगाने के लिए रहेगा। आप अपने खर्चों को लेकर परेशान रहेंगे और पिताजी आपसे खर्चों का लेखा-जोखा मांग सकते हैं। आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। यदि आपने किसी पुरानी योजना की शुरुआत की थी, तो वह गति पकड़ सकती हैं।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी। यदि आप किसी योजना को लेकर लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होगी। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में बॉस आपके कामों से प्रसन्न रहेंगे, जिस कारण आपको प्रमोशन मिल सकता है। सरकारी योजनाओं का आप पूरा लाभ उठाएंगे और आपको किसी काम में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो उसके लिए अपने पिताजी से बातचीत करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने के लिए आ सकता है।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में आप अपनी सोच समझ से लाभ उठाएंगे और लोग भी आपके सहयोगी नजर आएंगे, लेकिन आपको कुछ ईर्ष्यालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको किसी काम के पूरा न होने से समस्या होगी। माताजी से आप किसी बात को लेकर बेवजह उलझ सकते हैं, जिसके बाद वह आपसे नाराज रहेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को अपनी आय व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा, नहीं तो आप धन अत्यधिक खर्च करेंगे। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा और आपकी छवि चारों ओर फैलेगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप बिजनेस के किसी काम को लेकर लंबी दूरी पर जा सकते हैं, जो आपके लिए नुकसानदायक रहेगी, क्योंकि वाहन की अक्समात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आप अपने कामों को लेकर भागदौड़ अधिक करेंगे, जिसके कारण मौसम का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता हैं और आपको कोई चोट चपेट आदि की संभावना भी बनती दिख रही है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए कुछ कमजोर रहने वाला है। बिजनेस की योजनाओं से अच्छा लाभ न मिलने से आपका मन परेशान रहेगा और आप अपनी माताजी से अपने मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं। यदि आपने बिजनेस में कुछ नई योजनाओं की शुरुआत की थी, तो उनसे आपको मन मुताबिक लाभ न मिलने से आपका मन परेशान रहेगा।

शब्दजाल - 7476

जि	दि	ल	ज	ले	म	ज	ब	न	र	क
दा	स	यू	न	आ	वा	ग्री	द	इ	ह	ल
स	व	दे	पू	ह	जी	ल	न	ग	क	हो
र	ची	न	श	ट	ज	ज्ञा	म	पा	त	न
फ	त	ई	ड	में	व	खें	न	भा	र्क	हो
रो	मे	म	सु	न	गं	पू	न	ई	र	रू
श	जं	ज	मे	ता	क	गा	श	न	ज	री
क	ल	ग	र	सं	ज	ख्म	र	ली	न	है
ब्रे	बो	र्न	य	सा	चि	क	री	ह	प	ला
त	रा	जु	न	ज	ह	त्र	टा	जी	ता	त
बे	बी	लो	नि	या	ल	ब	र	रा	त	हैं

शब्दजाल में शोनाली बेन्द्रे की १० फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

सरफरोश, मेजर साहब, जख्म, दिलजले, भाई, लज्जा, कल हो न हो, तराजु, आहट, जिस देश में गंगा रहता है.

शब्दजाल - 7475 का हल

ऐ	म	मा	अ	शो	का	म	न	ह	क	रा
हा	त	सू	ह	रौ	ल	जी	स	ल	का	ज
चु	वी	रा	द	अ	फ्यु	त	र	म	ल	वी.
प	र	दा	ज	ल	क	जी	ओ	मु	व	त
चु	अ	न	ष	ठा	म	मी	छ	झे	सी	ला
प	मी	ज	स	जि	स्वा	क	प	कु	गु	श
के	ह	बु	न	वी	म	मी	टे	छ	हा	ण
न	पू	सु	पा	वी	पं.	सौ	ल	क	ना	स
मों	रे	क	सू	ह	ग	ने	ने	ह	न	त
आ	प	चे	व	फा	दी	र	ह	ना	क	थ
दो	स्ती	न	प	द	न	इ	ह	है	ह	धी

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6420



बायें से दायें:-

१. फिल्म 'कर्ज' में नायिका कौन थी-२
२. फिल्म 'चला मुरारी हीरो बनने' का नायक कौन था-४
६. फिल्म 'अभय' में दोहरी भूमिका करने वाला नायक -३
७. 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'विश्वनाथ' में शत्रुघ्न सिन्हा के साथ नायिका कौन थी-२
१०. फिल्म 'मैं ने प्यार किया' में सलमान खान की माँ की भूमिका किसने की थी-२
११. हेमा मालिनी वाली फिल्म 'प्रेमनगर' का नायक कौन था?-३
१६. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
१७. संजय, चंद्रचूड़, महिमा चौधरी की फिल्म-२,१,३
१८. 'मेरे दिल ने जो माँगा' गीत वाली फिल्म-४
२०. फिल्म जिसमें राजकपूर का डबल रोल था-२
२१. 'तू कितने बरस की' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२३. ऋषिकपूर, जेबा की 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
२४. फिल्म 'शोले' में अमिताभ के किरदार का क्या नाम था?-२
२६. फिल्म जगत में राजेश खन्ना का प्रचलित नाम-२
२८. सलमान. रेवती की 'आजा गिव मी ए किस' गीत वाली फिल्म-२
३०.'इस जहाँ की' गीत वाली जैकी, अनु अग्रवाल, नगमा की फिल्म-२,३
३१. लोकप्रिय गीत 'इश्क कमीना' गीत वाली फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'बहुत खूबसूरत गजल' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
२. फिल्म 'गदर' में अमीषा पटेल के पिता की भूमिका किसने की थी?-४
३. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
४. 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
५. विश्वजीत, राजश्री की ' ना ये जमीं थी ना आसमाँ' गीत वाली फिल्म-३
९. 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१२. 'हम प्यार में जलनेवालों को' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'तुम मुझे यूँ' गीत वाली फिल्म जिसमें शम्मी ने पागल की भूमिका की-३,२,१
१४. 'आला रे पाउस आला' गीत वाली फिल्म-३
१५. बॉबी, टिवंकल खन्ना की 'तेरी अदाओं पे मरता हूँ' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'अच्छा जी मैं हारी' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
१७. 'रू तू तू दिल में है तू' गीत वाली अक्षय कुमार, रवीना टंडन की फिल्म-२
१९. 'आजा सजन आजा' गीत वाली फिल्म-५
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की एक फिल्म-३
२५. संजयदत्त, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२९. नाना, पुरू, अनुपमा की 'बहुत खूबसूरत हैं आँखें तुम्हारी' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 6419

का	ला	प	त्थ	र		को	ह	रा	
र		ड़ो		क्ष	त्रि	य		ही	रा
वाँ		स	ड़	क		ला	वा		खी
	जा	न			ज		दा	दा	
दि	ल		ख	ट्टा	मी	ठा		मि	ली
व्या		खे	ल		र		स	नी	
	प		ना	ना		डॉ	न		डो
प	रि	च	य		सु		म	वा	ली
	वा		क	सू	र			रि	
पा	र	स		र्या		वि	रा	स	त

Jagrutidaur.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

12 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कुंभ में	मीन	06.22 बजे से
चंद्र	मीन में	मेष	07.52 बजे से
मंगल	मकर में	वृष	09.33 बजे से
बुध	मीन में	मिथुन	11.31 बजे से
गुरु	मेष में	कर्क	13.44 बजे से
शुक्र	कुंभ में	सिंह	16.00 बजे से
शनि	कुंभ में	कन्या	18.12 बजे से
राहु	मीन में	तुला	20.23 बजे से
केतु	कन्या में	वृश्चिक	22.38 ब.से
राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक		धनु	00.54 बजे से
		मकर	02.59 बजे से
		कुंभ	04.45 बजे से

मंगलवार 2024 वर्ष का 72 वां दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु शिशिर।
विक्रम संवत् 2080 शक संवत् 1945
मास फाल्गुन पक्ष शुक्ल
तिथि द्वितीया 07.14 बजे तदनन्तर तृतीया 04.04 बजे रात्र को समाप्त।
नक्षत्र रेवती 20.30 बजे को समाप्त।
योग शुक्ल(शुक्र) 07.53 बजे तदनन्तर ब्रह्म 04.08 बजे रात्र को समाप्त।
करण कौलव 07.14 बजे, तैतिल 17.36 बजे तदनन्तर गर 04.04 बजे रात्र को समाप्त। चन्द्रायु 1.6 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 03° 13'
सूर्य उत्तरायन कलि अहर्गण 1871916
जूलियन दिन 2460381.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना रमजान तारीख 01
विशेष फुलेरा दूज, रामकृष्ण जयंती।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	काल	05.42 से	07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से	08.15 बजे तक	लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
चर	08.15 से	10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	चर	01.19 से	02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	काल	04.22 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रसंगतः धर्म का आधार

यह घटना उस समय की है, जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन मद्रास के एक ईसाई मिशनरी स्कूल के छात्र थे। वह बचपन से बेहद कुशाग्र एवं तीव्र बुद्धि के थे। कम उम्र में ही उनकी गतिविधियां व उच्च विचार लोगों को हैरानी में डाल देते थे। एक बार उनकी कक्षा में एक अध्यापक पढ़ा रहे थे, जो बेहद संकीर्ण मनोवृत्ति के थे। पढ़ाने के क्रम में वह धर्म के बारे में बच्चों को बताने लगे और बताते-बताते ही वह हिंदू धर्म पर कटाक्ष करते हुए उसे दकियानूसी, रूढ़िवादी, अंधविश्वासी और न जाने क्या-क्या कहने लगे। बालक राधाकृष्णन अध्यापक की ये बातें सुन रहे थे। अध्यापक के बोलने के बाद राधाकृष्णन अपने स्थान पर खड़े होकर अध्यापक से बोले, 'सर ! क्या आपका ईसाई मत दूसरे धर्मों की निंदा करने में विश्वास रखता है?' एक छोटे से बालक का इतना गूढ़ व गंभीर प्रश्न सुनकर अध्यापक चौंक गए। वाकई बालक की बात में शत-प्रतिशत सत्यता थी। दुनिया का प्रत्येक धर्म समानता व एकता का ही संदेश देता है। मगर अध्यापक एक नन्हे बालक के आगे अपनी पराजय कैसे मानते। वह संभलकर बोले, 'क्या हिंदू धर्म दूसरे धर्म का सम्मान करता है?' अध्यापक के यह कहते ही बालक राधाकृष्णन बोले, 'बिल्कुल सर। हिंदू धर्म किसी भी अन्य धर्म में कभी बुराई नहीं ढूंढता। स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा था -पूजा के अनेक तरीके हैं। अनेक मार्ग हैं। हर मार्ग एक ही लक्ष्य पर पहुंचाता है। क्या इस भावना में सब धर्मों को स्थान नहीं मिलता, सर? इसलिए हर धर्म के पीछे एक ही भावना है, वह तो व्यक्ति विशेष पर निर्भर करता है कि वह अपनी आस्था किस में मानता है? किंतु कोई भी धर्म किसी अन्य धर्म की निंदा करने की शिक्षा कभी नहीं देता। एक सच्चा धार्मिक व्यक्ति वह है जो सभी धर्मों का सम्मान करे और उनकी अच्छी बातें ग्रहण करे।' बालक राधाकृष्णन का जवाब सुनकर अध्यापक हैरान हो गए। उन्होंने फिर कभी भविष्य में ऐसी बातें न करने का प्रण किया।

सूडोकु नवताल- 6729

★★★★★ कठिनतम

			4				3	
		6		2		4		
		8			5			
	3						7	
7				4				9
	9						5	
			2			1		
		1		7		6		
	5				3			

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6728 का हल

7	8	5	4	2	9	6	3	1
3	6	4	1	5	7	8	9	2
9	2	1	6	3	8	7	4	5
6	5	3	2	8	4	9	1	7
1	7	2	3	9	6	4	5	8
4	9	8	7	1	5	2	6	3
2	4	7	5	6	1	3	8	9
5	3	9	8	4	2	1	7	6
8	1	6	9	7	3	5	2	4

शब्द पहेली - 7944

बाएँ से दाएँ

1. नियंत्रण,घोड़े की रास-3
3. ध्वज,झंडा-3
5. माहिर,होशियार-2
6. बेल,लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार,धिक्कार-3
14. अधर,होठ-2
15. सलाह,सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान,अंदाज-3
20. आलता,माहुर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा,लाइनू-3
27. परिमूल्य-3

ऊपर से नीचे

1. लाख,सौ हजार-2
2. बारीक,सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय,वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल,जोर,दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण,शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान,सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी,निशा-2

शब्द पहेली -7943 का हल

	आ	र	ति		अ	ना	मि	का
आ	ना		ल	जी	ज			र
ले		श	मि		र	न		तू
ख	ल	ब	ला	ना		र	ई	स
	ग		ना		म		मा	
ख	न	न		म	नो	न	न	य
लि		ल	क		रं	ग		ती
हा			हा	फि	ज		का	म
न	स	वा	र		न	ज	ला	

Jagrutidaur.com, Bangalore

चीन की बराबरी पर आया भारत, शेयर बाजार में ट्रेड के दिन ही होगा सेटलमेंट

मुंबई । मार्केट रेगुलेटर सेबी की चेयरमैन माधवी पुरी बुच ने 11 मार्च को टी+0 सेटलमेंट को लेकर बड़ा ऐलान किया है। एक कायर्क्रम में शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में 28 मार्च से टी+0 ट्रेड साइकिल सेटलमेंट ऑप्शनल तौर पर शुरू हो जाएगा। टी+0 सेटलमेंट का मतलब सौदे का उसी दिन निपटारा यानी ट्रेड के दिन ही सेटलमेंट होगा है।

गौरतलब है कि अभी भारत में टी+1 सेटलमेंट लागू है। इसके तहत जब आप शेयर बाजार में कोई चीज खरीदते या बेचते हैं, तब सब कुछ कंपलीट होने में एक दिन का समय लगता है। यानी अगर आपने आज शेयर खरीदा या बेचा है, तब उसका सेटलमेंट कल तक होगा। लेकिन जब टी+0 सेटलमेंट लागू हो जाएगा तब सारा सेटलमेंट उसी दिन होगा।

बुच ने कहा कि तत्काल निपटान ट्रेड साइकल भी 2025 तक पूरा हो जाएगा। इसके पूरा होते ही बाद से जैसे ही शेयरों की खरीदारी या बिक्री होगी, वैसे ही उसका सेटलमेंट भी हो जाएगा।

सेबी चेयरमैन पुरी ने कहा कि मार्केट रेगुलेटर की तेजी का सबसे बड़ा कारण क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्पों के बढ़ने की वजह से है। बता दें कि क्रिप्टोकरेंसी में सौद का निपटान हर घंटे हो जाता है, जिससे निवेशक बिना रिस्क की परवाह किए उसकी ओर ज्यादा भागने लगे हैं।

अभी तक पूरी दुनिया के शेयर बाजारों में कम से कम टी+2 सेटलमेंट साइकल को फॉलो किया जाता है। लेकिन एशिया के दो देश हैं, जो इससे भी फास्ट हो चुके है। और वे हैं भारत और चीन। चीन इस समय टी+0 सेटलमेंट साइकल को फॉलो कर रहा है जबकि भारत टी +1 अगर भारत में टी +0 सेटलमेंट साइकल लागू होती है, तब यह सिर्फ चीन के बराबर पहुंच जाएगा।

चेयरमैन बुच ने कहा कि भारत में टी+0 सेटलमेंट साइकल 28 मार्च से ऑप्शनल तौर पर शुरू होगा। इसका मतलब यह है कि ट्रेडर्स यह चुन सकते कि उन्हें टी+0 या टी+1, किसके तहत सेटलमेंट करना है। पिछले साल सेबी ने टी+0 सेटलमेंट साइकल को लेकर एक एजवाइजरी जारी किया था।

कच्चा तेल 82 डॉलर, पेट्रोल-डीजल स्थिर

नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कुछ गिरावट देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। वैश्विक बाजार में हफ्ते के पहले दिन ब्रेंड क्रूड 0.51 डॉलर की गिरावट के साथ 81.57 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.54 डॉलर फिसलकर 77.47 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

सेंसेक्स 616, निफ्टी 160 अंक गिरा

मुम्बई। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही रिलायंस, टाटा मोटर्स और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली हावी होने से आयी है। भारत और अमेरिका में महंगाई और आईआईपी के आंकड़ें आने हैं। इस कारण भी निवेशकों ने आज खरीददारी में सतर्कता बरती। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 616.75 अंक करीब 0.83 फीसदी नीचे आकर 73,502.64 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 160.90 अंक तकरीबन 0.72 फीसदी टूटा। निफ्टी दिन के अंत में 22,332.65 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान

आपोलो अस्पताल , नेस्टले इंडिया , सिप्ला, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर सबसे अधिक ऊपर आये। .

वहीं दूसरी ओर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट , पावर ग्रिड कारपोरेशन , टाटा स्टील , बजाज ऑटो और एसबीआई के शेयर सबसे नीचे रहे।

वहीं अधिकर लार्जकैप शेयर लाल नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए, इसमें टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एसबीआई, एचयूएल, टाटा कंज्यूमर, बजाज ऑटो, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी के शेयर 1 से 3 फीसदी नीचे आये।

वहीं एसबीआई के शेयर नीचे आये। आज के कारोबार में एसबीआई के 788.65 रुपये के भाव पर खु खुलने के बाद इंट्राडे में बैंक का करीब 2 फीसदी नीचे आया।

वहीं विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिले कमजोर संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन घरेलू बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 100 अंक से ज्यादा लुढ़क गया। वहीं निफ्टी में भी 21 अंक की मामूली गिरावट देखी गयी। फिलहाल बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 102.80 अंक की गिरावट के साथ 74,016.59 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 21.20 अंक की मामूली गिरावट देखी जा रही है। निफ्टी 22,472.35 अंक पर कारोबार कर रहा है।

चांद नजर आने के साथ इबादत का पवित्र रमजान महीना हुआ प्रारंभ

लांजी (पद्मेश न्यूज)। इस्लाम धर्म के पांच प्रमुख फर्ज में से रोजा एक फर्ज है जो माहे रमजान की आमद के साथ पूरे 1 माह रखा जाता है। 11 मार्च को चांद नजर आने के पश्चात मस्जिदों से ऐलान होने के बाद आज 12 मार्च को रमजान माह का पहला रोजा रखा जाएगा। रमजान के पवित्र महीने में पांच वक्त की नमाज के अलावा तरावीह की विशेष नमाज पढ़ी जाती है। इस्लाम धर्म के अनुसार रमजान पर्व के पूरे रोजे रखना हर मुसलमान का फर्ज माना जाता है। रोजे का अर्थ होता है गुनाहों से रुकना, परहेज करना और गुनाहों से दूर रहना क्योंकि रोजेदार रोज सुबह सूरज निकलने से पहले और सूरज डूबने तक

आज पहला रोजा

खाने-पीने और तथा दूसरी तमाम बुराइयों से परहेज करता है। इस दौरान कुछ खा ले या दूसरे ख्वाहिश पूरी कर ले तो उसका रोजा टूट जाता है। यह भी बता दें कि पवित्र माह रमजान में अल्लाह की पवित्र किताब धरती पर उतरी जिसमे पूरी दुनिया के लोगो की भलाई और बहेतरी तथा अमन, शांति का संदेश दिया गया है। माहे रमज़ान के माह में कुछ खास तारीखें होती है जिसको धर्मावलंबी और रोजदार उन दिनों को बड़े अकीदत के साथ मनाते है। माह ए रमजान को लेकर मस्जिदों एवं घरों में धर्मावलंबी द्वारा पूरे महीने के लिए विशेष इबादत का माकूल इंतजाम किया गया है मस्जिदों में हाफिज ए कुरान, तरावीह सुनाने के लिए क्रम चलते रहेंगा और रोजदारो के लिए सहेरी और इफ्तारी का दौर प्रारंभ हो जाएगा।

सेवा निवृत्ति पर सैनिक साहेबदास को दी बिदाई

लांजी (पदमेश न्यूज)। पुलिस थाना लांजी में होमगार्ड सैनिक के पद पर पदस्थ साहेबदास पगरवार की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर थाना परिसर लांजी में 11 मार्च को कार्यक्रम आयोजित कर बिदाई दी गई। थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा साहेबदास का तिलक लगाकर पुष्पमालाओं से स्वागत किया एवं शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया तथा उपहार भेंट किया गया। बता दें कि साहेबदास पगरवार पिता पराऊदास पगरवार क्षेत्र के ग्राम घंसा के मूल निवासी हैं। आपकी प्रथम नियुक्ति 1989 में थाना कोतवाली बालाघाट में हुई तथा आपने लांजी, बहेला सहित जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में 35 वर्ष तक सेवाएं दीं। सन् 2019 से वर्तमान तक सिविल न्यायालय लांजी में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इस बिदाई समारोह में थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी, सुन्दरलाल पवार, महेश तुरकने, महेश बिसेन, नरेन्द्र सोनवे, विजय सिसोदिया, चंचलेश यादव, सचिन बुंदेला, रंजित प्रजापति, जयसुर्या वर्मा, अरविन्द भंडारकर, रूपसिंग रावत, अशोक वाकड़े, फतेलाल हनोते, टोविंद खोबरागड़े आदि उपस्थित रहे।

विनोद चन्ने को मिला बेस्ट पुलिसमैन इन कोविड का अवार्ड

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड क्रमांक 5 बरेजपट्टी निवासी विनोद कुमार आत्माराम चन्ने पिछले 17 साल से कटनी पुलिस में पदस्थ है। वे 2020 में गृहग्राम

लांजी अवकाश पर आए हुए थे एवं कोरोनाकाल में लाकडाउन के दौरान उन्होंने लांजी से ही शासन के आदेशानुसार निस्वार्थ भावना से अपनी सेवाएं दी थी। फिर उन्होंने 2021 में पुन: कोरोना के दूसरी लहर में अपनी जान की परवाह न करते हुए दिन रात सड़क पर ड्यूटी करते रहे और मरीजों को अस्पताल पहुचना, ऑक्सीजन उपलब्ध करवाना, भोजन उपलब्ध करवाना जैसे काफी मदद की। उनके इस निःस्वार्थ भाव एवं साहसी कार्य के लिए, सिक्स सिग्मा एक्ससल्लनस अवार्ड 2024 में बेस्ट पुलिसमैन इन कोविड का अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 10 मार्च 2024 को विज्ञान भवन, राजपथ एरिया, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर हुड्डा, एयरफोर्स के चीफ एयर चीफ मार्शल ए आर चौधरी, आर्मी के चीफ, आईटीबीपी के डीजी, इंडियन नेवी डीजीएमएस आरती सरीन, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, इनके अलावा एक्टर यशपाल शर्मा, मोटिवेशन स्पीकर सोनू शर्मा, अंतरराष्ट्रीय योग गुरु डॉ ईशान शिवानंद, परमवीर चक्र सम्मानित योगेंद्र यादव, यस आई मुंबई पुलिस मंगेश नाइक, (इन्होंने 26/11 में कसाब को पकड़ा था) कार्यक्रम में उपस्थित रहे, इस कार्यक्रम में विदेशों से भी कई लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सिक्स सिग्मा एक्ससल्लनस अवार्ड अपने क्षेत्र में विशेष एवं सामाजिक सेवा करने वालो को विशेष विश्लेषण की पद्धिति के बाद जूरी कमेटी द्वारा चयनित किया जाता है। ज्ञात हो कि इनके छोटे भाई वेणीशंकर चने को भी 2017 में उत्तराखंड सरकार एवं 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र में विशेष कार्य एवं केदारनाथ में सामाजिक कार्य करने के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

शिक्षा से ही रचनात्मक एवं कल्याणकारी कार्यों की होती हैं शुरूआत - डॉ.लीला भलावी कुलगुरू

लांजी (पदमेश न्यूज)। श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी महाविद्यालय में 09 एवं 10 मार्च को वार्षिक उत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा की कुलगुरू डॉ.लीला भलावी के मुख्यातिथ्य में एवं डॉ. वीरेन्द्र मोहन आचार्य, लक्ष्मीचन्द करहि, क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहि, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचन्द कालबेले, डॉ. लक्ष्मीचन्द प्राचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा, प्रो. मृदुला शुक्ला प्रोफेसर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (छ.ग.), डॉ. पुरुषोत्तम सनसेर, इंजी. सुरेशचंद्र करहि के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत 09 मार्च को रंगोली, केश सज्जा, पुष्पसज्जा, मेंहदी, क्रिकेट, बैडमिंटन, एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में पायल नेवारे एवं पद्मावती बसोने प्रथम, अंबिका चोरवाड़े, सतीष खरे, निलम बड़धैया, रोशनी सरवरे द्वितीय तथा भारती मरठे एवं महारूलाल देवाहे, चैतराम कुसराम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में मोना कुचलाहे एवं नमरा खान ने प्रथम स्थान, प्रगति करहि एवं मितेश्वरी सहारे ने द्वितीय स्थान, तथा नाजमिन शेख एवं दिव्या उमरे ने तृतीय

स्थान प्राप्त किया। पुष्पसज्जा में निशा बडधैया प्रथम, भाग्यश्री कुशले, निलम बड़धैया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रामेश्वरी कलपुरे, मोनिका पांचे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन 10 मार्च को प्रतिभा सम्मान एवं करियर गाईडेन्स, महिला सम्मान, जनप्रतिनिधियों का सम्मान, वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान, युवा संवाद तथा विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक लोक उत्सव की प्रस्तुती देकर अतिथियों का मन मोह लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती पूजन से किया गया एवं सरस्वती वंदना छाजा जागृति परिमल के द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत बैच एवं पुष्पगुछ से किया गया। वक्ता डॉ. पुरूषोत्तम सनेसर के द्वारा छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं हैं, ज्ञान का अन्त नहीं होता। डॉ. लक्ष्मीचन्द ने कहा की मध्यप्रदेश में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत 108 पुस्तकों का प्रतिनिधत्व किया। डॉ. विरेन्द्र मोहन ने कहा जो मनुष्यता के लिए कार्य करेगा राह के लिए कार्य करेगा यह आसान नहीं होता इस कार्य के लिए गुरू या अध्यापक का मार्गदर्शन लेना पड़ता हैं। कुलगुरू डॉ. लीला भलावी ने विद्यार्थियों को सबोधित करते हुए कहा कि साहित्यिक, सांस्कृतिक उत्सव हर्ष एवं उल्लास का उत्सव हैं। अध्ययन के साथ-साथ विद्यार्थी को सीखने के लिए चार आधार स्तंभ जिसमें राष्ट्रीय एकता, सामाजिक एकता, सांस्कृतिक एकता एवं खेलकूद हैं, जिससे विद्यार्थी और इन्ही अकादमिक गतिविधियों में उसे पुरस्कारों से नवाजा जाता हैं। विधायक राजकुमार करहि ने कहा कि जरूरी नहीं कि हम एक ही क्षेत्र को चुने, आप जिस क्षेत्र को चुनते हैं उसी में बहुत मेहनत करे और अपना व क्षेत्र का नाम रोशन करे। कार्यक्रम के दौरान संचालक गुलाबचन्द बड़धैया ने प्रतिवेदन सोपकर स्थायी संबद्धता एवं अन्य मांगे रखी। प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों मातृ शक्तियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ समाजसेवियों तथा शिक्षा जगत के सभी प्राचार्यो, विद्यार्थियों को समृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आकाश गोस्वामी एवं महाविद्यालय संचालक ताराचन्द बड़धैया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ. पन्नालाल यादव के अलावा श्रीमती अर्चना रामटेक्कर, नरेश अगासे, मंजुलता उमरे, हर्षा लटारे, सुषमा बड़धैया, दीपक धुवारे, जतीन बिसेन, राजेश्वर चैहान, टाम्बेश्वरी कलपुरे, दीक्षा करहि, महेश मोरघडे, खेमराज नारनौरे, सुनील नेवारे, राधेश्याम कचवाहे, चितरंजन दमाहे, गोवर्धन पालेवार प्रमिला रामटेकर एवं छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा।

शिवरात्रि के मेले में लोगों की उमड़ी भीड़ लोगों में दिखा भारी उत्साह

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शिवरात्री के पर्व पर दादा कोटेश्वर की नगरी लांजी में लगने वाले मेले में रविवार के दिन अपार भीड़ के साथ खासा उत्साह देखने को मिला। रविवार का दिन होने के चलते नगर व मेले में भारी भीड़ के साथ लोगो में भारी उत्साह नजर आया। लांजी नगर व क्षेत्र के आसपास के ग्रामों के अलावा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के लोगों ने पहुंचकर भगवान कोटेश्वर महादेव के दर्शन करने के पश्चात मेले में शिरकत की। इस मेले में अंर्तराज्यीय व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठान लेकर पहुंचते है इस उम्मीद से कि लांजी का मेला उनके व्यापार को बढ़ावेगा। शिवरात्रि मेले में तरह-तरह की दुकाने सजी हुई है, झुले लगे हुए है, बच्चों के मनोरंजन के साधन आए है, घर-गृहस्ती के सामानों की दुकाने सजी हुई है, यह मेला एक सप्ताह का होता है, इस वर्ष यह मेला 8 मार्च शिवरात्रि से प्रारंभ होकर 13 मार्च तक नियत है किन्तु व्यापार चलता रहा तो मेला और दो दिन चल सकता है। 10 मार्च को रविवार बाजार का दिन होने के चलते नगर सहित मेला परिसर काली मंदिर मंडई टेकरी में दिन भर काफी भीड़ बनी रही एवं लोगो ने अपनी आवश्यकता की सामग्री की खरीददारी की।

लोगों को वर्ष भर इंतजार रहता है शिवरात्रि मेले का

नगर के मंडई टेकरी में शिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेले का क्षेत्र के लोगों को वर्ष भर इंतजार रहता है। इसका मुख्य कारण यह है कि इस मेले में लगने वाली विशेष दुकानें हैं, जिसमें खरीददारी करने के लिए लोग आते हैं। मेले में विशेष रूप से लोहे के औजारों की दुकानें, पत्थर के बने सीलबट्टे, खल जो औषधियों को कुटने के काम आते हैं, लकड़ी के बने दरवाजे खिड़कियां को खरीदने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से लोग यहां आते हैं, वहीं युवा पीढ़ी मेले में आए हुए आकर्षक झुलों में बैठकर मनोरंजन करने आते हैं। इस मेले से वनांचल आदिवासी क्षेत्र में बसे लोगों द्वारा अधिक खरीदी की जाती है।

हस्तशिल्प वस्तुएं आकर्षण का केंद्र

मेले में हस्तशिल्प वस्तुएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मेले में बालाघाट लिंगा के उमेशराव के द्वारा बांस व नारियल के खोल से निर्मित अनेक आकर्षक वस्तुओं की दुकान लगाई है। जिसमें नारियल के खोल से बने मग, लोटा, हेयर पिन, गुलदस्ता तो वहीं बांस बनी, मग, गिलास, लेटर बाक्स, सोफ सुपारी बाक्स, दीवार घड़ी, बैलगाड़ी , चरखा सहित अन्य सामग्री आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जिसे लोग बहुत अधिक पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा मेले में वारासिवनी अंसेरा की पहाड़ी के काले पत्थरों से बना सिलबट्टा, चक्की (जाता), किचन का सामान चकला, बेलन, तवा, फ्राईपैन, कढ़ाई, मधानी, खुरपा आदि की दुकानें सजी है।

लम्पी बीमारी से बचाव के लिए पशुओं को लग रहा नि:शुल्क टीका

लांजी (पद्मेश न्यूज)। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा क्षेत्र के ग्रामों में शिविर लगाकर पशुओं में होने वाली बिमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। वर्तमान में गोवंशीय पशुओं में तेजी से फैल रही लम्पी स्किन बीमारी से बचाव व रोकथाम के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के अतुलकर के निर्देशन में एवं डॉ डामेन्द्र गौतम के मार्गदर्शन में क्षेत्र के ग्रामों में अभियान चलाकर गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। पशुपालन विभाग की ओर से 11 मार्च को को क्षेत्र के ग्राम देवलगांव बाजार चौक में शिविर लगाकर सरपंच श्रीमती पुष्पा कमलकिशोर ठाकरे के सहयोग से डॉ. अशोक नारनौरे, एम के आसटकर, राकेश उइके, शुभम पारधी, गौ सेवक युवराज सोनवाने के द्वारा नि:शुल्क टीका लगाया गया। लम्पी स्किन संक्रमण पशुओं में तेजी से फैल रहा है। इसके प्रभावी रोकथाम के लिए हर स्तर से प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पशुओं में बीमारी के लक्षण दिखने पर तत्काल निकटतम पशु चिकित्साधिकारी को सूचित करने की सलाह दी जा रही है। साथ ही प्रभावित पशुओं को दूसरे पशु से अलग रखने लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा मच्छर, मक्खी से बचाव किए जाने जिससे कि मच्छर, मक्खी बिमार पशुओं पर बैठकर अन्य पशुओं में ये बिमारी फैलाते हैं। लम्पी स्किन बीमारी से बचाव के लिए गोवंशीय पशुओं को निशुल्क टीका लगाया जा रहा है।

आवश्यकता है
रूम सर्विस (दिन-रात) हेतु लड़कों की आवश्यकता है
संपर्क-94251-38713

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

दिव्यांग जन कल्याण संघ ने मनाया विश्व महिला दिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम भानेगांव के पंचायत प्रांगण में दिव्यांग जन कल्याण संघ के तत्वाधान में विश्व महिला दिवस का आयोजन गरिमामय महौल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले अध्यक्ष नगर परिषद लांजी एवं श्रीमती परमिला देवी चरण ठाकरे द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं स्व. श्रीमती ज्योति जगदीश मिश्रा के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले एवं श्रीमती परमिला देवी चरण ठाकरे द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह दिव्य ज्योति पुरस्कार 2024 प्रदान किया गया। यह स्मृति चिन्ह संघ के अध्यक्ष तन्मय मिश्रा की दिवंगत माता स्व. श्रीमती ज्योति जगदीश मिश्रा के सम्मान में दिया जा रहा है। विशेष अतिथि ए आर कुशले संचालक एडवेंचर पब्लिक स्कूल भानेगांव, रेवाजी करहाटकरे सभापति महिला एवं बाल विकास, श्रीमती पूर्णिमा उरकुड़े सेवानिवृत्त नर्स 82 वर्ष को शाल श्रीफल एवं वीरांगना अवंती बाई का छायाचित्र प्रदान किया गया। सभा में उपस्थित ग्राम के 36 महिला स्व सहायता समूह के प्रतिनिधियों का सरपंच राम ठाकरे द्वारा पुष्प वर्षा कर रुमाल भेट किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि द्वारा महिला दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये और उपस्थित महिलाओं का उत्साह बढ़ाते हुए नारी शक्ति पर विस्तार से चर्चा कर कहा कि अब वह दिन बीत गए जब महिलाओं को अबला कहा जाता था, आज महिलाएं पुरुषों के साथ प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम के शानदार प्रस्तुति के लिए संघ के अध्यक्ष तन्मय मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। अन्य वक्ता ए आर कुशले, रेवाजी करहाटकरे, पूरनलाल मेश्राम आदि के द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मंच संचालन कवि कृष्ण कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग राम ठाकरे सरपंच, उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे, सचिव रुपेश कुमार कुथे, कोषाध्यक्ष जितेंद्र रावते, संयुक्त सचिव सुश्री अनीता उईके, सलिता ठाकरे, हरिशंकर कुथे आदि का सहयोग रहा। संयोजक जगदीश मिश्रा द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

मोहन यादव कैबिनेट का फैसला-

उज्जैन जाएगा धार्मिक न्यास और धर्मस्व एचओडी दफ्तर

भोपाल। मध्य प्रदेश का धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग उज्जैन शिफ्ट होगा। मोहन यादव कैबिनेट ने सोमवार को इसकी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में सिंहस्थ की तैयारियों के बीच धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के विभागाध्यक्ष का दफ्तर उज्जैन शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। इसके बाद कैबिनेट ने तय किया है कि धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग को सतपुड़ा भवन से उज्जैन स्थानांतरित किया जाएगा। उज्जैन में तीर्थ कार्यालय में सतपुड़ा भवन में लगने वाला विभागाध्यक्ष कार्यालय शिफ्ट होगा। इसमें मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना भी शामिल है।

जनजातीय समुदाय के घरों तक बिजली पहुंचाएंगी सरकार

प्रधानमंत्री के जनजाति आदिवासी महाअभियान के तहत ही प्रदेश में बैगा, सहरिया और भारिया अति पिछड़ी जनजातियों के घरों पर बिजली पहुंचाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। इसके लिए संबंधित तीन जनजातियों के लोगों के घरों तक बिजली पहुंचाई जाएगी। जंगल में रहने वाले जनजाति के लोगों के घरों पर सोलर एनर्जी के माध्यम से बिजली की व्यवस्था की जाएगी।

13 नए नर्सिंग कॉलेज खुलेंगे

विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट में नए मेडिकल कॉलेज के लिए 1200 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। नीमच, मंदसौर, श्योपुर, सिंगरौली के लिए उपकरण व अन्य सामग्रियों की उपलब्धता का काम होगा। इसके साथ ही केंद्र प्रवर्तित योजना के अंतर्गत नए मेडिकल कॉलेज के पास 13 नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। इसमें 192 करोड़ का खर्च आएगा। इसके लिए केंद्र भी राशि देगा। कैबिनेट में उज्जैन में एक नया मेडिकल कॉलेज, 100 बिस्तर अस्पताल के लिए 592 करोड़ की मंजूरी दी गई।

जिला अस्पतालों में होंगे शव वाहन

सीएम मोहन यादव ने कहा है कि सभी जिला अस्पतालों में शव वाहन होना चाहिए। शव वाहन निःशुल्क रखा जाएगा जो गरीबों के लिए काम आएगा। कलेक्टर और इंस्पेक्टर को निःशुल्क दिलाने का अधिकार दिया जाएगा। इसके साथ ही सीएम यादव की महत्वाकांक्षी योजना पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा संचालित करने को मंजूरी दी गई है। इस योजना एक हेलिकाप्टर, एक हवाई जहाज होगा। जिसके पास आयुष्मान कार्ड बना है उसे एयर एंबुलेंस से ले जाने की पात्रता होगी। कौन सा पेशेंट होगा, इसका निर्धारण कलेक्टर और CMHO करेंगे। यदि कोई व्यक्ति निजी अस्पताल मे इलाज कराना चाहेगा तो उसके लिए शुल्क तय किया जाएगा, जिसकी राशि जल्द तय कर सार्वजनिक की जाएगी।

आईआईटी के सहयोग से इंजीनियरिंग कॉलेज होंगे हाईटेक

आईआईटी इंदौर ने देश के पहले डीप-टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर का शुभारंभ उज्जैन में किया है। इसके निर्माण पर करीब 237 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा सरकार ने आईआईटी इंदौर से प्रदेश के 6 इंजीनियरिंग कॉलेजों को हाईटेक करने मार्गदर्शन प्रदान करने अनुबंध किया है। ताकि इंजीनियरिंग कॉलेजों का स्तर आईआईटी तक ले जाया जा सके। इसमें लगने वाले खर्च की सरकार समय समय पर स्वीकृति प्रदान करेगी।

इन प्रस्ताव को भी भी कैबिनेट ने दी स्वीकृति

मध्य प्रदेश के नए लोकायुक्त जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह के निर्णय के प्रस्ताव का अनुसमर्थन किया है। प्रदेश में सभी सायबर तसहील शुरू करने के निर्णय के प्रस्ताव का अनुसमर्थन को स्वीकृति दी है। उज्जैन में नवीन शासकीय मेडिकल कॉलेज और 100 बिस्तर का अस्पताल बनाने के लिए 592 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। बिजली की भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए 800 मेगावाट बिजली के लिए निजी एजेंसी से अनुबंध की स्वीकृति प्रदान की है। इससे प्रदेश सरकार को बिजली की उपलब्धता के साथ सस्ती बिजली भी मिलेगी। भोपाल के मुखर्जी नगर कोलार मार्ग 15 किमी के लिए 305 करोड़ रुपएकी पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इसमें रोड किनारे लाइट, नालियां और सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा।

लोकायुक्त नियुक्ति पर नेता प्रतिपक्ष को दी थी जानकारी

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सरकार की ओर से लोकायुक्त की नियुक्ति को लेकर स्पष्टीकरण भी दिया। उन्होंने लोकायुक्त के पद जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह की नियुक्ति के मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान को लेकर कहा कि वे असत्य बयान दे रहे हैं। नियुक्ति के पहले सीएम कार्यालय के एक अधिकारी उनके घर गए थे, और आधे घंटे तक चर्चा की थी। उन्हें नियम बताए गए और कहा कि चीफ जस्टिस, सीएम और नेता प्रतिपक्ष की सहमति होती है। नेता प्रतिपक्ष असहमत हों तो भी नियुक्ति की जा सकती है। इसमें चीफ जस्टिस, सीएम के साइन हुए थे। सीएम ने भी सिंघार से फोन पर भी बात की थी और कहा था कि अगर असहमत हों तो लिख दीजिए। सिंघार का यह बयान कि उनसे पूछा नहीं गया, यह असत्य है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षकों की नवीन पदस्थापना

भोपाल। राज्य शासन ने आज राज्य पुलिस सेवा संवर्ग के तीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आगामी आदेश तक नवीन पदस्थापना की है। इसके अलावा 18 उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किये गये है:-

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक- अभिषेक राजन उप सेनानी 6वीं वाहिनी विसबल जबलपुर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कटनी, अंजलता पटले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला शहडोल से उप सेनानी 6वीं वाहिनी विसबल जबलपुर, संतोष डेहरिया उप सेनानी 6वीं वाहिनी विसबल जबलपुर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला शहडोल नवीन पदस्थापना की है।

उप पुलिस अधीक्षक-

दीपा माण्डवे उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सागर से एसडीओपी कन्नौद देवास, पूजा पाण्डे उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा रायसेन से एसडीओपी सोनकच्छ देवास, पूजा पाण्डे उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा जबलपुर से एसडीओपी सिवनी, शीला भदकारे उप पुलिस अधीक्षक श्योपुर से एसडीओपी औबेदुल्लागंज रायसेन, आयुष कुमार अलावा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भोपाल से एचडीओपी राजपुर बड़वानी, गायत्री तिवारी उप पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण रीवा से उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीधी, कृष्णपाल सिंह एसडीओपी पृथ्वीपुर निवाड़ी से रा से. 13वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर, पूनम थापा उप पुलिस अधीक्षक महिला प्रकोष्ठ भिण्ड से एसडीओपी पृथ्वीपुर निवाड़ी, विनोद कुमार दीक्षित कार्यवाहक सहायक पुलिस आयुक्त, सायबर नगरीय इंदौर से कार्यवालक सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगरीय इंदौर, अंकिता यूल्था उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शहडोल से एसडीओपी मउगंज, प्रतिभा शर्मा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीधी से एसडीओपी रायसेन। ज्योति उमठ एसडीओपी कन्नौद देवास से नगर पुलिस अधीक्षक गुना, प्रेमनारायण गोयल एसडीओपी सोनकच्छ देवास से उप पुलिस अधीक्षक श्योपुर, पुरूषोत्तम मरावी एसडीओपी सिवनी से उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा डिण्डोरी, मोहन सारवान एसडीओपी रायसेन से एसडीओपी सैलाना रतलाम, विकास पाण्डे एसडीओपी औबेदुल्लागंज रायसेन से रा.से. 6वीं वाहिनी विसबल, जबलपुर, श्वेता गुप्ता नगर पुलिस अधीक्षक गुना से उप पुलिस अध्यीक्षक उज्जैन, राहित सिंह अलावा एसडीओपी राजपुर बड़वानी से एसडीओपी बड़ामलहरा छतरपुर, वीरेंद्र बहादुर सिंह कार्यवालक एसडीओपी बड़ामलहरा छतरपुर से कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतना नवीन पदस्थापना की।

कर्मचारियों को सुविधा केंद्र पर ही डालने होंगे वोट

- मतदान दल के कर्मचारी को डाक मतपत्र घर ले जाने की अनुमति नहीं

भोपाल। चुनाव ड्यूटी में साढ़े चार लाख से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है। मतदान दल को एक दिन पहले मतदान केंद्रों पर पहुंचना होता है, ताकि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से कर लें। इन कर्मचारियों को मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र जारी किए जाते हैं। अभी तक डाक मतपत्र कर्मचारियों को जारी करके दिए जाते थे और वे अपनी सुविधा से मतदान करके उसे डाक से भेज देते थे। इसको लेकर शिकायतें हुई थीं कि कर्मचारी आपस में मिलकर वोट करते हैं। इसे देखते हुए आयोग ने विधानसभा चुनाव से व्यवस्था में परिवर्तन कर दिया है। अब किसी भी मतदान दल के कर्मचारी को डाक मतपत्र घर ले जाने की अनुमति नहीं है। इन्हें प्रशिक्षण के दौरान या फिर मतदान के लिए दल रवाना होने से पहले सुविधा केंद्र पर मतदान की सुविधा दी जाती है। इसमें गोपनीयता और पारदर्शिता के लिए अस्थाई केंद्र बनाए जाते हैं। मतपेटी को सबकी उपस्थिति में सील बंद कर स्ट्रांग रूम में जमा कराया जाता है और मतदान के पहले इन्हें संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में भेज दिया जाता है। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाती है।

शुक्ला-पटेल के जाने के बाद कांग्रेस में इंदौर लोकसभा सीट से प्रत्याशी का संकट

पटवारी अपने ही गृह जिले में तय नहीं कर पा रहे उम्मीदवार, अब शेखावत या बागड़ी के बीच फैसला

भोपाल। कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय शुक्ला और विशाल पटेल के भाजपा के जाने के बाद अब इंदौर में लोकसभा प्रत्याशी को लेकर फिर से समीकरण बनने लगे हैं। एक तरह से कांग्रेस के पास अब कोई दमदार नाम नहीं बचा है। बड़े नेता भंवरसिंह शेखावत को चुनाव मैदान में उतारने के मूड में हैं, वहीं अरविन्द बागड़ी का नाम भी प्रदेश कांग्रेस की ओर से रखा गया है।

जिस तरह से भाजपा आने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां कर रही है, उससे कांग्रेस बहुत पीछे हैं। मध्यप्रदेश की बात की जाए तो भाजपा के चुनाव कार्यालय खोलने की तैयारी है, लेकिन कांग्रेस प्रदेश के मामले में अभी तक कोई निर्णय

नहीं ले पाई है। दो दिन पहले जिस तरह का झटका कांग्रेस को लगा है, उस सदमे से अभी कांग्रेस बाहर नहीं निकली है, वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल में यह कहकर चौंका दिया कि उन्हें सुरेश पचौरी के भाजपा में जाने की भनक नहीं लगी, नहीं तो उन्हें मना लेते। वैसे पटेल और शुक्ला से इंदौर में पटवारी ने भाजपा में शामिल नहीं होने के लिए मान-मनोव्वल की थी, लेकिन दोनों नेता नहीं माने। एक दिन पहले तो विशाल पटेल का नाम लोकसभा के संभावित उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस से उछला भी था, वहीं संजय शुक्ला को भी कांग्रेस लोकसभा लड़ा सकती थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया था। कांग्रेस को मालूम था कि दोनों ही नेता हर तरह से सक्षम हैं और पार्टी को ज्यादा मेहनत नहीं करना पड़ेगी, लेकिन पांसा उलटा पड़ गया। अब बदनावर विधायक भंवरसिंह शेखावत को इंदौर से लड़ाने पर जोर लगाया जा रहा है, लेकिन वे मना कर चुके हैं। हालांकि कांग्रेस के बड़े नेताओं का कहना है कि शेखावत जैसे नेता ही इंदौर में भाजपा को उम्मीदवार को तगड़ी टक्कर दे सकते हैं। पुराने संघी और भाजपाई शेखावत भाजपा के दांव-पेंच से अच्छी तरह से वाकिफ हैं, वहीं दूसरा नाम अरविन्द बागड़ी का भी सामने आ रहा है। बागड़ी का नाम प्रदेश कांग्रेस की ओर से रखा गया है। बागड़ी को जब शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाया गया था, तब कमलनाथ ने उन्हें उचित मौका और पद देने की बात कही थी। बागड़ी यूं भी पटवारी के करीबी हैं, इसलिए हो सकता है कि बागड़ी को टिकट दे दिया जाए, वहीं कुछ और नाम भी फेहरिस्त में हैं, जिस पर विचार किया जा रहा है।

कुछ और बड़े नेताओं के भाजपा में जाने का डर

- प्रदेश कांग्रेस पर जासूसी करवाने का आरोप लगाया भाजपा ने

भोपाल। कांग्रेस को कुछ और बड़े नेताओं के भाजपा में जाने का डर सता रहा है। इसलिए उनकी जासूसी करने के लिए एक जासूसी कंपनी भी हायर कर ली गई है। यह आरोप भाजपा की ओर से लगाया गया है। कांग्रेस छोड़कर जिस तरह से नेताओं की लाइन भाजपा में जाने के लिए लगी हुई है, उसको देखकर लग रहा है कि कुछ और कांग्रेसी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इसको लेकर कल एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल में ली और वरिष्ठ नेताओं से कहा कि संवाद के माध्यम से लगातार एक-दूसरे के संपर्क में रहे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को कुछ और नेताओं के भाजपा में जाने का डर सता रहा है। इसलिए अब उनकी जासूसी करवाई जा रही है। सलूजा का कहना है कि राहुल गांधी की सलाह पर पटवारी कुछ संदिग्ध नेताओं की जासूसी करवा रहे हैं और बकायदा इसके लिए एक जासूस कंपनी भी हायर की है, जो इन नेताओं की जानकारी पटवारी को देगी। इसमें कमलनाथ, नकुलनाथ, अजयसिंह, अरुण यादव, विवेक तन्खा और एक बड़े नेता के भाई भी शामिल हैं, वहीं 7 से 8 पूर्व मंत्री तथा कुछ कांग्रेस के वर्तमान विधायक भी शामिल हैं। कांग्रेस को अंदेशा है कि जिस तरह की टूट-फूट पार्टी में मची हुई है, उससे लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर सकता है और पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

गुना से सिंधिया के खिलाफ लड़ने को तैयार अरुण यादव

कांग्रेस को फिर लगा बड़ा झटका

पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे और शिवदयाल बागरी भाजपा में शामिल

भोपाल। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से बीजेपी में नेताओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। प्रदेश में भाजपा कांग्रेस को फिर एक बड़ा झटका देने जा रही है। मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे और शिवदयाल बागरी भाजपा में शामिल हो गए।

बता दें कि अरुणोदय चौबे सागर जिले की खुरई सीट से कांग्रेस के विधायक रहे हैं। विधानसभा चुनाव में खुरई सीट से मुख्य दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन उन्होंने चुनाव के कुछ महीने पहले ही कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस ने उन्हें खुरई में रक्षा राजपूत को प्रत्याशी बनाया था। इस लोकसभा चुनाव में अरुणोदय सागर सीट से कांग्रेस के मजबूत

दावेदार माने जा रहे थे, हालांकि उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए अपनी उम्मीदवारी से कदम पीछे खींच लिए थे।

दोनों नेता ताकतवर- वीडी शर्मा

अरुणोदय चौबे और शिवदयाल बागरी के पार्टी में शामिल होने पर प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि अरुणोदय चौबे सशक्त और ताकतवर नेता के रूप में जाने जाते है और शिवदयाल बागरी अनुसूचित जाति के बड़े नेता है।

नया अरुणोदय हुआ- सीएम

वहीं, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि अरुणोदय जी के साथ आज नया अरुणोदय हुआ है। सागर की हमारी प्रत्याशी लता वानखेड़े जी आपकी प्रचंड जीत होगी। अलीराजपुर के कमरू भाई गौ शाला चलाते है, आप भी गौपाल और मैं भी गौपाल हूं।

इससे पहले सुरेश पचौरी हुए थे भाजपा में शामिल

इससे पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी अपने कई समर्थको के साथ बीजेपी में शामिल हो गए थे. वहीं, इसको लेकर बीजेपी और कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया था. इस पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने उन पर नेहरू-गांधी परिवार को धोखा देने का आरोप लगाया था।

एसीएस मोहम्मद सुलेमान को अवमानना केस में राहत

कोर्ट ने सरकार के आवेदन को किया स्वीकार

भोपाल। भोपाल गैस त्रासदी मामले से संबंधी अवमानना याचिका में हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान सहित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के अमर कुमार सिन्हा तथा विजय कुमार विश्वकर्मा को अवमानना का दोषी करार दिया था। इसके अलावा अन्य अनावेदकों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई के आदेश दिये थे। सरकार की तरफ से उक्त आदेश वापस लेने के के लिए हाईकोर्ट में आवेदन दायर किया था। हाईकोर्ट जस्टिस शीलू नागू तथा विनय सराफ की युगलपीठ ने सुनवाई के बाद आवेदनक को स्वीकार करते हुए उक्त आदेश को रिकॉल करने के निर्देश जारी किये हैं।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने साल 2012 में भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन सहित अन्य की ओर से दायर की गई याचिका की सुनवाई करते हुए

भोपाल गैस पीड़ितों के उपचार व पुनर्वास के संबंध में 20 निर्देश जारी किये थे।

मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसाओं का परिपालन

इन बिंदुओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर मॉनिटरिंग कमेटी का गठित करने के निर्देश भी जारी किये थे। मॉनिटरिंग कमेटी प्रत्येक तीन माह में अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष पेश करने तथा रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश भी जारी किये गये थे। जिसके बाद उक्त याचिका पर हाईकोर्ट द्वारा सुनवाई की जा रही थी। याचिका के लंबित रहने के दौरान मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसाओं का परिपालन नहीं किये जाने के खिलाफ भी उक्त अवमानना याचिका 2015 में दायर की गयी थी।

उक्त आदेश वापस लेने का आग्रह

युगलपीठ ने उक्त तीनों अधिकारियों के अवमानना का दोषी ठहराया था। इसके अलावा अन्य अनावेदकों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई के संबंध में रजिस्ट्री को आदेश जारी किये गये थे। सरकार की तरफ से उक्त आदेश वापस लेने का आग्रह करते हुए हाईकोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन में कहा गया कि न्यायालय के आदेश का परिपालन करने पूरे प्रयास किये जा रहे है। मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसा के परिपालन के लिए समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित किया जा सकता है।

आवेदन पर फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी

मॉनिटरिंग कमेटी इस संबंध में संबंधित विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित कर सकती है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद आवेदन पर फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये। युगलपीठ ने जारी आदेश में सरकार के आवेदन को स्वीकार करते हुए अवमानना के लिए दोषी ठहराये जाने वाले आदेश को रिकॉल करने के निर्देश जारी किये है।

सूचना अधिकार सूचना में फिक्सिंग का खेल

- राज्य सूचना आयोग ने किया 25000 का जुर्माना

भोपाल। सूचना अधिकार कानून की सूचनाका दुरुपयोग भी हो रहा है। जानकारी देने से बचने के लिए एक अधिकारी ने, जानकारी मांगने वाले व्यक्ति से संतुष्टि का प्रमाण पत्र ले लिया। उस प्रमाण पत्र को सूचना आयोग के सामने पेश करके जानकारी देने से बचने का प्रयास किया। इस पर सूचना आयोग ने संबंधित अधिकारी पर 25000 रूपये का जुर्माना लगाया है। अधिकारी को जानकारी देने के लिए कहा है। श्योपुर के रामभजन रावत ने सूचना आयोग में कई अपील तैयार कर रखी है। अधिकारियों से मिली भगत करने के बाद राम भजन रावत संतुष्टि प्रमाण पत्र जारी कर देता था। राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह की अदालत में इस व्यक्ति ने जल्दी सुनवाई के लिए आवेदन किया था। सुनवाई के 1 दिन पहले रावत ने संतुष्टि का प्रमाण पत्र बनाकर, दो अपील प्रकरणों को खारिज करने के लिए कहा था।राज्य सूचना आयोग ने अपील तो खारिज नहीं की। 25000 का जुर्माना जरूर संबंधित अधिकारी पर लगा दिया।

मप्र में व्यवसायिक बिजली होगी 15 प्रतिशत तक महंगी

मकानों को होटल, रेस्टोरेंट या होम-स्टे में तब्दील करने वालों पर पड़ेगा भार

भोपाल। अब बिजली औसत 3.86 प्रतिशत तक महंगी होगी। विद्युत नियामक आयोग की ओर से नया टैरिफ प्लान तैयार किया है, जो कि 15 मार्च या उसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लागू हो जाएगा। इसमें व्यवसायिक बिजली पर 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की जाएगी। मकान में दो या तीन कमरे का उपयोग होम-स्टे में बदला गया है और बाकी के हिस्से में परिवार रह रहा है, उसे भी व्यवसायिक मान कर बिलिंग की जा रही है। मकान को होम-स्टे में बदला गया है और कनेक्शन घरेलू है तो व्यवसायिक दर से एक साल तक की बिलिंग भी की जा रही है। औद्योगिक और गैर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दो तरह का टैरिफ होगा, जिसमें शाम 5

बजे के बाद सामान्य से बढ़ी हुई दरों पर बिजली दी जाएगी। साथ ही नीयत प्रभार व ऊर्जा प्रभार में भी बढ़ोतरी की गई है, जो कि 50 यूनिट खपत से लेकर 300 यूनिट या इससे अधिक खपत पर 427 रुपए से लेकर 680 रुपए तक चुकाना होंगे। बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री संजीव कुमरावत ने बताया कि मकान को होटल, रेस्टोरेंट या दुकान या होम-स्टे में बदलने वालों को कमर्शियल कनेक्शन लेना होगा, जिसके तहत ही बिलिंग होगी।

विवाह के कनेक्शन पर 77 प्रति किलो वॉट स्वीकृत भार

विद्युत नियामक आयोग की ओर से निर्धारित टैरिफ प्लान 15 मार्च से लागू हो जाएगा। इसमें मकान निर्माण के लिए एलवी अनुसूची में प्रावोज्य दर का 1.25 गुना रहेगा। सामाजिक, वैवाहिक व धार्मिक समारोह के लिए लिए जाने वाले बिजली कनेक्शन पर 77 प्रति किलो वॉट स्वीकृत भार प्रति 24 घंटे की अवधि के लिए रहेगा।

ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की बिजली महंगी

विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी की गई नई दरों में ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन के लिए बिजली महंगी कर दी गई है। अभी इनकी दरें 6.79 रुपए प्रति यूनिट थीं, जिसे बढ़ाकर 7 रुपए 15 प्रति यूनिट तक कर दिया गया है। हालांकि, ऐसे चार्जिंग स्टेशन जिनका लोड 112 किलोवॉट से ज्यादा है, उन्हें फायदा दिया गया है. ऐसे चार्जिंग स्टेशन को अब 6.96 प्रति यूनिट के स्थान पर 6.90 प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली बिल देना होगा। गौरतलब है की बिजली कंपनियों द्वारा अपनी याचिका में 2046 करोड़ का घाटा दिखाते हुए बिजली की दरों में 3.86 प्रतिशत की बढ़ोतरी किए जाने का प्रस्ताव रखा था। 150 करोड़ रुपए तक न्यूनतम प्रभार के रूप में पैसा कंपनी को मिलता था जो अप्रैल के बिल से मिलना खत्म हो जाएगा। घर से बाहर चले जाने, उपयोग नहीं होने पर शून्य का बिल जारी होगा।

परिवारिक संबंध को कायम रखना आपकी भी जिम्मेदारी

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आज पांच दिवसीय छिंदवाड़ा दौरे पर पहुंचे। जहां कमलनाथ ने परासिया विधानसभा के न्यूटन एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैंने तो छिंदवाड़ा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया और आखिरी सांस तक हम कंधे से कंधा मिलाकर अपना संबंध बनाए रखेंगे। इस दौरान मंच पर उनके बेटे और कांग्रेस सांसद नकुलनाथ भी मौजूद रहे।

कमलनाथ ने सभा में लोगों से कहा कि हमारा राजनीतिक संबंध नहीं है। पारिवारिक संबंध है, इस परिवारिक संबंध को कायम रखना आपकी भी जिम्मेदारी है। मैं आप सब पर भरोसा करता हूं। 40 साल पहले भी किया था, आज भी करता हूं।

मोदी की गारंटी पर साधा निशाना

सांसद नकुलनाथ ने मंच से मोदी की गारंटी पर निशाना साधते हुए कहा की क्या मोदी की गारंटी लेंगे कि महंगाई नहीं बढ़ेगी। क्या मोदी की गारंटी लेंगे कि यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा। क्या मोदी की गारंटी लेंगे की नई कोयला खदान खोली जाएगी। कोयला खदानों को बंद नहीं किया जाए।

छिंदवाड़ा नहीं छोड़ूंगा

बता दें कि छिंदवाड़ा में जबलपुर से चुनाव लडऩे के सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि ऐसा कोई प्लान नहीं है। मैं छिंदवाड़ा किसी भी हालत में नहीं छोड़ूंगा। वहीं बीजेपी जॉइन कर रहे बड़े नेताओं के सवाल पर पूर्व सीएम ने कहा कि 'सुरेश पचौरी शामिल हुए हैं, उनकी मर्जी। दीपक जोशी को लेकर कहा कि वे शुरू से ही भाजपा के हैं।

आईपीएल खेल सकते हैं पंत-जय शाह

विकेटकीपिंग की तो वर्ल्ड कप टीम में भी मिल सकता है मौका

मुंबई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इंडियन प्रीमियर लीग और टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों से जुड़े कई अपडेट्स दिए हैं। उन्होंने विकेटकीपर ऋषभ पंत और केएल राहुल के भारतीय लीग से मैदान पर वापसी की बात कही। साथ ही मोहम्मद शमी के टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने की जानकारी दी।

शाह ने इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश की सूचनाओं को भी खारिज किया। वे सोमवार को मीडिया से चर्चा कर रहे थे। पंत साल 2022 में कार दुर्घटना का शिकार हुए थे, जबकि मोहम्मद शमी की चोट वनडे वर्ल्ड कप और केएल राहुल की इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान उभरी। दोनों ह्यूज में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

22 मार्च से शुरू होगा आईपीएल का मौजूदा सीजन

इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन की शुरुआत 22 मार्च को होगी। पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई के चेपॉक मैदान पर खेला जाएगा।

जय शाह की मुख्य बातें...

पंत वापसी के लिए तैयार हैं बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आईपीएल में वापसी के लिए तैयार हैं। पंत दिसंबर 2022 में एक भीषण कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर हैं। शाह ने कहा- वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं, वे अच्छी कीपिंग भी कर रहे हैं। हम जल्द ही उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वे टी20 वर्ल्ड कप खेल सकें तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए एक अहम खिलाड़ी है। शाह ने कहा, अगर वह कीपिंग कर सके तो वह वर्ल्ड कप खेल सकते हैं। देखते हैं कि वह आईपीएल में कैसा प्रदर्शन करते हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ होम सीरीज से शमी की वापसी संभव शाह ने बताया कि शमी सितंबर महीने बांग्लादेश के खिलाफ 3 टेस्ट और 3 टी20 इंटरनेशनल मैचों की होम सीरीज से वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा- शमी की सर्जरी हो गई है, वे भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ होम सीरीज के लिए शमी की वापसी की संभावना है।

राहुल आईपीएल से वापसी कर सकते हैं राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी चार मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके IPL में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद हैं। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश नहीं इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है, क्योंकि BCCI कंपनी नहीं सोसाइटी है। उन्होंने कहा- बीसीसीआई सोसाइटी है और कोई इस में निवेश नहीं कर सकता है। पिछले साल खबर आई थी कि सऊदी अरब की नजर आईपीएल में अरबों डॉलर के निवेश पर है। भारत में पंजीकृत सोसायटी केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी के बिना विदेशी निवेश स्वीकार नहीं कर सकती है।

इंग्लैंड टीम अपने खेल की समीक्षा करे - वॉन

टीम संस्कृति को नहीं अपना पाये खिलाड़ी

धर्मशाला। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि इंग्लैंड टीम को भारतीय टीम के हाथों मिली करारी हार से सबक लेते हुए अपने खेल की समीक्षा करनी चाहिये। वॉन ने कहा कि खिलाड़ी टीम संस्कृति को पूरी तरह से नहीं अपना पाए हैं जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। वॉन ने कहा कि टीम को मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल टीम के मैनेजर पेप गार्डियोला की रणनीति अपनानी चाहिये। वॉन ने कहा, 'भारत दौरे में मिली इस सीरीज हार की ईमानदारी से समीक्षा होनी चाहिये। उन्होंने साथ ही कहा, 'मुझे नहीं लगता कि उन्हें सब कुछ बदलने की जरुरत है। वे इस हार के बाद भी काफी अच्छे खिलाड़ी हैं।

उन्होंने कहा, 'वे जो करने की कोशिश कर रहे हैं, मैं उसका सम्मान करता हूं और हर दिन जल्दी उठकर उन्हें देखता हूं क्योंकि उन्होंने अपनी आक्रामक रणनीति से प्रारूप को रोमांचक बनाया है। इससे हमेशा ऐसा लगता है कि मैच में कोई भी बदलाव आ सकता है। वॉन ने कहा, 'सबसे बड़ी निराशाजनक बात ये है कि बेहतर प्रतिभाएं होने के बाद भी वे दो बड़ी सीरीजें श्रृंखलाओं को जीतने में असफल रहे हैं। इस सीरीज में भी बल्लेबाज उम्मीद के अनुरुप नहीं खेल पाये।

वॉन ने टीम प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उसने खिलाड़ियों के प्रति बहुत नरम रवैया अपनाया है। शिविर में सकारात्मकता, मौज-मस्ती और हंसी-मजाक की भावना व्याप्त है पर इससे हमेशा ही अच्छे परिणाम नहीं आते हैं। उन्होंने कहा, 'हर साक्षात्कार में आप उत्साह, अवसर और मौज-मस्ती के बारे में वही बातें सुनते हैं, मैं पिछले कुछ वर्षों में उनमें से कई खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों के साथ रहा हूं। उनकी भाषा प्रेरणादायक हो सकती है पर से हमेशा काम नहीं करती।

आरसीबी को खिताबी जीत दिला पायेगे डू प्लेसी ?

नई दिल्ली। आईपीएल का 17 वां सत्र शुरु हो रहा है। इसमें भाग ले रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का इस बार फाफ डू प्लेसी की कप्तानी में खिताब जीतने का सपना पूरा होता है या नहीं ये देखना होगा। डू प्लेसी दक्षिण अफ्रीका टीम के कप्तान रहे हैं। एक अच्छे बल्लेबाज के अलावा उनकी नेतृत्व क्षमता भी अच्छी है। उनकी कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम का कई मैचों में जीत मिली थी। अब देखना है कि वह आरसीबी को किस हद तक प्रेरित कर पाते हैं। डू प्लेसी से पहले आरसीबी की कप्तानी लंबे समय तक विराट कोहली ने की थी पर वह एक बार भी टीम को जीत नहीं दिला पाये। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 140 मैचों में विराट ने आरसीबी की कप्तानी की जिसमें से 64 में टीम को जीत मिली और 69 में वह हारी जबकि तीन मैच टाई रहे थे। विराट के साथ भारत की टेस्ट टीम और आरसीबी के

कप्तान के तौर पर एक अजीब संयोग भी जुड़ा है। कोहली की कप्तानी में जहां भारतीय टीम ने टेस्ट में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। वहीं सबसे कम स्कोर भी बनाया। ठीक इसी प्रकार उनकी कप्तानी में आरसीबी ने आईपीएल का सर्वोच्च और सबसे कम स्कोर भी बनाया। इन दोनों ही मामलों में सर्वोच्च और न्यूनतम स्कोर की तारीख और अवधि भी एक जैसी है।

वहीं आईपीएल में 2013 से 2021 सत्र तक विराट आरसीबी के कप्तान रहे थे। उनकी कप्तानी में टीम ने ठीकठाक प्रदर्शन किया पर इसके बाद भी वह खिताब नहीं जीत पायी। विराट की कप्तानी के दौरान आरसीबी ने जहां दूर्निमंट का अब तक का सर्वोच्च स्कोर बनाया। वहीं न्यूनतम स्कोर भी उसी के नाम रहा। आईपीएल में किसी टीम का सबसे अधिक स्कोर 5 विकेट खोकर 263 रन है और ये आरसीबी ने बेंगलुरू में 23 अप्रैल 2013 को पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बनाया था। वहीं इसके ठीक चार साल बाद आरसीबी ने आईपीएल का सबसे कम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड बनाया। ईडन गार्डस पर कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 23 अप्रैल 2017 को खेले गए मैच में आरसीबी टीम केवल 49 रन पर आउट हो गयी थी।

मार्श और कैरी की शानदार बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से सीरीज जीती

दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को 3 विकेट से हराया

क्राइस्टचर्च। मिचेल मार्श 80 और एलेक्स कैरी 98 की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी 3 विकेट से हराकर इस मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क ने मेजबान टीम को पहली पारी में 162 रनों पर ही समेट दिया। हेजलवुड ने 5 जबकि स्टार्क ने 3 विकेट लिए। कीवी टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज टॉम लेथम ने सबसे अधिक 38 रन बनाये।

इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मार्नस लाबुशान के अर्धशतक 90 रन की सहायता से अपनी पहली पारी में 256 रन बनाये। इस प्रकार उसे पहली पारी के आधार पर 94 रनों की बढ़त मिली। मेजबान टीम की ओर से मैच हेनरी ने 67 रन देकर सात विकेट लिए। दूसरी पारी में रचिन रविंद्र, टॉम लेथम और डेरेल मिचेल के अर्धशतकों से मेजबान टीम ने 372 रन बनाकर कंगारुओं को 279 रनों का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य को मेहमान टीम ने हासिल कर लिया।

मार्श ने 102 गेंद पर 10 चौके और 1 छक्के की मदद से 80 रन बनाये जबकि कैरी ने 123 गेंद पर 98 रन की नाबाद पारी खेली।

आकाश चोपड़ा ने शुभमन की जमकर प्रशंसा की

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा की है। चोपड़ा ने कहा कि शुभमन में महान क्रिकेटर बनने का डीएनए है। . शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में शानदार शतक लगाया था। इस बल्लेबाज ने तीसरे नंबर पर खेलते हुए शतक लगाकर सभी को प्रभावित किया है। चोपड़ा ने कहा, मुझे भरोसा है कि जिस प्रकार से शुभमन गिल बल्लेबाजी करते हैं, उससे पता चलता है कि उनमें महान बनने का डीएनए मौजूद है। साथ ही कहा कि बल्लेबाजी करते समय कई चीजें अहम होती हैं। रन बनाना अलग बात है पर साथ ही ये भी देखना होता है कि रन कैसे बनाने हैं। ये समझ भी आपमें होनी चाहिये। हर किसी को राष्ट्रीय टीम तक पहुंचने के लिए रन बनाने होंगे। इसके बिना आप यहां तक नहीं पहुंच सकते। यह

बहुत ज्यादा कठिन भी नहीं होता है। हालांकि, कभी-कभी यह समझने में करियर निकल जाता है कि कब, कैसे और किसके खिलाफ आपके पास रन बनाने की सबसे अधिक संभावना है। शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ 72.99 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 137 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया था। उन्होंने इस पारी में 10 चौके और 5 छक्के लगाये। यह शुभमन का 25वां टेस्ट मैच है। उन्होंने इन 25 मैचों में 4 बार शतक बनाया है। इनमें से दो शतक तो इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई इसी सीरीज में लगाये है। इसके अलावा चोपड़ा ने देवदत पड्डिकल और सरफराज खान की भी सराहना की। पड्डिकल ने अपने टेस्ट डेब्यू में ही अर्धशतक लगाया। पड्डिकल ने 103 गेंद में 65 रन बनाये। वहीं सरफराज ने सीरीज में तीन अर्धशतक लगाये हैं।

मुम्बई के गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने संन्यास लिया

नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई की ओर से शानदार गेंदबाजी करने वाले धवल कुलकर्णी ने खेल से अपने संन्यास की घोषणा की दी है। धवल ने विदर्भ के खिलाफ मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 11 ओवर में 5 मेडन ओवर करते हुए केवल 15 रन देकर 3 विकेट लिए। धवल ने ओपनर अथर्व तायडे, अमन मोखाड़े और करुण नायर को आउट किया। पूरी टीम को 105 रन पर समेटने में धवल के अलावा तनुष कोटियान की भी 3 विकेट लेकर योगदान दिया। धवल ने इस मैच से पहले अपने संन्यास की घोषणा कर दी थी। ऐसे में गेंदबाजी के लिए उतरते समय टीम के खिलाड़ियों ने उनको गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। विदर्भ के खिलाफ खेले जा रहे मैच में पहली पारी के दौरान मुम्बई की टीम केवल 224 रन बना पायी पर इसके बाद धवल सहित गेंदबाजों के प्रदर्शन से वह वापसी करने में सफल रही।

बजरंग ओलंपिक से बाहर हुए, विनेश ने महिला वर्ग में नहीं होने लिये ट्रॉयल

पटियाला। अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया को पेरिस ओलिंपिक के लिए प्रवेश नहीं मिला है। बजरंग को इससे पहले टोक्यो ओलंपिक में कांस्य मिला था। वहीं महिला वर्ग में पहलवान विनेश फोगाट ने हंगामा मचाकर ट्रॉयल ही रोक दिये। वीनेश ने महिलाओं के 50 किलो और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिए। वीनेश की मांग थी कि 53 किलो भारवर्ग के आखिरी ट्रायल ओलिंपिक से पहले होंगे और इसके लिए उन्होंने अधिकारिकयों से लिखित में आश्वासन मांगा जिसके लिए अधिकारियों ने इंकार कर दिया। विनेश 50 किलोवर्ग के ट्रायल के लिए यहां साई केंद्र पहुंची थीं।

वह पहले 53 किलोवर्ग में उतरती थी पर उस वर्ग में अंतिम पंघाल को कोटा मिलने के कारण उन्होंने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने इसके बाद लिखित

आश्वासन की मांग करते हुए प्रतिस्पर्धा शुरू ही नहीं होने दी। उन्होंने 50 किलो और 53 किलो दोनों में भाग लेने की अनुमति मांगी, जिससे अधिकारी मुश्किल में पड़ गये। ऐसे में 50 किलो भारवर्ग में उतरे पहलवान शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा, हम ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं।

वहीं आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति पहले ही कह चुकी थी कि 53 किलो वर्ग के लिए अंतिम ट्रायल होगा, जिसमें इस भारवर्ग के शीर्ष चार पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को पंघाल से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान ही भारत की ओर से ओलंपिक में उतरेगी। विनेश और बजरंग पूनिया पर पहले भी ये आरोप लगे थे कि वे बिना ट्रायल के ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना चाहते हैं। ट्रायल के दौरान मौजूद एक कोच ने कहा, विनेश सरकार से आश्वासन चाहती हैं। उन्हें डर है कि अगर कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के हाथ में फिर सत्ता आ गई तो चयन नीति बदल सकती है पर सरकार इस पर आश्वासन कैसे दे सकती है। सरकार चयन मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

सचिन ने रणजी में मुंबई की बल्लेबाजी को साधारण बताया

नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुम्बई की बल्लेबाजी को साधारण करार दिया है। सचिन ने कहा कि वह इस प्रकार के क्रिकेट से खुश नहीं हैं। मुंबई के बल्लेबाज विदर्भ के खिलाफ अपनी पहली पारी में 224 रन ही बना पाये। तेंदुलकर ने कहा, अच्छी शुरुआत के बाद भी मुंबई के बल्लेबाजों ने साधारण क्रिकेट खेला। वहीं दूसरी ओर, विदर्भ ने चीजों को सरल रखा है और उसके गेंदबाज हावी रहे। साथ ही कहा कि जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा। खेल में कई रोमांचक सत्र होंगे। विकेट पर घास है पर समय के साथ ही गेंद टर्न लेगी जिससे स्पिनरों को सहायता मिलेगी। पहली पारी में मुंबई की टीम 224 रन ही बना पायी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी भी रन नहीं बना पाये।

अब सितंबर में बांग्लादेश से टेस्ट सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

नई दिल्ली। इंग्लैंड में खेली गयी सीरीज जीत के बाद अब भारतीय टीम को अगले कुछ महीनों तक टेस्ट नहीं खेलना है। इस दौरान खिलाड़ी आईपीएल और टी20 विश्वकप खेलेंगे। भारतीय टीम अब सितंबर में ही टेस्ट मैच खेलेगी। भारतीय टीम सितंबर-अक्टूबर में अपनी धरती पर बांग्लादेश से खेलेगी। दो मैचों की इस टेस्ट सीरीज की तारीख अभी सामने नहीं आई है पर इसे सितंबर के अंत में खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी धरती पर 3 टेस्ट मैच खेलेगी। नवंबर और जनवरी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ उसके घर पर पांच मैच खेलेगी। बांग्लादेश का खेल पिछले कुछ सालों में विवादों से भरा रहा है। मैदान पर भारत के खिलाफ विकेट हासिल करने के बाद का उसने जिस अंदाज में जश्न मनाया उससे प्रशंसक बेहद नाराज हैं।

आईसीसी बैठक में बीसीसीआई पर चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने दबाव बनाएगा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नये प्रमुख मोहसिन नकवी अब चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की भागीदारी के लिए प्रयास कर रहे हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी अगले साल पाक में खेली जाएगी और पीसीबी चाहता है कि इसके लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अपनी टीम भेजे। वहीं भारतीय टीम मुम्बई में हुए आतंकी हमले के बाद से ही पाक दौरे पर नहीं जा रही। इसी कारण पीसीबी के नये प्रमुख मोहसिन नकवी अगले सप्ताह दुबई में होने वाली आईसीसी बैठक के दौरान चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने को लेकर बीसीसीआई से बात करेंगे। पीसीबी के नये प्रमख को उम्मीद है कि इस बैठक में वह बीसीसीआई सचिव जय शाह को वह मना लेंगे पर ये संभव नहीं लगता है। नकवी की योजना आईसीसी अधिकारियों के साथ ही बीसीसीआई सचिव शाह से भी बात करने की है हालांकि 2025 में फरवरी-मार्च में होने वाले टूर्नामेंट के लिए बीसीसीआई अभी से पाक यात्रा को लेकर कोई जबाव शायद ही दे पाये क्योंकि इसमें अभी तकरीबन एक साल का समय है।

गौरतलब है कि चैम्पियंस ट्रॉफी के आईसीसी टूर्नामेंट होने के कारण भारतीय बोर्ड भी पूरी तरह इस टूर्नामेंट के लिए इंकार नहीं करेगा पर टीम भेजने पर अंतिम फैसला भारत सरकार की अनुमति के बाद ही लिया जा सकता है। वहीं पीसीबी का मानना है कि बीसीसीआई ने जिस प्रकार एशिया कप में अपने मुकाबले श्रीलंका में खेले थे। वैसा इस बार नहीं होगा।

वहीं जब बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा , ''पाक में खेलने पर फैसला केवल भारत सरकार ही कर सकती है और बीसीसीआई को सरकार के आदेश का पालन करना होगा। इसके लिए अभी से अनुमति नहीं मांगी जा सकती है। साथ ही कहा कि एक साल पहले ही दौरे की अनुमति दिया जाना किसी के लिए भी संभव नहीं है।''

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अभ्यास शिविर आज से

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारियों को देखते हुए पुरुष हॉकी टीम के लिए भुवनेश्वर में मंगलवार से एक अभ्यास शिविर का आयोजन किया है। इसके लिए 28 सदस्यीय सीनियर खिलाड़ियों के कोर समूह की घोषणा कर दी गयी है। ये शिविर 30 मार्च तक चलेगा और इससे राष्ट्रीय टीम और बेहतर बनकर उभरेगी। इससे पहले भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में बेहतर प्रदर्शन किया था। भुवनेश्वर और राउरकेला चरण में आठ मैचों में 15 अंक हासिल करने के बाद वर्तमान में भारतीय टीम तीसरे स्थान पर है। प्रो लीग लीग का अगला सत्र 22 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में एक बार फिर शुरू होगा। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने आगामी शिविर को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे हमें टीम को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में लाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने साथ ही कहा कि ओडिशा में प्रो लीग मिनी-टूर्नामेंट एक शानदार परीक्षण मैदान साबित हुआ, लेकिन

इसमें हमेशा सुधार की गुंजाइश होती है और हम प्रो लीग के अंतिम चरण तथा पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले चीजों को ठीक करने की प्रयास करेंगे।

राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के मुख्य समूह में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और रक्षकों हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली को रखा गया है। वहीं शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह आदि हैं। फॉरवर्ड की बात करें तो आकाशदीप सिंह, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल को रखा गया है।

भारतीय क्रिकेट टीम अब तीनों ही प्रारुपों में शीर्ष पर पहुंची

दुबई। भारतीय टीम को इंग्लैंड से क्रिकेट सीरीज में मिली 4-1 की जीत से काफी लाभ हुआ है। अब भारतीय टीम तीनों ही प्रारुपों में नंबर एक पर पहुंच गयी। एकदिवसीय और टी20 में वह पहले ही शीर्ष पर थी। वहीं अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में भी नंबर एक पर पहुंच गयी है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में पहले ही शीर्ष पर बनी हुई है।



वहीं न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में जारी दूसरे टेस्ट मैच के परिणाम से भी भारतीय टीम की रैंकिंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीता था और वह अभी सीरीज में 1-0 से आगे है। भारतीय टीम के टेस्ट रैंकिंग में अब 122 रेटिंग अंक हो गए हैं और वह इस मामले में ऑस्ट्रेलिया से पांच अंक आगे है। वहीं इंग्लैंड की टीम 111 रेटिंग अंकों के साथ ही तीसरे स्थान पर है जबकि एकदिवसीय में भारत के 121 रेटिंग अंक हैं और वह नंबर एक पर है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 118 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टी20 की बात करें तो भारत के 266 अंक हैं। इंग्लैंड की टीम इस प्रारूप में 256 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

दस्तावेजयुक्त होने लगे बैगा बस्तियों के निवासी

परसवाड़ा जनपद दस्तावेजों की पूर्णता की पहुँचने में हो रहा कामयाब

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पीएम आदिवासी न्याय अभियान अंतर्गत बैगा बस्तियों में 15 जनवरी से केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए कवायद शुरू हुई थी। इस कवायद में सबसे बड़ी जरूरत उनके पर्याप्त दस्तावेजों की कमी थी। इस कमी को पूरा करने के लिए लगातार सम्बंधित विभागों ने प्रयास शुरू किए। इस प्रयास में अब कुछ गाँवो के बैगा निवासी दस्तावेजों से युक्त होने लगें है। परसवाड़ा जनपद में फतेपुर पंचायत के जलगांव ऐसे परिवार सामने आए है, जिनके दस्तावेज पूर्ण हो गए है। यहां के माहंगूसिंह मेरावी के पुत्र चैनसिंह मेरावी उनकी पत्नी शांति

बाई और पुत्र हरीश, पुत्री गीतांजलि व अनारकली के आधार, जाति प्रमाण पत्र, यशवंती भी दस्तावेजयुक्त हुए है। इनके अलावा विदेसिंह मेरावी पुत्र रमेश कुमार मेरावी बहू सीता मेरावी और पोती ज्योति मेरावी के भी पूरे दस्तावेज बन चुके है। नैनसिंह मेरावी पत्नी तारावती व पुत्र आशीष मेरावी के भी पूरे दस्तावेज बनाए जा चुके है। इनके अलावा भी कई ऐसे बैगा परिवार है जिनके दस्तावेज बनाए जा चुके है।

परसवाड़ा जनपद में 69 बसाहटों में प्रारम्भ हुई थी कवायद

परसवाड़ा जनपद में 15 जनवरी से प्रारम्भ हुए अभियान 69 बैगा बसाहटों में रहने वाले 1011 परिवारों के 3955 आयुष्मान, समग्र आईडी बन गए है। इनके साथ ही यहीं के आधार, सुंदर मेरावी पत्नी समरोतिन व पुत्री नागरिकों तक पहुँचना था। अब परसवाड़ा जनपद में स्थिति काफी अच्छी हो गई है। जनपद सीईओ रितेश चौहान ने बताया कि जनपद में कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। जो डेटा सामने आया था, उसके अनुसार पहुँच कर दस्तावेज बनाए जा चुके है। सिर्फ वो ही लोग शेष है जो पलायन पर गए है। उनमें भी अधिकांश के दस्तावेज बनाएं गए है। यहां 199 राशन कार्ड, 991 आयुष्मान कार्ड, 469 आधार कार्ड,241 जन धन बैंक खाते और 556 जाति प्रमाण पत्र बनाए गए है। जनपद में 386 आवास स्वीकृत हुए है। जिनके आवास निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो चुके है।

नांदी में आयोजित हुआ विशाल सेवक सम्मेलन

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 15 किमी. दूर ग्राम नांदी में रविवार को विकासखंड स्तरीय जन जागृति के लिए मानव धर्म का भव्य सेवक सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस सम्मेलन में परमात्मा एक सेवक मंडल से जुड़े हजारों सेवक-सेविकाएं ने शिरकत की. सम्मेलन की अध्यक्षता राजु मदनकर अध्यक्ष नागपुर मंडल ने की. वहीं सम्मेलन का उद्घाटन मोरेश्वर गभने ने किया. चर्चा सत्र में दीनदयाल कोलते और फुलेंद्र बनकर मार्गदर्शक रहे. सम्मेलन में सामूहिक हवन कार्य किया गया. वहीं बाबा जुमदेवजी की शोभा यात्रा गांव भ्रमण के लिए बैंड-बाजों के साथ निकाली गई. इस शोभायात्रा में बाबा जुमदेवजी के मधुर गीत सेवक, सेविकायें द्वारा गाया गया. चर्चा सत्र के दौरान बाबा जुमदेव द्वारा दिए गए आदेश, अंधश्रद्धा, बुरे विचार, बुरे व्यसन को नाश करने और भगवत प्राप्ति करने के लिए 4 तत्व-परमात्मा एक, मरे या जीये भगवत

नाम पर, इच्छा अनुसार भोजन, दुखदायी दूर करते हुए उद्धार, 3 शब्द- सत्य, मर्यादा, प्रेम, 5 नियम-ध्येय से एक भगवान मानना, सत्य मर्यादा प्रेम, परिवार एवं सेवकों में स्थापित करना, अनेक बुरे व्यसन बंद करना, परिवार व सेवकों में एकता कायम करना, अपना परिवार मर्यादित रखना, बाबा के आदेशों का समय-समय पर पालन करना.जो व्यक्ति अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित कर दे, वही सच्चा सेवक है. आज ज्यादातर लोग भौतिक वस्तुओं को पाने के लिए अपना पूरा जीवन व्यतीत कर देते हैं, लेकिन जब वे इस दुनिया से विदा होते हैं तो वे अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा पाते. उनकी सारी कमाई यहीं रह जाती है. अगर वे कोई चीज अपने साथ ले जाते हैं तो वह है उनके अच्छे कर्म और लोगों की दुआएं।

चांद के बाद समुद्र के अध्ययन की तैयारी

नई दिल्ली। चांद पर मिशन को सफलतापूर्वक कराने के बाद अब भारत गहरे समुद्र के अध्ययन करने की योजना तैयार कर रहा है। पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरन रिजिजू ने कहा है कि भारत को साल 2025 के अंत तक अपने समुद्रयान में सतह के नीचे 6 किलोमीटर गहरे समुद्र का अध्ययन करने के लिए अपने वैज्ञानिकों को भेजने में सक्षम होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि पनडुब्बी मत्स्य 6000 की मदद से इंसान समुद्र के नीचे 6,000 मीटर की गहराई तक जा सकता है। इस साल के अंत तक इसका टेस्ट होगा। रिजिजू ने कहा कि जब आप समुद्रयान की बात करते हैं, तब आप समुद्र के अंदर 6 किलोमीटर की गहराई तक जाने के हमारे मिशन के बारे में बात कर रहे हैं, जहां प्रकाश भी नहीं पहुंच सकता है। मैं कह सकता हूं कि जहां तक हमारे मत्स्य का सवाल है, यह मशीन मनुष्यों को अंदर ले जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने परियोजना की समीक्षा कर वैज्ञानिकों को इस साल के अंत तक पहला उथले पानी का परीक्षण करने में सक्षम होना चाहिए।

बेंगलुरु में गंभीर जल संकट...वर्क-फ्रॉम-होम और ऑनलाइन कक्षाओं की मांग

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रही है। देश का आईटी हब कह लाने वाले शहर में लोग पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि कर्नाटक जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड ने कई कामों में पेयजल के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी गई। चूंकि शहर में पानी की समस्या बनी हुई है, इसलिए बेंगलुरु निवासियों ने प्रशासन से शहर में मानसून आने तक पानी बचाने के लिए छात्रों के लिए वर्क-फ्रॉम-होम और ऑनलाइन क्लास की मांग की है। पानी बचाने के दबाव पर कर्मचारियों के लिए वर्क-फ्रॉम-होम और छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं जारी रखने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में जाने के लिए कहने के लिए मजबूर किया है। इस बीच, आईटी कंपनियों के लिए घर से काम करना अनिवार्य बनाने और स्कूलों को ऑनलाइन क्लास करने की अनुमति देने के लिए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से कई अनुरोध किए गए हैं। कर्नाटक, 2023 में कम बारिश के कारण हाल के वर्षों में सबसे खराब जल संकट का सामना कर रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कम बारिश के लिए अल नीनो प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है। आईएमडी के वैज्ञानिक ए प्रसाद के मुताबिक, पिछले साल अल नीनो प्रभाव था, जो इस साल भी मध्यम है लेकिन इसमें गिरावट की संभावना है। बेंगलुरु में नागरिक अधिकारियों ने शहर में भूजल स्रोतों को फिर से भरने के लिए सूखी झीलों को पाटे दिए 1,300 मिलियन लीटर उपचारित पानी से भरने का फैसला किया है, जहां लगभग 50 प्रतिशत बोरवेल सूख गए हैं। बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) के अधिकारी ने कहा कि स्थिति गंभीर है क्योंकि मांड्या जिले में कृष्णराज सागर बांध, जहां से बेंगलुरु को कावेरी जल की आपूर्ति की जाती है, गर्मी के कारण पर्याप्त पानी नहीं है। बोर्ड की ओर से यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बीच आया है कि सिलिकॉन सिटी को आने वाले दिनों में पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। बोर्ड ने 200 बोरवेल खोदने की हरी झंडी दे दी है। वर्तमान में कावेरी पांचवें चरण की परियोजना अधूरी है, हाल ही में शहर में शामिल किए गए 110 गांवों में केवल 40,000 बीडब्ल्यूएसएसबी जल कनेक्शन की आपूर्ति की जा सकती है।

बिठली सीआरपीएफ ने हर्रानाला कोंगेवानी में बांटी आवश्यक सामग्री

उकवा(पद्मेश न्यूज)। रुपझर थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बिठली सी 123 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा कैंप परिसर हर्रानाला कोंगेवानी गांव में दिनांक 11 मार्च 2024 को सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम श्रीमती तेजिंदर कौर कमांडेन्ट 123 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया इस आयोजन में श्री सरवनाबावा एस उपनिरीक्षक जीडी नरेंद्र सिंह ग्राम के सदस्य पुलिस चौकी सदस्य आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल कोंगेवानी के शिक्षक एवं स्कूल के छात्राएं सम्मिलित हुए कार्यक्रम के दौरान सी 123 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा जरूरतमंद स्थानी लोगों को कंबल एवं खेलकूद का समान इत्यादि प्रदान किया गया इस कार्यक्रम में श्री सरवनाबावा एस कमान अधिकारी 123 बटालियन द्वारा ग्रामीणों को बताया गया की समाज में

शांति एवं सद्भावना स्थापित करने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से की गई यह एक पहल है इसके अलावा आगे भी इस तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे खेल के प्रति रुचि रखने वाले खिलाड़ियों को खेल से संबंधित चीजे स्कूली बच्चों को स्कूल बैग ज्योमैट्रिक बॉक्स कॉपी पेंसिल आदि जरूरति सामानों का वितरण भी आगे किया जाएगा इस कार्यक्रम में सी 123 के अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान भी मौजूद रहे।

पूज्य भदंत महानंद बोधी जी के हस्ते आंजनबिहरी में तथागत बुद्ध प्रतिमा का हुआ अनावरण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले की तिरोढ़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत आंजनबिहरी में आगामी 10 मार्च को बालाघाट जिला बौद्ध संघ ग्रामीण शाखा आंजनबिहरी के तत्वाधान में महाकारुणिक तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण और धम्म दीप बुद्ध विहार का लोकार्पण पूज्य भदंत महानंद बोधी (मंडला), भदंत शील रक्षित, जिलाध्यक्ष जिला बौद्ध संघ बालाघाट अधिवक्ता संजय खोबरागडे और मुख्य अतिथि रामचंद मेश्राम, दलित मेश्राम, अधिवक्ता राष्ट्रपाल प्रियदर्शी उच्च न्यायालय नागपुर, रंजीता बिसेन बालाघाट, प्रिती कांबले, इंजीनियर विजय कुमार वास्तविक नागपुर, वामसेफ प्रचारक रामदास उवकर, तहसीलदार कुणाल राउत, भुवनेश्वर घरड़े, सरपंच दीपक पुष्पतोड़े, जगदीश राउत के हस्ते प्रतिमा का अनावरण और बुद्ध विहार का लोकार्पण किया गया. कार्यक्रम के पूर्व पूज्य भदंत महानंद बोधी, भदंत शील रक्षित, अधिवक्ता संजय खोबरागड़े के नेतृत्व में धम्म रैली का आयोजन किया गया जिसमें धम्म बौद्ध विहार में पहुंचकर कार्यक्रम में तब्दील हुई. तत्पश्चात बौद्ध धम्म के अनुसार तथागत बुद्ध की प्रतिमा और विहार का लोकार्पण किया गया. पूज्य भंते गणों के द्वारा बुद्ध वंदना की गई. अतिथियों के द्वारा तथागत बुद्ध एवं परम पूज्य बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्वलित किया गया. बुद्ध प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की शुरूआत में इंजीनियर विजय कुमार वास्तविक ने धम्म चक्र प्रवर्तन, धम्मचक्र अनुवर्तन के संदर्भ में अपने विचार रखें. कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता आयुष्मति रंजीता बिसेने ने अपने संबोधन में कहा कि मैं अन्य पिछड़ा वर्ग से तालल्लुक रखती हूं किन्तु मैं अंधभक्ति और आंडबर की घोर विरोधी हूं अंध भक्ति और आंडबर की वजह से महिलाओं का सदैव शोषण हुआ है. वहीं अन्य वक्ता प्रिती कांबले ने कहा कि बौद्ध अंबेडकर मिशन ने ही महिलाओं को पुरूषों के बराबर का दर्जा दिया है. बौद्ध धर्म में ही समता, समानता और बंधुत्व की मिसाल देखने को मिलती है. वक्ता रामदास उवकर ने अपने संबोधन में कहा कि जहां बुद्ध के धम्म में महिलाओं को पुरूषों के बराबर बंधुत्व का भाव नजर आता है वहीं डॉ बाबा साहब अंबेडकर ने भारतीय महिलाओं को पुरूषों के बराबर दर्जा दिलाने के लिए अपने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दिया था. इतना ही नहीं ओबीसी वर्ग को अनुच्छेद 340 के तहत संवैधानिक अधिकार प्रदान किए किन्तु आज ईवीएम के माध्यम से लोकतंत्र खतरे में है. लोकतंत्र को बचाने के लिए प्रत्येक भारतीय को ईवीएम का विरोध करना चाहिए, अधिवक्ता राष्ट्रपाल प्रियदर्शनी ने कहा कि सम्राट अशोक की राज सत्ता से वर्तमान सरकार को सबक लेकर उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामचंद मेश्राम ने कहा कि समाज का संपन्न वर्ग बुद्ध अंबेडकर मिशन में काम करना चाहिए ताकि समाज का उत्थान हो सके. कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोबरागे? ने धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस और गोलमेज सम्मेलन तथा संविधान सभा के चुनाव को विस्तारपूर्वक समझाते हुए बुद्ध-अंबेडकर अनुयाईयों से आहवान किया कि तथागत बुद्ध एवं परमपूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर के जयकारा लगाने से मिशन कामयाब नहीं होगा मिशन कामयाब करने के लिए सभी को तन-मन-धन के साथ सहयोग प्रदान करना चाहिए. पूज्य भंते महानंद बोधी और शील रक्षित ने धम्म देशना के माध्यम से बुद्ध अंबेडकर मिशन पर अपनी बात रखी. कार्यक्रम का सफल संचालन प्रमोद राउत के द्वारा किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मुन्नालाल राउत, अंजली राउत, कुणाल राउत, कुमार घरड़े, शुभम घरड़े, सुजीत घरड़े, लिखन घरड़े, रोहित मेश्राम, महेन्द्र रामटेके, निखिल धर ?, राकेश रामटेके, पुरूषोत्तम रामटेके, योगेश रामटेके, उज्जवल रामटेके, सुरेन्द्र रामटेके, निशांत भालेराव, भारत रामटेके, हरिदास रामटेके, दामोदर राउत, किशोर घरड़े, वासुदेव घरड़े, हेमनदास मेश्राम, रोशनलाल मेश्राम, ऋतिक मेश्राम, विकास मेश्राम, किशोर मेश्राम, निखिल मेश्राम, दिलीप चौरे, कपिल राउत, राजेश राउत, समीर रंगारी, बब्लू रंगारी, रब्बदीप रामटेके, मिलिंद रामटेके, जागेश्वर रामटेके, तिलकराज राउत, जयपाल राउत, आदित्य चिचखेड़े, रविन्द्र घरड़े, हरिश टेकचंदानी, नरेश टेकचंदानी, राजीव रामटेके, ऋतिक कामड़े, गुलचंद रामटेके, क्रिश घरड़े, शाहिल घरड़े, कल्पना राउत, शैफाली राउत, पुनम कामडे, चेतना कामडे, पुनम घरड़े, सुकती घरड़े, भीमलता घरड़े, रोशनी, भूरीबाई घरडे, वनमाला मेश्राम, प्रतिज्ञा मेश्राम, तनुजा रामटेके, अश्विनी चिचखेडे, दीक्षा रामटेके, प्रिती रामटेके, ममता रामटेके, रेखा रामटेके, समीक्षा, प्रतिक्षा रामटेके, लालावंती बाई रामटेके, भूरीबाई भालेराव, सविता रामटेके, निर्मला रामटेके, शारदा घरडे, वंदना घरडे, करूणा मेश्राम, रंगु बाई मेश्राम, प्रिया बाई मेश्राम, अमीषा मेश्राम, किरण मेश्राम, आंचल मेश्राम, काजल मेश्राम, मिताली नगराले, कल्पना रामटेके, सुनीता घरडे, विनीता घरडे, सुनीता गजभिए, संध्या रंगारी, रुपाली राउत, मिनल राउत, वैशाली राउत, शोभा रामटेके, शीला रामटेके, विभा रामटेके, साक्षी रामटेके, आयुषी रामटेके, प्रज्ञा चौहान, रंजना चौहान, कंचना चौहान, वीणा बाई घरडे, निशा राउत, मीरा बाई टेकचंदानी, माया टेकचंदानी, सोनम टेकचंदानी, सुरेखा बाई रामटेके, भारती मेश्राम और गंगा बाई चौबे इत्यादि लोगों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा. वहीं रात्रि के दरमियानी भीम क्रांति आर्केस्ट्रा ग्रुप के रोमा कावडे और जगदीश राउत, दिपेन्द्र हिरकने, उपतीश कावडे ने भीम गीतों को शानदार प्रस्तुति दी।

इंडिया नेट बुक्स अवार्ड में आरएनटीयू चमका

भोपाल। संतोष चौबे, वरिष्ठ कवि तथा कथाकार कुलाधिपति, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं निदेशक, विश्व रंग को उनके समग्र साहित्यिक अवदान के लिए इंडिया नेटबुक्स तथा बीपीए फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली में आयोजित गरिमामय अलंकरण समारोह में 'परम विशिष्ट साहित्य विभूषण सम्मान' (महाकवि कालिदास सम्मान)' से अलंकृत किया गया। ज्ञात हो कि इंडिया नेटबुक्स देश का प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान है।

इस अवसर पर वरिष्ठ कथाकार ममता कालिया, चित्रा मुद्गल, सूर्यबाला, नासिरा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव, मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे, वरिष्ठ व्यंग्यकार डॉ. प्रेम जनमेजय, एन.बी.टी. के संपादक ललित लालित्य, डॉ. गिरीश पंकज, हरि सुमन बिष्ट, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान से अनिता दुबे, बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स के डॉ. संजीव कुमार, श्रीमती मनोरमा, श्रीमती कामना एवं कुमार तनुज सहित बड़ी संख्या में साहित्यकारों की रचनात्मक भागीदारी रही। इस आयोजन में डॉ. जवाहर कर्नावट, सलाहकार प्रवासी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति शोध केन्द्र रबीन्द्रनाथ टैगोर विष्वविद्यालय को पुष्पा देवी अवस्थी साहित्य विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। लघुकथा साहित्य के क्षेत्र में

श्रीमती कांता राय, समन्वयक प्रवासी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति शोध केन्द्र रबीन्द्रनाथ टैगोर विष्वविद्यालय को इंडिया नेट बुक्स साहित्य रत्न सम्मान लघु कथा साहित्य के लिये प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि संतोष चौबे को पूर्व में अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया है। जिनमें उपन्यास (सपनो की दुनिया में ब्लेक होल) के लिये द्राक्षा रत्न सम्मान 2024, कविता (कहीं और सच होंगे सपने) के लिए मध्यप्रदेश साहित्य परिषद् का दुष्यंत कुमार पुरस्कार, आलोचना (कला की संगत) के लिए स्पंदन आलोचना सम्मान, अनुवाद (मास्को डायरी) के लिए मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का पुरस्कार एवं उपन्यास (जलतरंग) के लिए शैलेश मटियानी तथा अन्तरराष्ट्रीय वैली ऑफ वर्डस पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। समग्र साहित्यिक अवदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय दुष्यंत एवं शिवमंगल सिंह सुमन अलंकरण भी प्राप्त हुए हैं।

परम विशिष्ट साहित्य विभूषण सम्मान (महाकवि कालिदास सम्मान) से अलंकृत होने पर संतोष चौबे को विश्व रंग, अंतरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र, वनमाली सृजन पीठ, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय और सभी सहयोगी संस्थाओं ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

सांसद और विधायकों के अनुशंसित निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश

राज्य शिक्षा केन्द्र ने कलेक्टर्स को लिखा पत्र

भोपाल। राज्य शिक्षा केन्द्र ने मुख्यमंत्री कार्यालय से सांसदों एवं विधायकों द्वारा अनुशंसित निर्माण कार्यों को मंजूरी प्रदान करने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिये हैं। निर्देश में कहा गया है कि 15 करोड़ रुपये तक की सीमा के अंतर्गत प्रस्तावित मरम्मत, बाउण्ड्री-वॉल, नवीन भवन, अतिरिक्त कक्ष और शौचालय निर्माण के कार्य को मंजूरी देकर शीघ्र शुरू किया जाये।

यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक शहडोल, बुरहानपुर, उज्जैन, नर्मदापुरम, सीहोर, जबलपुर, सतना, रीवा, ग्वालियर एवं भोपाल को दिये गये हैं। अनुशंसित कार्य जिला स्तर पर उपलब्ध राशि या जिला खनिज प्रतिष्ठान की राशि से किये जाने के लिये कहा है।

कक्षा-9वीं एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन संबंधी निर्देश

आयुक्त लोक शिक्षण ने समस्त संभागीय संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा-9वीं एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा संचालन एवं मूल्यांकन संबंधी निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि समस्त प्राचार्य 28 मार्च, 2024 तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण करेंगे और अंक पत्रक विकासखण्ड के उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य को जमा करेंगे। विकासखण्ड के उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य विद्यालयवार परीक्षा परिणाम तैयार कर एक अप्रैल, 2024 को परीक्षा परिणाम घोषित करेंगे। इसके साथ ही सभी प्राचार्यों को अपने विद्यालय के परीक्षा परिणाम विमर्श पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

सीईसी की बैठक में 28 लोकसभा सीटों पर सिंगल नाम तय

कांग्रेस आज घोषित कर सकती है पहली सूची

भोपाल। मप्र की 28 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार तय करने के लिए दिल्ली में सोमवार को कांग्रेस सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक हुई। कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह और सीईसी मेंबर ओमकार सिंह मरकाम शामिल हुए। सूत्रों का कहना है कि खजुराहो को छोड़कर 28 लोकसभा सीटों के लिए सिंगल नाम तय कर दिए गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि मंगलवार को पार्टी पहली सूची जारी कर सकती है।

सूत्रों का कहना है कि बैठक में मप्र कांग्रेस के बड़े नेताओं के लोकसभा चुनाव लड़ने पर भी चर्चा हुई। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री तरुण भनोत, सज्जन सिंह वर्मा, डॉ. गोविंद सिंह, जीतू पटवारी के अलावा विधायकों और पूर्व विधायकों को चुनाव लड़ाने पर चर्चा की गई।

नेताओं के कांग्रेस छोड़ने से टेंशन बढ़ी

कांग्रेस नेताओं के लगातार पार्टी छोड़ने के कारण उम्मीदवार तय करने में मशक्कत करनी पड़ रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, धार के पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी के बीजेपी जॉइन करने के बाद अब होशंगाबाद और धार में नए सिरे से चेहरों पर मंथन करना पड़ रहा है।

जिस पत्थर से राममंदिर बना, उसी से बनेगा रविदास मंदिर

सागर में 11 एकड़ में चल रहा निर्माण, राजस्थान के कलाकार करेंगे नक्काशी

भोपाल। सागर जिले के मकरोनिया में संत रविदास महाराज के भव्य मंदिर और कला संग्रहालय का निर्माण चल रहा है। इसे बनाने के लिए वंशी पहाड़पुर के पत्थर का उपयोग किया जा रहा है। इसी पत्थर का उपयोग अयोध्या का राम मंदिर बनाने में भी किया जा रहा है। राजस्थान के कलाकार इन पत्थरों पर नक्काशी करेंगे।

12 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत रविदास महाराज के मंदिर का भूमिपूजन किया था। मकरोनिया के बड़तूमा में नागर शैली से इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। 11 एकड़ जमीन पर बन रहे मंदिर की लागत 99.69 करोड़ रुपए आएगी। अब तक 25 फीसदी काम भी हो चुका है, जिससे मंदिर परिसर का आकार नजर आने लगा है। मंदिर निर्माण पूरा करने की समय-सीमा 2025 अगस्त तय की गई है।

6 महीने में 25 फीसदी काम

8 फरवरी 2023 को संत रविदास महाकुंभ में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बड़तूमा में संत रविदास महाराज मंदिर बनाने की घोषणा की थी। भूमिपूजन के बाद 1 सितंबर 2023 से निर्माण कार्य शुरू हो गया था। करीब 6 महीने में 25 प्रतिशत काम हो चुका है। मंदिर का फाउंडेशन कार्य पूरा हो गया है। अब म्यूजियम फाउंडेशन का काम चल रहा है। डोरमेट्री प्रथम तल, भक्त निवास प्रथम तल, बाउंड्रीवॉल, कुंड कालोनेड स्ट्रक्चर फाउंडेशन का काम किया जा रहा है। टॉयलेट ब्लॉक स्ट्रक्चर, लाइब्रेरी और कैफेटेरिया प्लिंथ तक का निर्माण पूरा हो गया है।

अब बात मंदिर में लगने वाले पत्थर की

मप्र टूरिज्म के असिस्टेंट इंजीनियर मनीष डेहरिया बताते हैं कि संत रविदास महाराज मंदिर का निर्माण 10 हजार वर्गफीट जगह पर होगा। ऊंचाई 66 फीट रहेगी। मंदिर निर्माण में वंशी पहाड़पुर का गुलाबी और लाल रंग के पत्थर का उपयोग किया जाएगा। साथ ही, इस पत्थर पर पानी पड़ने से यह निखर जाता है। यह पत्थर दो रंगों में आता है। लाल पत्थर पर आसानी से नक्काशी की जा सकती है। इसमें टूट-फूट नहीं होती। कारीगर जरूरत के हिसाब से इस पर नक्काशी कर लेते हैं। वहीं, गुलाबी पत्थर हल्का सख्त होता है। इसका उपयोग जमीन पर किया जाएगा। वहीं, लाल पत्थर का उपयोग गुंबद, पिलर व समेत मंदिर के अन्य निर्माण में किया जाएगा।

वंशी पहाड़पुर के पत्थर की खासियत

राजस्थान के भरतपुर के रुदावल क्षेत्र के वंशी पहाड़पुर के पत्थर को सेंड स्टोन के नाम से भी जाना जाता है। इसकी खासियत है कि इस पर आसानी से नक्काशी हो जाती है। इस पर जितना पानी लगता है, उतनी चमक आती है। देश-विदेश में बने कई मंदिरों में वंशी पहाड़पुर के पत्थर का उपयोग किया गया है।

राजस्थान के शिल्पकार करेंगे नक्काशी

सेंड स्टोन पर नक्काशी करने के लिए राजस्थान के सिकंदरा, भरतपुर और उदयपुर से शिल्पकार आएंगे। सिकंदरा के शिल्पकार पत्थर को मूर्त रूप देने के लिए देश-विदेश में पहचाने जाते हैं। शिल्पकारों की एक टीम सागर पहुंच गई है। मंदिर निर्माण में पत्थरों का उपयोग शुरू होते ही यहां शिल्पकार पहुंचेंगे। उस वक्त 150 से 200 शिल्पकार पत्थरों पर कलाकृतियां उकेरने का काम करेंगे।

भारी हंगामें के बीच हुई परिषद की बैठक

विपक्ष सहित पक्ष ने भी लगाए नपा कर्मियों पर लापरवाही के आरोप, नपा अध्यक्ष ने कर्मियों पर कार्रवाई करने की कही बात

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका बालाघाट में परिषद की बैठक का आयोजन किया गया, यह बैठक काफी हंगामेदार रही, जिसमें पक्ष और विपक्ष दोनों के पार्षद और जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर पालिका के कर्मचारी को घेरते हुए उनके कार्य प्रणाली को परिषद के सामने रखते हुए ,उन्हें फटकार लगाई गई और इस वर्ष का बजट पेश किया गया, काफी लंबी चली यह बैठक में क्या पक्ष क्या विपक्ष सभी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष को सवालों के घेरे में खड़ा किया और बताया कि किस प्रकार आज नगर पालिका के कर्मचारी और अधिकारी आज नगर पालिका के पार्षदों की नहीं सुन रहे हैं ,जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्रवाई करने की बात भी कही गई है।

आपको बता दे की जिस प्रकार से पूर्व निर्धारित था कि 11 मार्च को नगर पालिका द्वारा अपनी परिषद की बैठक बुलाई जाएगी , उसी अनुसार 11 मार्च को सुबह 10 बजे नगर पालिका द्वारा परिषद की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यह बैठक शुरू होते ही सबसे पहले पक्ष के पार्षद व सभापतियों द्वारा नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी को घेरने का काम किया गया और जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष से निर्माण सभापति द्वारा यह शिकायत की गई कि आज नगर पालिका के कर्मचारी व अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं, यदि वह कोई जानकारी मांगते हैं तो वह उन्हें जानकारी नहीं दे रहे हैं, जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा त्वरित इस विषय पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा की नोडल अधिकारी प्रीति गरते को सवालों के घेरे में लेते हुये कहा गया कि वह इस प्रकार से पार्षदों के द्वारा मांगी गयी जानकारी का जवाब नहीं देंगे तो उन पर कार्रवाई की जाएगी, वहीं पार्षद भारती पारधी द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों से यह भी कहा गया कि क्या वह जनप्रतिनिधि व पार्षदों को जानकारी देना उचित नहीं समझते या यदि वह यह स्पष्ट कर दे कि वह किसी को भी जानकारी नहीं देना चाहते, तो नगर पालिका के पार्षद किसी से भी जानकारी नहीं मांगेंगे इस प्रकार पहले पक्ष के ही पार्षदों द्वारा नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी को घेरा गया।

विपक्ष ने उठाई थी आवाज तो सत्ताधारी पार्षदों ने नहीं दिया था साथ

जब नगर पालिका के निर्माण सभापति सुधीर चिले द्वारा परिषद की बैठक शुरू होते ही स्वास्थ्य विभाग की नोडल प्रीति गरते पर जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा भी उन्हें फटकार लगाई गई कि आखिर क्यों उनके द्वारा जानकारी नहीं दी जाती ,जिस पर वार्ड नंबर 27 के पार्षद आशुतोष डहरवाल द्वारा कहा गया कि जब विपक्ष के द्वारा जानकारी नहीं देने को लेकर आवाज उठाई गई थी, उस समय यदि पक्ष के पार्षदों द्वारा साथ दिया गया होता ,तो आज विपक्ष के साथ-साथ पक्ष के पार्षदों को भी जानकारी मिलती किंतु उन्हींने विपक्ष के साथ अनदेखी की थी और अधिकारियों को सह दिया था उसी का परिणाम है कि आज उन्हें सत्ताधारी पार्टी में होने के साथ-साथ उनका अध्यक्ष होने पर भी उन्हें नगर पालिका के अधिकारी ,कर्मचारी जानकारी नहीं दे रहे हैं और इतना ही नहीं आज स्वयं नगर पालिका के सत्ताधारी पार्टी के पार्षद भी उन्ही के पक्ष के ही उपाध्यक्ष और कुछ साथियों के नाम भूमि पूजन के पत्थरो में नहीं लिख रहे हैं, वही योगराज लिल्हारे द्वारा भी भूमि पुजनों के पत्थर में बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे का नाम नहीं लिखे जाने का विरोध किया गया।

नपा अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर उठाये गये सवाल

विपक्ष द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को घेरते हुए प्रस्ताव की कॉपी उन्हें नहीं देने को लेकर घेरा गया तब मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कहा गया कि यह बैठक आनन फानन में बुलाई गई है आचार संहिता लगने की जानकारी लगते ही या बैठक की गई है वही विधायक प्रतिनिधि द्वारा भी यह बात कही गई कि यदि जिस प्रकार नियम है कि परिषद की बैठक के प्रस्ताव की कॉपी निश्चित समय के पहले दे देनी चाहिए ,यदि वह दे देते तो आज बजट और प्रस्ताव में जो त्रुटियां हो रही है वह त्रुटियां परिषद को देखनी नहीं पड़ती

पीएम आवास में भी नगर पालिका की मिली खामियां

जिस प्रकार से आज पीएम आवास के तहत मकान बनाए जा रहे हैं और उनकी किस्त की राशि डाली नही जा रही है किंतु देखने में यह आ रहा है कि बहुत से मकान की दो से तीन किस्त डालने के बाद अब नगर पालिका कह रही है की तीसरी किस्त तभी डालेगी जब वह उनके घरो में आरहे विद्युत के पोलो को हटवायेगें या फिर अन्य प्रकार की संबंधित विभाग की एनओसी लेकर आए ,जब हितग्राही द्वारा मकान ही गलत बनाए गए थे तो 1 से 2 किस्त क्यों डाली गई, क्यों अब तीसरी किस्त में उन्हें परेशान किया जा रहा है, यह तो सब नगर पालिका की खामियां हैं किंतु आज भुगतना हितग्राही को पढ़ रहा है, वही पोकलेन मशीन पर 10 लाख के खर्च के विषय पर योगराज लिल्हारे पार्षद वार्ड नंबर 2 द्वारा आपत्ति जाहिर की गई कि यदि पिछले बार ही पोकलेन मशीन से सफाई किए गए नालों पर नगर पालिका ध्यान दे देती तो , आज पुन- किराये से 10 लाख रूपये की पोकलेन मशीन बुलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

जमकर बरसे पक्ष, विपक्ष के पार्षद

बैठक के दौरान कुछ मुद्दे ऐसे भी आए जिनमें नेता प्रतिपक्ष योगराज लिल्हारे , विधायक प्रतिनिधि शफकत खान एवं पक्ष के कुछ पार्षद ,उपाध्यक्ष योगेश बिसेन भी इस परिषद की बैठक में जमकर बरसे उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों को खूब आडे हाथों लिया और चल रही नगर पालिका में मनमानी पर अंकुश लगाने की बात कही गई, वहीं एक विषय ऐसा भी आया जहां पर नगर पालिका कार्यालय के लिए लग रहा है वह नगर पालिका कार्यालय की भूमि हस्तांतरण की बात पर जमकर पक्ष विपक्ष के पार्षद बरसे वहीं विपक्ष के पार्षदों द्वारा यह आरोप लगाया गया कि आज जितने भी स्थान मुलना जी के द्वारा दान किए गए हैं चाहे वह मुलना गार्डन क्यों ना हो वहां की स्थिति किसी से छुपी नहीं है आज मुलना गार्डन की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है इन सब चीजों को ध्यान देना चाहिए।

इंजीनियरों ने बताई संसाधनों की कमी

भले ही नगर पालिका द्वारा डेढ़ अरब का शहरी विकास के लिए बजट पेश किया जा रहा है, किंतु परिषद की बैठक के दौरान इंजीनियर स्वप्निल जैन द्वारा बताया गया कि आज उन्हें कार्य करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्हें कंप्यूटर, लैपटॉप, फोटो कॉपी करने के लिए मशीन एवं जितने कर्मचारी की उन्हें आवश्यकता पड़ती है, उतने उनके पास उपलब्ध नहीं है ,उसके बाद भी वह काम कर रहे हैं, इस ओर भी उन्होंने परिषद का ध्यानाकर्षण करवाया।

5 करोड़ का लोन लेगी नगर पालिका

भले ही नपा भारी भरकम बजट पेश कर रही है किंतु एक प्रस्ताव ऐसा भी परिषद की बैठक में पेश किया गया, जिसमें स्वयं नगर पालिका 5 करोड़ के लोन लेने की बात कर रही है, जिसमें यह बताया गया है कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के लिए 5 करोड़ का लोन लेना चाहती है, तब ही चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रोजेक्ट को गति मिलेगी, जिस पर परिषद द्वारा सवाल भी खड़े किए गए और आपत्ति भी लगाई गई है, भटेरा से बाईपास निकलने के प्रस्ताव पर योगराज लिल्हारे वार्ड नंबर 2 पार्षद द्वारा ली गई आपत्ति और कहा गया की नहीं बनने देंगे बायपास उन्होंने कहा की यहा बायपास तो सफल होगा नहीं पर कुछ कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचेगा जो वह होने नहीं देंगे।

रेलवे स्टेशन मार्ग पूर्ण होने का नपा अध्यक्ष ने पूछा मुहूर्त

नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा रेलवे स्टेशन से हनुमान चौक तक पहुंच मार्ग के विषय में नगर पालिका की इंजीनियर ज्योति मेश्राम से पूछा कि आखिर हनुमान चौक से लेकर रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग किस शुभ मुहूर्त में पूर्ण होने वाला है, उसकी तिथि बताएं, अन्यथा वह उन पर 30 मार्च तक यदि वह रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग को पूर्ण नहीं करवाती है और जो बने हुए मार्ग को पुन: ठीक नहीं करवाती हैं तो वह अब उस मार्ग का एक भी पेमेंट नहीं करवायेंगे और सारा पैसा रोक देंगे और उन पर भी वह सख्त कार्रवाई करवायेंगें , क्योंकि वह उनकी प्रभारी है और यदि ठेकेदार द्वारा भी तय सीमा में उन्हें काम करके नहीं दिया जाता है तो वह भी उन्हें ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई करवायेंगे।

सभी प्रस्ताव पर बनी सहमति- भारती सुरजीत ठाकुर

नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर द्वारा बताया गया कि जो नगर पालिका परिषद की बैठक में 29 प्रस्ताव लाए गए थे, उन सभी 29 प्रस्ताव पर सहमति बन गई है और सभी प्रस्ताव पास हो गए हैं वही एक प्रस्ताव जिसमें गुजरी की लगभग 35 दुकान को पट्टा जारी करने के विषय में संज्ञान लिया है और जल्द ही वह कलेक्टर से चर्चा कर उन्हें पट्टा जारी करने का काम किया जायेगा।

नगर पालिका ने किया त्रुटि पूर्ण बजट पेश

1 अरब 56 करोड़ का नगर पालिका ने त्रुटि पूर्ण बजट किया पेश 2 दिन के अंदर सुधारी जाएगी त्रुटियां

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका की परिषद में नगर पालिका द्वारा इस सत्र का बजट भी पेश किया गया, यह बजट एक अरब 56 करोड रुपए का नगर पालिका द्वारा जारी किया गया है, किंतु इस बजट में कुछ त्रुटि होने की वजह से इसे दो दिनों के अंदर संशोधित कर हा सभी को भेजा जाएगा, वहीं इस बजट को लेकर विपक्ष के कुछ पार्षदों द्वारा सवाल खड़े करते हुए ,इस बजट को त्रुटि पूर्ण बजट बताया है और कहा की इसमें बहुत सारे ऐसे प्रस्ताव है जो कि इस बजट में शामिल नहीं किए गए हैं और बहुत से ऐसे काम है जो इस बजट में नहीं जोड़े गए हैं, इस कारण इसे पुन: संशोधित कर पेश किया जायेगा।

आपको बता दे की नगर पालिका बालाघाट द्वारा आयोजित 11 मार्च को परिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष का बजट पेश किया गया, यह बजट नगर पालिका का सबसे भारी भरकम बजट माना जा रहा है, यह लगभग एक अरब 56 करोड़ रूपये का शहर विकास को लेकर बजट जारी किया गया है, जिस पर विपक्ष द्वारा सवाल उठाते हुए यह कहा जा रहा है कि यह भारी भरकम बजट त्रुटि पूर्ण बजट है, इसमें बहुत सारी शहर विकास को लेकर योजनाएं शामिल नहीं की गई है ,तो वही बहुत सारे काम ऐसे भी हैं जो इस बजट में नहीं सम्मिलित किए गए हैं और इस परिषद की बैठक में विरोध करने पर संशोधन करने की बात कहकर 2 दिन बाद सभी परिषद के सदस्यों को देने की बात नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कही गई है।

बजट के पहले ही पृष्ठ पर निकली त्रुटियां - योगराज लिल्हारे

योगराज लिल्हारे द्वारा बताया गया की बजट के पहले ही पृष्ठ पर त्रुटियां निकल रही है जिस पर स्वयं परिषद ने भी माना की जल्दबाजी की वजह से इस प्रकार की त्रुटि हुई है, जिसे संशोधित करके पहले पृष्ठ को तो नपा ने बुला लिया, किंतु नेता प्रतिपक्ष द्वारा कहा गया कि सिर्फ सामने के पहले पेज में संशोधन करने से कुछ नहीं होगा, बल्कि जब सामने की राशि में संशोधन होगा तो निश्चित ही अंदर के आंकड़ों में भी फेरबदल करना पड़ेगा।

बजट में बहुत सारी कमियां थी - शफकत खान

विधायक प्रतिनिधि शफकत खान द्वारा बताया गया कि आज जो नगर पालिका की परिषद की बैठक में आम बजट पेश किया गया है, उसमें नगर विकास से लेकर नगर पालिका ने जो प्रावधान रखे हैं ,उसमें बहुत सारी जगह कमियां थी और जो काम नगर पालिका द्वारा करवाए जाने हैं, उन सब

कामो का उल्लेख भी नहीं किया गया था , इन सब बातों को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा इस बजट में संशोधन करने की बात कही गई है और कुछ संशोधन तो तुरंत में किया भी गया था , किंतु संशोधन के साथ-साथ इस बजट में पूर्ण संशोधन होना था ,इस वजह से इस बजट में संशोधन के लिए दो दिन का समय लिया गया है और वह पूर्ण संशोधन कर इस बजट की कॉपी को सभी को दे दी जाएगी।

तय समय सीमा के पहले ही बजट की बुकलेट दे दी जाती, तो त्रुटियां नहीं होती- आशुतोष



वार्ड पार्षद आशुतोष द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कुछ दिन पहले ही नगर पालिका पर यह आरोप लगाए गए थे, कि उनके द्वारा जो नगर पालिका परिषद की बैठक के प्रस्ताव और जो आम बजट पेश किया जाना है उसकी जानकारी व बुकलेट को तय समय सीमा के अनुसार सभी को दे देना चाहिए था, किंतु नगर पालिका द्वारा ऐसा नहीं किया गया और अंतिम समय पर उन्हें प्रस्ताव की कापी और बजट की बुकलेट दे दी गयी , जिस कारण से आज यह त्रुटियां सामने आई है , यदि नगर पालिका द्वारा तय समय सीमा के पहले ही उन्हें बजट की बुकलेट दे दी जाती, तो यह सब त्रुटियां आज बजट में नहीं होती और इन सभी त्रुटियो का सुधार समय से पहले ही कर लिया जाता।

डेढ़ अरब का बजट परिषद की बैठक में पास हो गया है - भारती सुरजीत ठाकुर

नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर

द्वारा बताया गया कि आज परिषद की बैठक में बजट भी पेश किया गया है जो कि डेढ़ अरब का यह बजट है वह परिषद की बैठक में पास हो गया है और कुछ संशोधन और त्रुटियों के कारण इसमें दो दिन का समय लिया गया है और जल्द ही बजट के कुछ आंकड़ों को सुधार कर परिषद के सभी सदस्यों को बजट की कॉपी दे दी जाएगी।

स्कूटी की ठोकर से महिला घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर के बस स्टैंड समीप बैहर रोड पर स्कूटी एक महिला को ठोस मारकर फरार हो गई। मोटरसाइकिल की ठोकर से घायल महिला रुबीना खान पति सलीम खान 35 वर्ष ग्राम चंद्रपुरी थाना लालबर्रा निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रुबीना खान अपने पति सलीम खान के साथ मजदूरी करती है। 10 मार्च को 1:00 बजे रुबीना खान अपनी जेठानी जमीला खान के साथ अपने गांव चदपुरी से बस में बालाघाट बस स्टैंड आई थी और बालाघाट बस स्टैंड से पैदल रजानगर अपनी मौसी से मिलने के लिए जा रही थी। तभी बस स्टैंड समीप पीछे से तेज रफ्तार से आ रही स्कूटी रुबीना खान को ठोस मारकर फरार हो गई। स्कूटी की ठोकर से रुबीना खान घायल हो गई। जिसे तुरंत ही जिला अस्पताल बालाघाट में लाकर भर्ती किया गया।

मोटरसाइकिल की ठोकर से गंभीर रूप से घायल 4 वर्षीय बालक की मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले के सोनगुड्डा पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले ग्राम दुल्हापुर में एक चार वर्षीय बालक मोटरसाइकिल की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने मृतक बालक महेश पिता ईशलाल धुर्वे 4 वर्ष की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दुल्हापुर निवासी ईशलाल धुर्वे जो अपने परिवार के साथ मजदूरी करते हैं। 10 मार्च की शाम 6:00 बजे करीब ईश लाल का बेटा महेश धुर्वे अपने घर के सामने खेल रहा था तभी वहा से गुजर रहे गांव के ही गनपत उइके के द्वारा तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चलाने से महेश धुर्वे मोटरसाइकिल की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल बालक महेश धुर्वे को परिवार वालों ने 108 एंबुलेंस से सोनगुड्डा के अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बालक महेश धुर्वे को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान 11 मार्च को सुबह बालक महेश धुर्वे की मौत हो गई ।जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक गिरधारी बिसेन ने मृतक बालक महेश धुर्वे की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायक कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस चौकी सोनगुड्डा। भिजवा दिये है।

कार की ठोकर से सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले गर्रा चौक में मोटरसाइकिल की ठोकर से एक वृद्ध घायल हो गया। घायल वृद्ध मुन्नालाल पिता उड़कुड़ा सुखदेवे 64 वर्ष ग्राम खैरलांजी निवासी है ।जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्नालाल सुखदेवे सहायक अध्यापक के पद से सेवा निवृत कर्मचारी है और वे अपने परिवार के साथ खैरलांजी में रहते हैं।11 मार्च को 12:00 बजे करीब मुन्नालाल सुखदेवे अपने बेटे शुभम सुखदेवे के साथ मोटरसाइकिल में कलेक्टर कार्यालय बालाघाट अपने किसी काम से आ रहे थे। घर में खाना नहीं खाने के कारण गर्रा चौक में नाश्ता करने के लिए रुके और नाश्ता करने के बाद बालाघाट आने के लिए मोटरसाइकिल के पास पैदल जा रहे थे। तभी वहा से गुजर रही कार मुन्नालाल सुखदेवे को ठोस मारकर फरार हो गई। कार की ठोकर से मुन्नालाल सुखदेवे घायल हो गए। जिन्हें उन्हीं के बेटे शुभम सुखदेवे ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर इलाज करवाया।

किराये से देना है
दो हॉल 2500 वर्गफीट
एक दुकान 200 वर्गफीट
संपर्क -डॉ.एस.एस.पिछोड़े
(दंत रोग विशेषज्ञ)
डॉक्टर्स कॉलोनी बूढ़ी, बालाघाट
मो. 9300098851

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट